शनिवार, 21 मार्च 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 17 – 28 |
| आर्द्रता | 75% |
| सूर्योदय: 05:41 | सूर्यास्त: 17:48 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा





सीबीडीटी ने सरल आयकर कानून के लिए नियमों को अधिसूचित किया, एक अप्रैल से होंगे प्रभावी पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष तृतीया, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : हर शाम सिर्फ सूरज ही नहीं ढलता, आपकी अनमोल जिंदगी भी ढलती है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# ममता ने चौथी बार सरकार बनने पर दुआरे चिकित्सा से लेकर सबको पक्का मकान देने का किया वादा

## विधानसभा चुनाव के लिए टीएमसी का चुनावी घोषणापत्र जारी

- हर घर नल से जल पहुंचाने और 7 से 10 नए जिले बनाने का वादा
- बड़ी लोकलुभावन योजनाओं से इस बार परहेज



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी कर दिया। अपने कालीघाट स्थित आवास से घोषणापत्र जारी करते हुए ममता ने इस बार 10 पतिज्ञा का वादा किया है। प्रमुख घोषणाओं में ममता ने इस बार राज्य में लगातार चौथी बार तृणमूल की सरकार बनने पर दुआरे राशन व दुआरे सरकार की तर्ज पर अब दुआरे चिकित्सा का वादा किया है। ममता ने कहा कि इस बार हम 'दुआरे चिकित्सा' (घर-घर स्वास्थ्य सेवाएं) शुरू करेंगे। इसके तहत हर बूथ व ब्लाक स्तर पर राज्य सरकार द्वारा 'दुआरे चिकित्सा' शिविर लगाए जाएंगे। साथ ही कहा कि आने वाले वर्षों में सभी कच्चे घर पक्के बनेंगे।

इसके अलावा अगले एक-दो वर्षों में सभी घरों में नल से पानी का कनेक्शन पहुंचाने का ममता ने वादा किया। ममता ने कई हजार माडर्न स्कूल बनाने का भी वादा किया। स्वास्थ्य व शिक्षा पर जोर देते हुए ममता ने कहा कि हजारों स्कूलों को ई-लर्निंग सुविधाओं के साथ माडर्न बनाया जाएगा। शिक्षकों की भी बहाली होगी। ममता ने भाजपा का नाम लिए बिना कहा कि कई लोग कोर्ट में केस कर देते है, उनकी वजह से शिक्षकों को दिक्कत होती है और हजारों नई भर्तियां रुकी हुई है। ममता ने तृणमूल सरकार फिर से आने पर राज्य में सात से 10 नए जिले बनाने का भी वादा किया।

ममता ने कहा कि पिछले 15 सालों में हमारी सरकार ने सात नए जिले बनाए हैं। आने वाले दिनों में हम सात से 10 और नए जिले, कई ब्लाक व अनुमंडल और यहां तक कि कई नई नगर पालिकाएं भी बनाएंगे।

हालांकि इस बार के घोषणापत्र में ममता ने कोई बड़ी लोकलुभावन घोषणाएं नहीं की है। ममता ने इसके साथ ही कहा कि महिलाओं के लिए लक्ष्मी भंडार योजना कभी बंद नहीं होगी। ममता ने कहा कि लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत महिलाओं को हर माह मिलने वाले भत्ते में हमारी सरकार ने पिछले महीने ही 500 रुपये की वृद्धि की है। इस योजना के तहत सामान्य वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये और एससी-एसटी वर्ग की महिलाओं को 1,700 रुपये मिल रहे हैं। जो युवा बेरोज़गार हैं उन्हें हर महीने 1,500 रुपये पाकेट मनी के तौर पर मिलेंगे। इसके लिए फरवरी में इस बार के अंतरिम बजट में राज्य सरकार ने युवाश्री योजना की घोषणा की थी।

ममता ने इस दौरान लोगों से अपील की कि बंगाल को बचाने के लिए एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ लड़ें। अगर केंद्रीय एजेंसियां आपको डराने की कोशिश कर रही हैं, तो डरें नहीं। अगर वे आपको पैसे देने की कोशिश कर रहे हैं, तो न लें। ममता ने आरोप लगाया कि वे (भाजपा) चुनाव में इस्तेमाल के लिए बार्डर इलाकों से पैसा और हथियार, माफिया ला रहे हैं, यहां अशांति और दंगे कराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसीलिए भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग ने राज्य के सभी वरिष्ठ आइपीएस व आइएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। केंद्र सरकार व भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए ममता ने कहा कि मैं बांटने वाली राजनीति नहीं करतीं। हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सब एक जैसे हैं। ममता ने यह भी दावा किया कि केंद्र सरकार ज्यादा दिन नहीं टिकेगी और गिर जाएगी।

### प्रीमियम पेट्रोल दो रुपये, औद्योगिक डीजल 22 रुपये लीटर महंगा

**नयी दिल्ली :** प्रीमियम या उच्च श्रेणी के पेट्रोल की कीमत में शुक्रवार को दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई, जबकि औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को बेचे जाने वाला थोक डीजल लगभग 22 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। यह वृद्धि पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक तेल कीमतों में आए उछाल के बीच हुई है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा। उद्योग जगत के सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रीमियम 95-ऑक्टेन पेट्रोल की कीमत 99.89 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 101.89 रुपये कर दी गई है। इसके साथ ही, दिल्ली में थोक या औद्योगिक डीजल की कीमतें 87.67 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 109.59 रुपये कर दी गई हैं।

### अवैध जुआ, सट्टेबाजी पर सरकार की बड़ी कार्रवाई, 300 वेबसाइट और ऐप ब्लॉक

**नयी दिल्ली :** सरकार ने अवैध जुआ और सट्टेबाजी की वेबसाइट के खिलाफ एक बड़े अभियान के तहत ऐसी 300 वेबसाइट और एप्लीकेशन को ब्लॉक कर दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। ब्लॉक की गई वेबसाइट और ऐप ऑनलाइन स्पोर्ट्स सट्टेबाजी मंच, ऑनलाइन कैसीनो और सट्टा बाजारों की तरह काम करने वाले 'बेटिंग एक्सचेंज' से संबंधित हैं। सूत्रों ने बताया कि सट्टा/मटका जुआ नेटवर्क और 'रियल-मनी' कार्ड एवं कैसीनो गेम ऐप पर भी कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अवैध जुआ और सट्टेबाजी की वेबसाइट पर कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसी 300 वेबसाइट और एप्लीकेशन को ब्लॉक कर दिया है।

### रुपया 64 पैसे लुढ़ककर अब तक के सबसे निचले स्तर 93.53 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया शुक्रवार को 64 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ अब तक के सबसे निचले स्तर 93.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने के बीच विदेशी पूंजी की सतत निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल से रुपये पर दबाव है। मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण निवेशकों का भरोसा कम होने से रुपये में गिरावट आई है।

## पीएसीएल मामला: ईडी की नयी कार्रवाई, एक ही मामले में सर्वाधिक 22,000 करोड़ रु की संपत्ति जब्त

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चंडीगढ़ स्थित पीएसीएल (पर्ल्स ग्रुप) के खिलाफ धनशोधन की जांच के दौरान जब्ती की नयी कार्रवाई की है और इस मामले में कुल 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। यह आंकड़ा एजेंसी द्वारा एक ही मामले में अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है। पीए-सीएल पर 48,000 करोड़ रुपये की पोंजी योजना में गड़बड़ी का आरोप है। ये 126 अचल संपत्तियां पंजाब और दिल्ली में स्थित हैं। ईडी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि इन संपत्तियों को जब्त करने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया गया है। इन संपत्तियों का मूल्य 5,046.91 करोड़ रुपये है। ईडी ने बताया कि इस जब्ती के साथ, एजेंसी ने अब तक पीएसीएल और उसकी संबंधित संस्थाओं एवं उनसे जुड़े व्यक्तियों की कुल 22,656.91 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त कर ली हैं, जिनमें




भारत और विदेशों में स्थित संपत्तियां शामिल हैं। एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि यह एक ही मामले में अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है और धनशोधन निवारण प्रणाली के तहत ईडी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ईडी की 2016 की जांच 2014 में दर्ज सीबीआई मामले से उत्पन्न हुई है, जो पीएसीएल लिमिटेड, इसके दिवंगत प्रवर्तक निर्मल सिंह भंगू और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर यह प्राथमिकी दर्ज की थी। भांगू का निधन अगस्त 2024 में हो गया था। ईडी के अनुसार, पीएसीएल की आरोपी संस्थाओं और व्यक्तियों ने एक ''अवैध'' सामूहिक निवेश योजना चलाई, जिसके तहत कृषि भूमि की बिक्री और विकास के बहाने भारत भर के लाखों निवेशकों से धोखाधड़ी करके 60,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई गई। ईडी ने बताया कि निवेशकों को नकद अग्रिम भुगतान और किस्त भुगतान योजनाओं के माध्यम से निवेश के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें भ्रामक दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया, जिनमें समझौते, पावर ऑफ़ अटॉर्नी और अन्य कानूनी उपाय शामिल थे। एजेंसी ने बताया, ''अधिकांश मामलों में कोई भूमि कभी नहीं सौंपी गई और लगभग 48,000 करोड़ रुपये निवेशकों को अब भी लौटाए गए हैं।'' वर्ष 2016 में दर्ज मामले के तहत ईडी द्वारा अब तक पांच आरोप-पत्र दाखिल किये जा चुके हैं।

### व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता का सम्मान होना चाहिए: भारत

**लंदन :** पश्चिम एशिया में बिगड़ते हालात पर गहरी चिंता जताते हुए भारत ने बातचीत के जरिए तनाव कम करने का आह्वान किया है। भारत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार व्यापारिक जहाजों के नौवहन अधिकारों और स्वतंत्रता का सम्मान किया जाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) परिषद के 36वें असाध-ारण सत्र को संबोधित करते हुए ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने कहा कि वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाना और चालक दल की सुरक्षा को खतरे में डालना अस्वीकार्य है। आईएमओ परिषद के इस दो दिवसीय सत्र में अरब सागर, ओमान सागर और खाड़ी क्षेत्र, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास समुद्री जहाजों और नाविकों पर पड़ रहे प्रभावों पर चर्चा की गई। दोरईस्वामी ने कहा, भारत मौजूदा स्थिति को लेकर बेहद चिंतित है और कूटनीति तथा बातचीत के जरिए तनाव कम करने की अपील करता है। नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# ममता बनर्जी भाजपा पर बेबुनियाद आरोप लगा रही हैं : शमिक भट्टाचार्य

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का आरोप-कानून-व्यवस्था ध्वस्त, रोजगार के मोर्चे पर भी नाकाम राज्य सरकार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस भाजपा को बदनाम करने के लिए निराधार आर-ोप लगा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय राज्य में अशांति फैलाने के लिए बाहरी लोगों को लाए जाने संबंधी मुख्यमंत्री का बयान राजनीतिक निराशा का परिणाम है। साल्टलेक स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री के आरोपों में सच्चाई है, तो यह राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। उन्होंने पूछा कि अगर बाहरी लोग राज्य में प्रवेश कर रहे हैं और अशांति फैलाने की योजना बना रहे हैं, तो पुलिस और प्रशासन उन्हें रोकने में विफल क्यों है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस को आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी हार की आशंका है, इसलिए जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस प्रकार के बयान दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक अनुभवी नेता होने के बावजूद ममता बनर्जी ऐसे बयान देकर राजनीतिक माहौल को भड़काने की कोशिश कर रही हैं। शमिक भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि चुनाव के दौरान यदि कोई अप्रिय घटना होती है, तो तृणमूल कांग्रेस भाजपा और चुनाव आयोग पर दोष मढ़ने की कोशिश कर सकती है। इसके साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा कार्यकर्ताओं और पत्रकारों पर हुए हमलों के मामलों में अब तक कितनी प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और कितने आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

# मर्चेंट नेवी के कैप्टन की होर्मुज जलडमरूमध्य के पास मौत

## परिजनों ने शव वापस लाने में मदद मांगी



**रांची :** होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट तेल ले जा रहे एक वाणिज्यिक जहाज पर सवार मर्चेंट नेवी के कैप्टन राकेश रंजन की मौत हो गई। उनके परिवार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी तथा केंद्र और झारखंड सरकार से उनके शव को वापस लाने में मदद करने का आग्रह किया। रांची निवासी रंजन (43) एक निजी कंपनी के स्वामित्व वाले पोत 'एएसपी अवाना- आरपीएसएल-एमयूएम-172' पर दो फरवरी को सवार हुए थे। उनके परिवार के अनुसार, रंजन की मृत्यु 18 मार्च को कथित तौर पर दिल का दौरा पड़ने के कारण हुई। परिवार ने दावा किया कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण क्षेत्र में आवागमन रुकने के बाद से जहाज 28 फरवरी से होर्मुज जलडमरूमध्य से लगभग 14 समुद्री मील दूर फंसा हुआ था। रंजन के बड़े भाई उमेश सिंह ने कहा, ''मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध करता हूं कि वे मेरे भाई के शव को जल्द से जल्द वापस लाने में मदद करें। कंपनी को भी उनके वित्तीय बकाया और अन्य लाभों के भुगतान में कोई बाधा नहीं डालनी चाहिए और सरकार को इस मामले की निगरानी करनी चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, मैं केंद्र सरकार, दुबई स्थित भारतीय दूतावास और कंपनी से आग्रह करता हूं कि वे मेरे भाई का शव जल्द से जल्द हमें सौंप दें।'' सिंह ने बताया कि शव को वापस लाने में सहायता के लिए मुख्यमंत्री सोरेन और रांची से सांसद संजय सेठ को पत्र भेजे गए हैं। सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''मेरा छोटा भाई जहाज का कैप्टन था। 18 मार्च को कंपनी ने हमें सूचित किया कि बेहोश होने के बाद वह अपनी कुर्सी से गिर गया था और उसे चिकित्सा सहायता प्रदान करने के प्रयास किए गए। हालांकि, उसे विमान से भेजने की अनुमति नहीं दी गई। बाद में उसे नौका से दुबई के पोर्ट राशिद ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।'' उन्होंने कहा कि संभवतः हृदय गति रुकने से उसकी मृत्यु हुई है।

## पति को घर के कामकाज में समान रूप से हाथ बंटाना होगा, घरेलू सहायिका से नहीं की है शादी: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि पति को खाना पकाने, घर की साफ-सफाई करने और कपड़े धोने जैसे घरेलू कामकाज में समान रूप से हाथ बंटाना होगा क्योंकि उसने किसी घरेलू सहायिका से नहीं, बल्कि जीवन संगिनी से शादी की है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह टिप्पणी की, जो कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने संबंधी एक याचिका पर सुनवाई कर रही है। उच्च न्यायालय ने क्रूरता के आधार पर तलाक को मंजूरी देने संबंधी अधीनस्थ अदालत के आदेश को रद्द कर दिया था। उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता व्यक्ति के वकील ने दलील दी कि दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता विफल रही। वकील ने कहा कि उन दोनों का विवाह मई 2017 में हुआ था और 2019 से वे अलग रह रहे हैं। वकील ने कहा, ''मैं (व्यक्ति) तलाक चाहता हूं। अधीनस्थ अदालत ने क्रूरता के आधार पर तलाक को मंजूरी दे दी।'' पीठ ने सवाल किया कि इस मामले में कथित क्रूरता क्या थी? व्यक्ति (पति) की ओर से पेश वकील ने कहा कि महिला अनुचित व्यवहार कर रही थी और खाना नहीं पका रही थी। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा, ''आपको इन सब चीजों में समान रूप से हाथ बंटाना होगा। खाना पकाना, घर की साफ-सफाई करना, कपड़े धोना, हर चीज। समय बदल चुका है।''

# ईरान ने कुवैती तेल रिफाइनरी पर हमला किया, इजराइल ने तेहरान पर की बमबारी

## इजराइल ने ईरान के प्रमुख गैस क्षेत्र पर हमले रोकने का किया वादा



**दुबई :** ईरान ने शुक्रवार तड़के कुवैत की एक तेल रिफाइनरी पर ड्रोन से हमला किया और इजराइल में हमलों की चेतावनी के रूप में सायरन बजने लगे। वहीं, फारसी नववर्ष के अवसर पर तेहरान में इजराइली हमलों से भयावह विस्फोटों की आवाज सुनाई दी। वैश्विक अर्थव्यवस्था को हिला देने वाला यह युद्ध तीसरे सप्ताह के अंत के करीब पहुंच गया है और ईरान खाड़ी क्षेत्र की ऊर्जा संरचना पर अपने हमलों में कोई कमी करता नहीं दिख रहा। कुवैत ने कहा कि मीना अल-अहमदी तेल रिफाइनरी पर सिलसिलेवार ढंग से दो बार हुए ड्रोन हमलों के कारण आग लग गई और दमकलकर्मी आग पर काबू पाने के लिए काम कर रहे हैं। यह रिफाइनरी बृहस्पतिवार को ईरान के एक अन्य हमले में पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, जिसकी क्षमता प्रतिदिन लगभग 7,30,000 बैरल तेल शोधित करने की है। यह फारस की खाड़ी में स्थित छोटे एवं तेल-समृद्ध राष्ट्र कुवैत में स्थित तीन तेल रिफाइनरियों में से एक है। फारस की खाड़ी स्थित ईरान के विशाल साउथ पार्स अपतटीय प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर बुधवार को इजराइल द्वारा बमबारी किए जाने के बाद ईरान ने खाड़ी अरब देशों में ऊर्जा ठिकानों पर अपने हमले तेज कर दिए। इजराइली सेना द्वारा ईरानी मिसाइल दिखने की चेतावनी जारी किए जाने के बाद यरुशलम में भी जोरदार धमाके सुने गए। ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने एक दुर्लभ बयान में कहा कि ईरान के दुश्मनों को मिट्टी में मिलाने की जरूरत है। मोजतबा खामेनेई युद्ध के पहले दिन इजराइल के हमले में मारे गए अपने पिता, 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की जगह लिए जाने के बाद से नज़र नहीं आए हैं। उनकी यह टिप्पणी उनकी ओर से राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान को भेजे गए एक बयान में आई। उन्होंने यह टिप्पणी इजराइल द्वारा इस सप्ताह की शुरुआत में ईरान के खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब को मार दिए जाने के बाद की। दुबई भारी विस्फोटों से तब दहल गया जब शहर में लोग रमजान महीने के समापन का त्योहार ईद अल-फितर मना रहे थे और जब मस्जिदों में दिन की पहली नमाज अदा की गई। बहरीन के गृह मंत्रालय ने कहा कि रोके गए एक हवाई अस्त्र के छर्रे एक गोदाम पर गिरने के बाद आग लग गई। वहीं, सऊदी अरब ने कहा कि उसने देश के तेल-समृद्ध पूर्वी प्रांत को निशाना बनाने वाले कई ड्रोन को मार गिराया। इजराइल ने ईरान के प्रमुख प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर और हमले नहीं करने का वादा किया है। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में तेल और प्राकृतिक गैस प्रतिष्ठानों पर हमले तेज कर दिए हैं। इस बढ़ते संघर्ष का वैश्विक ऊर्जा बाजारों और अर्थव्यवस्था में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। इन हमलों के बाद ईंधन के दामों में तेजी से वृद्धि हुई और ईरान के पड़ोसी अरब देशों के युद्ध में सीधे उतरने का खतरा बढ़ गया है।

### ईरान ने विश्व के पर्यटन स्थलों पर हमले की धमकी दी, कहा-अब भी बना रहे मिसाइलें

ईरान ने विश्व भर में मनोरंजन और पर्यटन स्थलों को निशाना बनाने की धमकी दी और इस बात पर ज़ोर दिया कि वह अब भी मिसाइलें बना रहा है। वहीं, इसके सर्वोच्च नेता ने एक और चेतावनी भरा बयान जारी किया। इस बीच, अमेरिका पश्चिम एशिया में तीन अतिरिक्त युद्धपोत और लगभग 2,500 अतिरिक्त मरीन सैनिकों की तैनाती करने जा रहा है। शुक्रवार को मनोरंजन और पर्यटन स्थलों पर हमलों की ईरान की धमकी अमेरिका और इज़राइल के साथ जारी उसके संघर्ष के लगभग तीन सप्ताह बाद आई है, जिसमें तेहरान के कई शीर्ष नेता मारे गए हैं और उसके हथियार एवं ऊर्जा उद्योगों को भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान ने इजराइल और पड़ोसी खाड़ी अरब देशों में स्थित ऊर्जा संयंत्रों पर हमले किए, वहीं इजराइल ने तेहरान को निशाना बनाया। ये हमले ऐसे समय हुए जब लोग रमजान महीने के पूरा होने पर ईद मनाने की तैयारियों में लगे थे, तथा ईरान में नवरोज का त्योहार मनाया जा रहा था।

### विदेश मंत्रालय ने कहा, विभिन्न घटनाओं में छह भारतीयों की जान गई

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि ''विभिन्न घटनाओं'' में छह भारतीय नागरिकों की जान चली गई, जबकि एक अब भी लापता है। यहां अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के अपर सचिव (खाड़ी) असीम आर महाजन ने कहा, ''हमें 18 मार्च को रियाद में हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की मृत्यु की कल देर रात सूचना मिली।'' हालांकि, उन्होंने इस मृत्यु के कारणों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने कहा, ''हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। रियाद स्थित हमारा दूतावास परिवार के संपर्क में है और पार्थिव शरीर को शीघ्र भारत वापस लाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है।'' शुक्रवार को रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने भी कहा कि हाल की घटनाओं के कारण 18 मार्च को सऊदी अरब में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई।



## चंडीगढ़ तक पहुंची गैंगवार की तपिश

सिटी ब्यूटीफुल के नाम से मशहूर शहर चंडीगढ़ कुछ समय पहले तक, अपनी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के लिये मशहूर रहा है। इस शहर को लंबे समय तक हिंसा व अपराधों से सुरक्षित माना जाता रहा है। लेकिन विडंबना है कि अब यह तेजी से असुरक्षित होता जा रहा है। पिछले दिनों चंडीगढ़ का पॉश इलाका माने जाने वाले सेक्टर नौ में एक युवा प्रॉपर्टी डीलर की दिनदहाड़े हुई चौंकाने वाली हत्या ने शहर की शांति व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाया। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा की सावधानीपूर्वक बनायी गई इस केंद्रशासित प्रदेश की छवि को धूमिल किया है। निस्संदेह, इस केंद्र शासित प्रदेश के सबसे समृद्ध और सुरक्षित इलाकों में से एक सेक्टर में, इस तरह की सरेआम निर्मम हत्या होना न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह बेहद गंभीर अपराध बढ़ने का संकेत भी देता है। शुरुआती रिपोर्टों में इस अपराध को गैंगस्टरों की आपसी दुश्मनी से जोड़ कर देखा जा रहा है। जिसमें लकी पटियाला और बबीहा गैंग जैसे नामों का जिक्र सामने आया है। यह हत्याकांड एक चिंताजनक प्रवृत्ति को रेखांकित करता है कि अब संगठित अपराध उन शहरी केंद्रों में लगातार बढ़ रहे हैं, जिन्हें कभी इस तरह की गैंगवार से अछूता समझा जाता था। माना जाता रहा है कि चंडीगढ़ पुलिस यथाशीघ्र अपराध की जड़ तक पहुंचकर अपराधियों पर शिकजा कसने में सफल रहती है। यह चौंकाने वाली बात है कि हाल के वर्षों में पंजाब में गैंगवार में होने वाली हिंसा और जबरन वसूली के रैकेट में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। जिसका सबसे प्रमुख उदाहरण मशहूर सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या है। निस्संदेह, सेक्टर नौ में दिनदहाड़े हुई हत्या से साल 2017 में हुए आकांक्षा सेन हत्याकांड की टीस एक बार फिर उभर आई। यह भी एक ऐसा ही हाई-प्रोफाइल मामला था। जिसमें न्याय मिलने में लगातार हुई देरी के कारण आज भी लोगों के मन में गहरी कसक व्याप्त है। निस्संदेह, दोनों ही हत्याकांडों से जुड़ी समानताएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। मसलन, अपराध सार्वजनिक रूप से हुए हैं। जिससे अपराध को रोकने की पुलिस की क्षमता पर सवाल उठाए गए हैं। इसमें एक सवाल जवाबदेही का भी है।

वास्तव में इस तरह सरेआम दिन दहाड़े होने वाले अपराध सार्वजनिक विमर्श में कई संवेदनशील सवालों को जन्म देते हैं। इस घटना से जुड़ा सबसे चिंताजनक पहलू है हत्याकांड में शामिल रहे अपराधियों का दुस्साहस। निर्विवाद रूप से सार्वजनिक स्थल के बाहर दिन-दहाड़े की गई हत्या बताती है कि ये अपराधियों में कानून-व्यवस्था के प्रति डर समाप्त होने का संकेत है। जिसके परिणामस्वरूप कानून प्रवर्तन की निवारक क्षमता कमजोर हो जाती है। निस्संदेह, इस तरह की घटनाओं को लेकर खुफिया जानकारी जुटाने, पुलिस समन्वय और ऐसे हमलों को रोकने की क्षमता पर भी गंभीर सवाल उठते हैं। कोई शक नहीं कि चंडीगढ़ को अब किसी भी तरह की लापरवाही का शिकार बनने नहीं दिया जा सकता। प्रशासन को प्रतिक्रियात्मक पुलिसिंग के बजाय सक्रिय और खुफिया जानकारी आधारित रणनीति अपनानी होगी। निश्चित रूप से ऐसे अपराधों पर तभी अंकुश लगाना संभव हो पाएगा, जब पुलिस का लक्ष्य आपराधिक गिरोहों, उनकी आर्थिक मदद करने वालों तथा उनके सहयोगियों के गठजोड़ को नेस्तनाबूद करना होगा। इसमें दो राय नहीं कि आपराधिक मामलों में तुरंत जांच, पुलिस की प्रत्यक्ष उपस्थिति और समय पर न्याय मिलने से न केवल जनता का विश्वास बहाल होगा, बल्कि शहरों को आने वाले समय में ऐसे गैंगवार से जुड़ी हिंसा से भी बचाया जा सकेगा। निस्संदेह, नई तकनीक और इंटरनेट आधारित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये हाइटैक पुलिस की जरूरत होगी। नई तकनीक जहां अपराधियों का हथियार बनती है, वहीं उन पर शिकंजा कसने में मददगार हो सकती है। बशर्ते इन संसाधनों का उपयोग सावधानी व तत्परता से किया जाए। तब अपराधियों की गैंगवार पर नकेल डालने में खुफिया जानकारी और आधुनिक तकनीक खासी मददगार हो सकती हैं। सिटी ब्यूटीफुल में कानून व्यवस्था की खूबसूरती बचाने के लिये जरूरी कदम उठाने की सख्त जरूरत है। निस्संदेह, यही वक्त की मांग भी है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 21 मार्च, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, चैत्र शुक्लपक्ष तृतीया, 23:56 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 24:37 तक, योग : इंद्र, 18:52 तक, सूर्योदय: 05:41, सूर्यास्त: 17:48, चन्द्रोदय : 06:53, चन्द्रास्त: 20:13, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 08:43 से 10:13

## राशिफल

**मेष :** लाभ भाव में बुधदेव के मार्गी होने से आप क्लाइंट मीटिंग्स, तकनीकी प्रोजेक्ट्स और टीम वर्क में आसानी से काम कर पाएंगे। अब काम में ठहराव का दौर खत्म हो चुका है।

**वृष :** वरिष्ठ अधिकारियों और ड्राइवरों के साथ बातचीत आज काफी स्पष्ट रहेगी। काम में आ रही तकनीकी खामियां अब दूर होने लगेंगी। बड़ी छलांग लगाने के लिए आज का दिन उत्तम है।

**मिथुन :** कामकाज में आ रही बाधाएं अब दूर हो गई हैं। प्रकाशन, प्रसारण या विदेशी कार्यों से जुड़े प्रोजेक्ट्स अब गति पकड़ेंगे। बैंकिंग और शिक्षा से जुड़े मामलों में सुधार होगा।

**कर्क :** परिवर्तन के भाव में बुधदेव की सीधी चाल आपकी योजना को सफल बनाएगी। अपने विचार वरिष्ठों के सामने रखें, आपकी बातों को गंभीरता से सुना जाएगा।

**सिंह :** सप्तम भाव में बुधदेव का मार्गी होना साझेदारी और क्लाइंट मीटिंगस को प्रभावशाली बनाएगा। अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों से संपर्क करने या अपने विचार साझा करने के लिए दिन अच्छा है।

**कन्या :** दैनिक कार्यकलापों में आ रही ब्लॉकेज अब खुल चुकी हैं। वरिष्ठों और मित्रों के साथ बातचीत अब बहुत प्रभावशाली रहेगी। आज का ध्यान समझौतों और दीर्घकालिक सुरक्षा पर रहेगा।

**तुला :** पेशेवर तौर पर आप बातचीत के दौर में हैं। बुधदेव की कृपा से आप अपने क्रिएटिव विचार टीम के सामने रख पाएंगे। आपके प्रयास ठोस परिणाम लेकर आएंगे।

**वृश्चिक :** बुधदेव के मार्गी होने से आपको अपने कार्यक्षेत्र और सिस्टम को व्यवस्थित करने की मानसिक स्पष्टता मिलेगी। उन कार्यों को व्यवस्थित करें जिनमें सटीकता की आवश्यकता है।

**धनु :** पेशेवर रूप से आप अपनी योजनाओं को बेचने में सफल रहेंगे। बुधदेव की सीधी चाल से आपकी पिच, प्रेजेंटेशन और ईमेल अब सही जगह पहुंचेंगे।

**मकर :** आप बुनियादी स्तर से सफलता की ओर बढ़ रहे हैं। धन भाव में बुधदेव के मार्गी होने से वेतन या संसाधनों से जुड़ी आपकी बातचीत सफल होगी।

**कुम्भ :** आपकी नेतृत्व शैली और विचार अब सही दिशा में काम करेंगे। महत्वपूर्ण ईमेल भेजने, अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने या मीटिंग्स का नेतृत्व करने के लिए आज के दिन का उपयोग करें।

**मीन :** पर्दे के पीछे चल रहे प्रोजेक्ट्स अब सामने आएंगे। ध्यान देने वाले कार्यों को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आर्थिक दृष्टि से आज का दिन विशेष है।

# परम शांतिदायक और कल्याणकारी चन्द्रघंटा स्वरूप



अशोक प्रवृद्ध

नवरात्रि के तीसरे दिन माता दुर्गा की तृतीय शक्ति चन्द्रघंटा स्वरूप की पूजन का विधान है। इनका स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी माना जाता है। देवी चन्द्रघंटा का नाम उनके मस्तक पर स्थित अर्द्धचन्द्र के कारण पड़ा है, जो मंदिर के घंटे (घंटी) के आकार का दिखाई देता है। इनका शरीर स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके दस हाथ हैं, जिनमें खड्ग, बाण, धनुष, त्रिशूल, गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र और कमंडल व माला सुशोभित हैं। देवी चन्द्रघंटा सिंह (शेर) पर सवार हैं, जो निर्भयता और साहस का प्रतीक है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए तत्पर रहने वाली है, फिर भी उनके चेहरे पर सौम्यता और शांति झलकती है। देवी चन्द्रघंटा की पौराणिक कथा मुख्य रूप से महिषासुर मर्दिनी प्रसंग से जुड़ी है। इसका सबसे विस्तृत वर्णन श्रीदुर्गा सप्तशती के महिषासुर वध खण्ड में मिलता है। प्राचीन काल में देवताओं और असुरों के बीच सौ वर्षों तक भीषण युद्ध चला। असुरों का स्वामी महिषासुर था और देवताओं के नायक इंद्र थे। इस युद्ध में महिषासुर ने देवताओं की सेना को पराजित कर दिया और स्वयं स्वर्ग का राजा इंद्र बन बैठा। सभी देवता अपनी जान बचाकर पृथ्वी पर विचरने लगे। पराजित देवता ब्रह्मा को साथ लेकर भगवान विष्णु और शिव के पास पहुंचे। उन्होंने देवताओं के कष्टों और महिषासुर के अत्याचारों की कथा सुनाई। देवताओं की व्यथा सुनकर भगवान विष्णु और शिव अत्यंत क्रोधित हुए। उसी क्षण शिव, विष्णु और ब्रह्मा के मुख से एक महान तेज अर्थात दिव्य प्रकाश प्रकट हुआ। अन्य देवताओं के शरीर से भी तेज निकलकर उसमें मिल गया। यह सारा तेज पर्वत के समान प्रज्वलित हो उठा, जिससे एक दिव्य नारी की आकृति बनी। सभी देवताओं ने उस आदिशक्ति को अपने-अपने अस्त्र-शस्त्र भेंट किए। भगवान शिव ने अपना त्रिशूल दिया। भगवान विष्णु ने अपना चक्र प्रदान किया। देवराज इंद्र ने अपना ऐरावत हाथी का एक घंटा उतारकर देवी को दिया। जब देवी युद्ध के लिए तैयार हुईं, तो उनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्द्धचंद्र सुशोभित हुआ। इसी कारण उन्हें चन्द्रघंटा कहा गया। जब उन्होंने अपने विशाल घंटे को बजाया, तो उससे उत्पन्न भयानक टंकार अर्थात ध्वनि ने दसों दिशाओं को गुंजायमान कर दिया। महिषासुर ने जब यह ध्वनि सुनी, तो वह क्रोधित होकर अपनी सेना के साथ देवी की ओर दौड़ा। देवी चन्द्रघंटा ने अपने अस्त्रों और घंटे की उस दिव्य ध्वनि से असुरों के मन में भय पैदा कर दिया। युद्ध में चिक्षुर, चामर और महाहनु जैसे महान असुर सेनापतियों को देवी ने अपने बाणों और खड्ग से समाप्त कर दिया। अंततः, देवी के इसी उग्र और वीर स्वरूप ने महिषासुर की सेना का दमन कर देवताओं को पुनः उनका स्वर्ग वापस दिलाया। यह पौराणिक कथा यह संदेश देता है कि सौम्यता और वीरता एक साथ रह सकती हैं। जहां उनका मुख शांति प्रदान करता है, वहीं उनके घंटे की ध्वनि शत्रुओं अर्थात नकारात्मक ऊर्जा का नाश करती है। इनकी उपासना से साधक में वीरता और निर्भयता के साथ-साथ सौम्यता का विकास होता है। मान्यता है कि इनकी पूजा करने से व्यक्ति के स्वर में दिव्य मधुरता आती है और एकाग्रता बढ़ती है। इनका पूजा मंत्र है- पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता।। साधना के दृष्टिकोण से माता चन्द्रघंटा का संबंध शरीर के मणिपूर चक्र से है। यह चक्र नाभि के ठीक पीछे रीढ़ की हड्डी में स्थित होता है। इसे शक्ति और संकल्प का केंद्र माना जाता है। इस साधना में सुनहरे या पीले रंग का विशेष महत्व है, जो तेज और



ओज का प्रतीक है। मणिपूर चक्र का मूल मंत्र 'रं' है। देवी के मंत्र के साथ इस बीज मंत्र का मानसिक जाप करना उत्तम माना गया है। चन्द्रघंटा से संबंधित मंत्र-ॐ देवी चन्द्रघण्टायै नमः का 108 बार जप करना अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है। एक अन्य प्रचलित मंत्र है-या देवी सर्वभूतेषु माँ चन्द्रघण्टा रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

इसके जाप से डरे और असुरक्षित साधक को अपार साहस और आत्मविश्वास प्राप्त होता है। मणिपूर चक्र जाग्रत होने से आलस्य दूर होता है और कार्य करने की अद्भुत शक्ति मिलती है। देवी की कृपा से साधक का स्वभाव विनम्र और वाणी मधुर हो जाती है। शारीरिक रूप से यह साधना पाचन तंत्र को मजबूत और ऊर्जावान बनाती है। साधना के समय अपने भीतर वीर रस और करुणा का संतुलन बनाए रखना उत्तम माना गया है। केवल क्रोध या केवल शांति नहीं, बल्कि इन दोनों का मेल ही चन्द्रघंटा साधना का मूल है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार देवी चन्द्रघंटा का संबंध शुक्र ग्रह से है। इनकी उपासना कुंडली में शुक्र के दोषों को दूर करने और शुभ फलों की प्राप्ति के लिए अचूक मानी जाती है। माता चन्द्रघंटा की साधना से शुक्र ग्रह की शांति होती है। शुक्र विलासिता, प्रेम, कला और भौतिक सुखों का कारक है। यदि कुंडली में शुक्र नीच का हो या पीड़ित हो, तो व्यक्ति के जीवन में सुख-सुविधाओं की कमी और संबंधों में कड़वाहट आने लगती है। माता चन्द्रघंटा की पूजा से शुक्र बलवान होता है, जिससे जीवन में ऐश्वर्य और समृद्धि आती है। चूंकि देवी का स्वरूप स्वर्ण के समान चमकीला है, उनकी साधना से साधक के व्यक्तित्व में एक विशेष प्रकार का आकर्षण पैदा होता है। ज्योतिषीय दृष्टि से यह तेज व्यक्ति को समाज में मान-सम्मान और प्रसिद्धि दिलाता है। शुक्र विवाह का नैसर्गिक कारक है। माता चन्द्रघंटा, जो स्वयं शक्ति का सौम्य रूप हैं, की कृपा से वैवाहिक जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता आती है और घर का कलह शांत होता है। कला, संगीत, अभिनय या डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए इनकी पूजा अत्यंत शुभ है। शुक्र प्रधान कार्यों में सफलता पाने के लिए तीसरे नवरात्रि पर माता की विशेष आराधना करनी चाहिए। यद्यपि माता चन्द्रघंटा शुक्र को नियंत्रित करती हैं, लेकिन उनका स्वरूप युद्ध के लिए तत्पर है, जो मंगल का गुण है। इसलिए जिन लोगों की कुंडली में मंगल दोष है या जिन्हें बहुत अधिक क्रोध आता है, उन्हें देवी की साधना से मानसिक शांति और संयम प्राप्त होता है। माता चन्द्रघंटा की आरती और कवच का पाठ साधना की पूर्णता के लिए अनिवार्य माना जाता है। आरती से भक्ति भाव जागृत होता है, जबकि कवच साधक के चारों ओर एक सुरक्षा घेरा निर्मित करता है। माता चन्द्रघंटा कवच नकारात्मक ऊर्जा, भय और शत्रुओं से रक्षा के लिए अत्यंत शक्तिशाली है। कवच का पाठ करने से व्यक्ति के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और उसे नजर दोष या बाहरी बाधाओं का डर नहीं रहता। आरती के समय अपने अहंकार को माता के चरणों में अर्पित करने का भाव रखना चाहिए। आरती के बाद यथाशक्ति श्वेत वस्तु जैसे मिश्री, बताशे या दूध का दान शुभ फल देता है।

नवरात्रि के तीसरे दिन माता चन्द्रघंटा की उपासना का आयुर्वेदिक और औषधीय संबंध अत्यंत गहरा है। आयुर्वेद के अनुसार माता चन्द्रघंटा का सीधा संबंध चन्द्रिका अर्थात चंद्रशूर (चमेली) और शरीर के पित्त दोष के संतुलन से है। आयुर्वेद में माता चन्द्रघंटा को चंद्रशूर नामक औषधि का स्वरूप माना गया है। यह पौधा शरीर में शक्ति और ओज बढ़ाता है। यह हड्डियों को मजबूत करने, महिलाओं के स्वास्थ्य विकारों को दूर करने और पाचन तंत्र को ठीक रखने में सहायक होता है। माता चन्द्रघंटा का स्वरूप शीतल (चंद्रमा) और तेजस्वी (स्वर्ण के समान) का मिश्रण है। ज्योतिष और आयुर्वेद के अनुसार शरीर में पित्त बढ़ने से क्रोध, चिड़चिड़ापन और त्वचा संबंधी रोग होते हैं। देवी की उपासना और उनके ध्यान से शरीर की अतिरिक्त ऊष्मा शांत होती है, जिससे मानसिक शांति और शारीरिक शीतलता प्राप्त होती है। स्मरण रहे कि माता के वास मणिपूर चक्र (नाभि) को आयुर्वेद में जठराग्नि का केंद्र माना जाता है। इस चक्र के जाग्रत होने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। यह लिवर, अग्न्याशय और पेट से संबंधित रोगों के निवारण में सहायक है। चन्द्रघंटा को गाय के दूध से बनी चीजों या शुद्ध घी का भोग लगाया जाता है। गाय का घी और दूध ओज बढ़ाते हैं और याददाश्त तेज करते हैं। यह शरीर की सप्त धातुओं को पोषण देता है और स्नायु तंत्र को बल प्रदान करता है। मान्यता है कि माता चन्द्रघंटा की पूजा से कंठ और स्वर में मधुरता आती है। आयुर्वेद के अनुसार जब शरीर में कफ और पित्त का संतुलन सही होता है, तो वाणी स्पष्ट और ओजपूर्ण होती है। माता चन्द्रघंटा की साधना केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि एक काय-कल्प प्रक्रिया है जो शरीर को निरोगी और मन को शांत बनाती है।

-लेखक, आध्यात्मिक चिन्तक व साहित्यकार

# यूपी में बड़ा सियासी फेरबदल तय, योगी कैबिनेट विस्तार से साधेंगे नए समीकरण



संजय सक्सेना

उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के ठीक बाद अब उत्तर प्रदेश की राजनीति में हलचल मच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की सरकार 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तैयारी में जुट गई है और कैबिनेट का नया खाका बनाने की प्रक्रिया तेज हो चुकी है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि अगले हफ्ते की शुरुआत में ही यह विस्तार हो सकता है। इसमें क्षेत्रीय संतुलन, जातीय समीकरण और संगठनात्मक मजबूती का पूरा ध्यान रखा जाएगा। दरअसल, बीजेपी इस बार पुराने चेहरों के साथ नए और संघर्षशील नेताओं को मौका देकर सामाजिक समीकरण साधने की कोशिश कर रही है, ताकि पश्चिमी यूपी से लेकर तराई और प्रयागराज तक पार्टी की पकड़ और मजबूत हो सके।

पिछले कुछ दिनों से सियासी गलियारों में यही चर्चा छाई हुई है कि सीएम योगी ने आरएसएस और भाजपा संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ लंबी बैठकें की हैं। इन बैठकों में सिर्फ मंत्रिमंडल विस्तार ही नहीं, बल्कि 2027 के चुनावी मिशन की रणनीति भी बनाई जा रही है। पार्टी का मानना है कि पिछले लोकसभा चुनावों के बाद कुछ क्षेत्रों में कमजोरियां उभरी हैं। इन्हें दूर करने के लिए संगठन से सरकार तक समन्वय बढ़ाना जरूरी है। इसलिए कुछ वरिष्ठ संगठन नेताओं को मंत्रिमंडल में लाया जा सकता है, जबकि कुछ मंत्रियों का प्रदर्शन देखते हुए उन्हें संगठन में भेजा जा सकता है। चर्चा है कि कुल मंत्रियों की संख्या 60 तक पहुंचाई जा सकती है और इसमें कम से कम आधा दर्जन नए चेहरे शामिल होंगे।

इसी कड़ी में पांच बड़े नाम चर्चा में हैं, जो इस विस्तार का केंद्र बन सकते हैं। पहला नाम है चौधरी भूपेंद्र सिंह। पश्चिमी यूपी के कद्दावर जाट नेता माने जाने वाले भूपेंद्र सिंह बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके पास संगठन में गहरी पकड़ है और जमीनी स्तर पर नेटवर्क इतना मजबूत है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पार्टी की रीढ़ माने जाते हैं। जाट समुदाय में उनकी पहचान इतनी गहरी है कि उन्हें शामिल करने से बीजेपी को 2027 से पहले एक बड़ा सामाजिक संदेश मिलेगा। पश्चिमी यूपी में किसान आंदोलन और जातीय समीकरणों को देखते हुए भूपेंद्र सिंह जैसे नेता पार्टी के लिए रणनीतिक कदम साबित हो सकते हैं। उनकी मौजूदगी से न सिर्फ जाट वोटरों का भरोसा मजबूत होगा, बल्कि क्षेत्रीय असंतुलन भी दूर होगा।

दूसरा नाम अशोक कटारिया का है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और संगठन में लंबे समय से सक्रिय चेहरा। उन्होंने पहले सरकार में भी अहम जिम्मेदारियां संभाली हैं और संगठन में भी अपनी छाप छोड़ी है। पश्चिमी यूपी में उनकी पकड़ कोर वोटबैंक तक फैली हुई है। पार्टी उन्हें शामिल कर अनुभव और संगठनात्मक मजबूती का संतुलन साधना चाहती है। कटारिया जैसे नेता इस बात का संकेत देते हैं कि बीजेपी सिर्फ नए चेहरों पर नहीं, बल्कि पुराने और परीक्षित नेताओं को भी साथ लेकर चलने की रणनीति पर काम कर रही है। उनका मंत्रिमंडल में आना



अनुभवी हाथों से युवा ऊर्जा का मिश्रण तैयार करेगा।

तीसरा और सबसे दिलचस्प नाम पूजा पाल का है। प्रयागराज की राजनीति में उनकी कहानी निजी त्रासदी, संघर्ष और राजनीतिक बदलाव की मिसाल है। 2005 में उनके पति राजू पाल बहुजन समाज पार्टी के विधायक थे। दिनदहाड़े उनकी हत्या हो गई और इस कांड में माफिया अतीक अहमद का नाम जुड़ा। उस समय यह मामला पूरे प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर का बड़ा मुद्दा बन गया। पति की मौत के बाद पूजा पाल ने हार नहीं मानी। बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। बाद में समाजवादी पार्टी में गईं, लेकिन मतभेदों के चलते निष्कासित हो गईं। फिर उन्होंने अपना रुख बदला। विधानसभा में खुलकर योगी आदित्यनाथ की कानून-व्यवस्था की तारीफ की। खासकर माफिया के खिलाफ सख्ती का जिक्र किया, जो उनके निजी जीवन से जुड़ा मुद्दा था। इसी के बाद उन्होंने भाजपा का हाथ थामा। दलित और पिछड़े वर्ग में उनकी अच्छी पकड़ है। प्रयागराज क्षेत्र में प्रभाव भी कम नहीं। संघर्षशील महिला नेता की छवि उन्हें भाजपा के लिए खास बनाती है। उनकी कहानी सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि यह दिखाती है कि कैसे बदलते समीकरणों में नेता अपनी राह चुनते हैं और पार्टी उन्हें मौका देकर एक नया संदेश दे सकती है।

चौथा नाम बलदेव सिंह औलख का है। फिलहाल वे राज्य मंत्री के पद पर हैं और अब उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की चर्चा जोरों पर है। तराई क्षेत्र और सिख समुदाय में उनका मजबूत प्रभाव माना जाता है। संगठन और सरकार दोनों में संतुलित भूमिका निभाने वाले औलख का प्रमोशन प्रदर्शन को महत्व देने का संदेश देगा। अगर वे कैबिनेट में आते हैं, तो यह साफ होगा कि सरकार सिर्फ क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि अच्छे काम करने वालों को भी तरजीह दे रही है। सिख समुदाय को साधने का यह कदम 2027 में खास महत्व रखेगा, क्योंकि तराई का इलाका चुनावी नजरिए से संवेदनशील है।

पांचवां नाम गोविंद नारायण शुक्ला का है। वर्तमान में एमएलसी और भाजपा के प्रदेश महामंत्री। संगठन में उनकी सक्रियता और रणनीतिक समझ को देखते हुए उन्हें मंत्रिमंडल में जगह मिलने की संभावना जताई जा रही है। ब्राह्मण चेहरा होने के कारण उनका नाम खास माना जा रहा है। ब्राह्मण वोटबैंक को साधने के साथ-साथ संगठन और सरकार के बीच तालमेल बढ़ाने का यह कदम पार्टी के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। शुक्ला जैसे नेता इस बात का प्रमाण हैं कि बीजेपी अब संगठन के मजबूत कंधों को सरकार में लाकर समन्वय और तेजी दोनों हासिल करना चाहती है।इन सभी नामों को अगर शामिल किया गया, तो यह विस्तार कई मायनों में रणनीतिक होगा। पश्चिमी यूपी को जाट और अनुभवी नेताओं से मजबूती, प्रयागराज को दलित-पिछड़े प्रतिनिधित्व, तराई को सिख और क्षेत्रीय संतुलन। साथ ही ब्राह्मण चेहरे से पारंपरिक वोटबैंक को जोड़ा जाएगा। सूत्रों का कहना है कि इस विस्तार में जातीय समीकरण के साथ-साथ तीसरे उपमुख्यमंत्री की चर्चा भी चल रही है। अगर ऐसा हुआ, तो दलित या पिछड़े चेहरे को यह पद दिया जा सकता है, ताकि विपक्ष के सामाजिक न्याय के नारे को जवाब दिया जा सके। कुल मिलाकर यह विस्तार गुजरात मॉडल की तरह पुराने मंत्रियों की छुट्टी और नए चेहरों की एंट्री का संकेत दे रहा है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि 2027 के चुनाव से पहले यह कदम बीजेपी की घर-घर पहुंच की रणनीति का हिस्सा है। पार्टी चाहती है कि सभी वर्गों-समुदायों से सीधा संवाद हो। आरएसएस के साथ समन्वय से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सरकार और संगठन एक ही धुन में चले। उत्तराखंड के बाद यूपी में यह विस्तार सिर्फ मंत्रियों की संख्या बढ़ाने का नहीं, बल्कि पूरे मिशन 2027 का ट्रेलर है। अगर यह योजना सफल हुई, तो योगी सरकार की ताकत और बढ़ेगी और विपक्ष को नई चुनौती मिलेगी।अभी तो इंतजार है कि अगले कुछ दिनों में क्या फैसला होता है। लेकिन एक बात साफ है बीजेपी 2027 की तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। सामाजिक समीकरण साधने, क्षेत्रीय असंतुलन दूर करने और संगठन को सरकार से जोड़ने का यह पूरा खेल उत्तर प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दे सकता है। लखनऊ की सियासी गलियों में अब सिर्फ एक सवाल गूंज रहा है कौन-कौन सी कुर्सी पर बैठेगा और कौन-कौन सी जिम्मेदारी संभालेगा। -वरिष्ठ पत्रकार

## वर्ग पहेली नं. 3385

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | | ■ | |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | |
| | ■ | ■ | | ■ | 21 | 22 | | | ■ |
| | ■ | 23 | | 24 | ■ | | ■ | ■ | 25 |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | | |

*बायें से दायें:-* 1) मैं, 3) ठगना, 6) सम्पत्ति, 8) राज़ी होना, 9) घर, 11) देश, 12) निर्धन, 13) शपथ, 14) जान लेना, 16) बिरियानी, 17) मृत्यु, 18) दिशा; तरफ, 19) उँडेलना, 20) मापना, 21) ठंडक, 23) कृश, 26) मुकरना, 27) पचीस वर्ष; *सिल्वर जुबिली.*

*ऊपर से नीचे:-* 1) चापलूस, 2) इंसाफ़, 3) शरीर, 4) अज्ञात, 5) आपसदारी; यातायात, 6) प्राण, 7) वृत्तांत, 10) एक प्रमुख भारतीय शहर, 13) ख़ातिरदारी, 14) जुर्माना, 15) तत्काल, 17) कपड़े की दीवार, 18) छिछोरापन; अशिष्टता, 20) नौका, 22) निजात, 23) कपड़े की चौड़ाई, 24) पतला थूक, 25) बेटाबेटी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | ते | ■ | अ | सं | भ | व | ■ | अ | ल्प |
| का | ■ | क | र्ज़ | ■ | य | ■ | मं | द | ■ |
| म | ला | ल | ■ | उ | दा | स | ■ | द | स |
| या | ■ | ह | ठ | ■ | य | म | ल | ■ | म |
| बी | ता | ■ | म | ज़ा | क | ■ | ज्जि | ■ | त |
| ■ | न | र | क | ■ | ■ | ग | त | का | ल |
| ■ | पू | ■ | ना | ग | वा | र | ■ | र | ■ |
| पु | रा | ना | ■ | र | ■ | द | बं | ग | ता |
| ख़्त | ■ | ना | मु | म | कि | न | ■ | र | ज़ा |

## सुडोकू-पहेली-3343

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 8 | 9 | 1 | |
| 9 | | 7 | 4 | | | | | |
| | 2 | | | | 5 | 8 | 7 | |
| 5 | | | | | | | | |
| 7 | 6 | | | | 1 | | | 2 |
| | | 4 | | 8 | | | | 5 |
| | | 6 | | | | | | 1 |
| | 9 | | | 4 | | | 6 | |
| | | | 3 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3342 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 6 | 3 | 1 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 6 | 4 |
| 1 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 2 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 1 |
| 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 | 3 |
| 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 4 | 2 | 8 |
| 3 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 6 |

# केंद्र बंगाल चुनाव के बाद नागरिकता छीनने की योजना बना रही : ममता

❑ **ममता ने केंद्र व भाजपा पर लगाया बड़ा आरोप**

❑ **किया दावा– चुनाव से पहले बंगाल में अनौपचारिक राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है**



**कोलकाता :** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के बाद राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और जनगणना के नाम पर लोगों की नागरिकता छीनने की योजना बना रही है। अपने कालीघाट आवास से पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी करने के मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए ममता ने दावा किया कि चुनाव से पहले बंगाल में अनौपचारिक राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। ममता ने चुनाव की घोषणा के बाद से बीते कुछ दिनों में निर्वाचन आयोग द्वारा बंगाल के शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के लगातार तबादलों पर फिर सवाल उठाते हुए इसपर आश्चर्य व्यक्त किया। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा व केंद्र के इशारे पर बंगाल पर कब्जे के लिए यह सब किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार चुनाव के बाद एनआरसी और जनगणना के नाम पर लोगों की नागरिकता छीनने की योजना बना रही है और चेतावनी दी कि लोगों को ऐसे प्रयासों के प्रति सतर्क रहना चाहिए।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार, चुनाव आयोग के साथ मिलकर भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव जीतने में मदद करने के लिए नए सिरे से परिसीमन की भी योजना बना रही है।

ममता ने साथ ही आरोप लगाया कि उत्तर बंगाल के कुछ जिलों और बिहार के कुछ हिस्सों को मिलाकर अलग राज्य बनाने की भाजपा व केंद्र द्वारा साजिश रची जा रही है। हाल में भी ममता ने इसका आरोप लगाया था।

निर्वाचन आयोग पर बरसते हुए ममता ने आरोप लगाया कि उसने चुनाव से पहले भाजपा के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए राज्य के शीर्ष अधिकारियों का रातों–रात तबादला किया है।

ममता ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर जानबूझकर अधिकारियों का तबादला कर रहा है ताकि चुनाव में इस्तेमाल के लिए बंगाल में धन, हथियारों, मादक पदार्थों और गुंडे–माफियाओं को दूसरे राज्यों से यहां लाया जा सके। राज्य में चुनाव के दौरान अशांति और दंगे भड़काने की साजिश का उन्होंने आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग की हालिया कार्रवाई के परिणामस्वरूप ऐसा प्रतीत होता है कि आयोग और केंद्र ने बंगाल में अनौपचारिक राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया है क्योंकि भाजपा जानती है कि वह चुनाव में हार जाएगी। ममता ने यह भी दावा किया कि केंद्र सरकार ज्यादा दिन नहीं टिकेगी और गिर जाएगी।

ममता ने यह भी आरोप लगाया कि एसआइआर में एक विशेष समुदाय से संबंधित लोगों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि एसआइआर में विचाराधीन लगभग 60 लाख मामलों में से लगभग 22 लाख मामलों का निपटारा हो चुका है और इसमें से लगभग 10 लाख नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। ममता ने आरोप लगाया कि जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं, उनमें ज्यादातर मुर्शिदाबाद, मालदा व उत्तर दिनाजपुर जिले के लोग शामिल हैं।

❑ **एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ लडऩे का आह्वान**

ममता ने इस दौरान लोगों से अपील की कि बंगाल को बचाने के लिए एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ लड़ें। अगर केंद्रीय एजेंसियां आपको डराने की कोशिश कर रही हैं, तो डरें नहीं। अगर वे आपको रुपये देने की कोशिश कर रहे हैं, तो न लें।

# बंगाल चुनाव में रिकार्ड 84 पुलिस पर्यवेक्षकों की तैनाती

## उत्तर प्रदेश से आए सबसे ज्यादा 10, महाराष्ट्र से नों ओर मध्य प्रदेश से आठ आइपीएस अधिकारियों की तेंनाती

**कोलकाता :** आगामी चुनावों के मद्देनजर बंगाल में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए चुनाव आयोग ने कमर कस ली है। चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में होने वाले मतदान के बीच, अकेले बंगाल में सबसे अधिक 84 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि इन पर्यवेक्षकों में सबसे बड़ी संख्या उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ आइपीएस अधिकारियों की है।




❑ **अनुभवी अधिकारियों के जिम्मे कमान**

बंगाल पहुंचे ये अधिकारी देश के सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में काम करने का अनुभव रखते हैं। इनमें कश्मीर में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा संभालने वाले अधिकारियों से लेकर इंदौर के रंगपंचमी जैसे विशाल आयोजनों को नियंत्रित करने वाले अनुभवी नाम शामिल हैं। उत्तर प्रदेश से 10, महाराष्ट्र से 9 और मध्य प्रदेश से 8 अधिकारियों को यहां विशेष रूप से भेजा गया है। कुल 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कैडर से ये पुलिस पर्यवेक्षक बंगाल की 'राजनीतिक जीवंतता' और कानून–व्यवस्था पर नजर रखेंगे।

❑ **जम्मू–कश्मीर से भी आए हैं अधिकारी**

इंदौर के एडिशनल सीपी अमित कुमार, जिन्हें चौरंगी और एंटाली की जिम्मेदारी दी गई है, का कहना है कि बंगाल में काम करना एक बिल्कुल अलग अनुभव है। हम रोजाना चुनाव आयोग को अपनी रिपोर्ट भेज रहे हैं। फिलहाल माहौल सौहार्दपूर्ण है, लेकिन आने वाले महीने में चुनावी पारा और चढ़ने की उम्मीद है। विशेष नियुक्तियों में जम्मू–कश्मीर के आइजी (ट्रैफिक) मोहम्मद सुलेमान चौधरी का नाम प्रमुख है, जिन्हें नदिया के सीमावर्ती जिलों की कमान दी गई है। चौधरी को 2026 में उनकी मेधावी सेवाओं के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

❑ **अवैध हथियारों पर प्रहार**

चुनाव आयोग के निर्देश पर ये पर्यवेक्षक न केवल संवेदनशील बूथों का दौरा कर रहे हैं, बल्कि थानों में जमा कराए जा रहे लाइसेंसी हथियारों और बरामद हो रहे अवैध हथियारों की भी पल–पल की निगरानी कर रहे हैं। कोलकाता उत्तर और दक्षिण में तीन–तीन पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे। जहां अन्य चुनाव वाले राज्यों जैसे तमिलनाडु और केरल से अधिकारी यहां आए हैं, वहीं बंगाल के अधिकारियों को भी अन्य राज्यों में प्रतिनियुक्त किया गया है। हालांकि, असम के मामले में यह प्रक्रिया एकतरफा है, वहां से अधिकारी यहां आए हैं पर यहां से वहां कोई नहीं गया है।

## तृणमूल नेता ने आईएएस, आईपीएस अधिकारियों के तबादले के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के नेता एवं वरिष्ठ वकील कल्याण बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों की घोषणा के तुरंत बाद कई भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के तबादले के निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया। सांसद बनर्जी ने इस मामले में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पक्षकार प्रतिवादी बनाया है। वकील ने मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पाल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए याचिका पर शीघ्र सुनवाई किए जाने का अनुरोध किया। इस मामले से जुड़े एक वकील ने कहा कि इस याचिका पर संभवतः अगले सप्ताह की शुरुआत में सुनवाई होगी। याचिका में तबादले का निर्णय लिए जाने से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य सरकार से परामर्श नहीं करने पर सवाल उठाए गए हैं। पश्चिम बंगाल में 15 मार्च को विधानसभा चुनावों की घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया था। 294 सदस्यीय पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे। मतों की गिनती चार मई को होगी।

**Name Change**

I, ABISHEK KR SHAW(OLD NAME), SON OF LATE SHIB SHANKAR SHAW,RESIDING AT 162/1B, BAKUL BAGAN ROAD,BHAWANIPORE, KOLKATA-700025,WEST BENGAL, HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCEFORTH BE KNOWN AS ABHISHEK KUMAR SHAW(NEW NAME) VIDE AN AFFIDAVIT SWORN BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 20/03/2026. ABISHEK KR SHAW AND ABHISHEK KUMAR SHAW BOTH ARE THE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/749 जो पूर्व में मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा प्रकाशित की गई थी, इस निविदा की निविदा संख्या : ईएल–एचडब्ल्यूएच –25–21–3577 के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और समय को आगे बढ़ाते हुए **31.03.2026 को 15.00 बजे तक** कर दिया गया है। इसका विवरण वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

HWH-702/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **(वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा)। एनआईटी सं.: 297_2025-26, दिनांक: 18.03.2026, कार्य का विवरण :** एडीईएन/बैण्डेल के अधीन रूफ कवरिंग प्रदान करते हुए, संप एवं वाटर रिजर्वायर की सफाई करते हुए मौजूदा सबवे के उन्नयन के साथ सुधार। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,91,34,021.56, **बयाना राशि:** रु. 2,45,700/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 09 (नौ) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 06.04.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-701/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर–721301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मदों के तहत उल्लिखित तिथि को 12.00 बजे से पूर्व ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सूचना सं. (i) 114–ईएलसी–जी–केजीपी–25–26–60, कार्य का विवरण :** मादपुर, गिरि मैदान, गोकुलपुर और राखामाइंस स्टेशनों पर प्लेटफ़ॉर्म के विस्तार, ऊँचाई बढ़ाने, पुनः सतहीकरण के प्रावधान तथा अन्य सुविधाओं से संबंधित विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,37,59,375.01, **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** रु.2,75,200/–, **निविदा सूचना सं. (ii) 114–ईएलसी–जी–केजीपी–25–26–61, कार्य का विवरण :** खड़गपुर मंडल के अंतर्गत बालासोर, निकुर्सिनी, खान्तापारा, पीएसओआर और जीपीएसडी स्थित गुड्स शेड में सीसीटीवी की व्यवस्था हेतु विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 58,26,475.53, **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** रु.1,16,500/–, **खुलने की तिथि:**10.04.2026 (प्रत्येक हेतु)। **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य (प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि:** क्रम सं. (i) के लिए स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह और क्रम सं. (ii) के लिए स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 09 माह। **जमा करने की तिथि:** 10.04.2026 को 12.00 बजे तक (प्रत्येक हेतु)। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण, वर्णन और विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इस कार्य के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए, **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-1333)

# ऑटो गैस के दाम में 8 रुपये की बढ़ोतरी, किराया बढ़ने की आशंका से यात्री परेशान

**कोलकाता :** शहर में ऑटो में इस्तेमाल होने वाले एलपीजी गैस की कीमत में एक झटके में 8 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी गई है। गुरुवार आधी रात से नई दरें लागू हो गई हैं। अब कोलकाता में ऑटो गैस की कीमत 70 रुपये 68 पैसे प्रति लीटर हो गई है। गौरतलब है कि इससे पहले मार्च के शुरुआती सप्ताह में भी कीमत बढ़कर 57.68 रुपये से 62.68 रुपये प्रति लीटर हो गई थी। लगातार बढ़ती कीमतों के कारण यात्रियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ने की आशंका बढ़ गई है। पहले से ही गैस संकट के चलते करीब 30 प्रतिशत ऑटो सड़क से गायब हैं और जो चल रहे हैं, वे भी अनियमित हैं। कई जगहों पर किराया दोगुना होने की शिकायतें भी सामने आई हैं। इधर, विधानसभा चुनाव के कारण आने वाले दिनों में बसों की संख्या भी कम होने की संभावना है। पुलिस द्वारा करीब 1600 निजी बसों को चुनाव कार्य के लिए अधिग्रहित किया जा चुका है, जिनका उपयोग सुरक्षा बलों के आवागमन में किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों के परिवहन कार्यालयों द्वारा और वाहनों को भी लिया जाएगा। बस मालिकों का कहना है कि अगले महीने की 5 तारीख से बसों की संख्या और घटने लगेगी। साथ ही स्कूल बस, ऐप कैब और अन्य वाहन भी चुनाव कार्य में लगाए जाएंगे। ऐसे में ऑटो और बस दोनों की कमी से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

# शुभेंदु ने लगाया पुलिस अधिकारी पर भाजपा नेता को तृणमूल में शामिल होने का दबाव बनाने का आरोप

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को पूर्व मिदनापुर जिले के एक थाना प्रभारी पर भारतीय जनता पार्टी के एक नेता को तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

शुभेंदु अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिस दिन भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी हुई, उस दिन जिले के प्रमुख भाजपा नेता विश्वनाथ बनर्जी का नाम संभावित उम्मीदवारों में माना जा रहा था, लेकिन अंतिम सूची में उनका नाम नहीं आया। इसके तुरंत बाद महिषादल थाना प्रभारी ने उन्हें संदेश के माध्यम से संपर्क कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने को कहा।

उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी



पुलिस अधिकारी द्वारा इस तरह की राजनीतिक गतिविधि करना नियमों के खिलाफ है।

इस मामले में शुभेंदु अधिकारी स्वयं महिषादल थाने पहुंचे थे ताकि संबंधित अधिकारी से बात कर सकें, लेकिन उस समय थाना प्रभारी मौजूद नहीं थे। इसके बाद उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद अधिकारी को संदेश देकर कहा कि संबंधित थाना प्रभारी को भविष्य में ऐसी हरकतों से दूर रहने को कहा जाए।

उन्होंने कहा कि इस बार उन्होंने केवल चेतावनी दी है, लेकिन यदि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई गईं तो मामला भारत के चुनाव आयोग के समक्ष उठाया जाएगा।

शुभेंदु अधिकारी ने यह भी आरोप लगाया कि हाल ही में तमलुक के उपमंडलीय पुलिस अधिकारी ने भी कुछ स्थानीय भाजपा नेताओं को अपने कार्यालय में बुलाकर उन्हें निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का सुझाव दिया था। उन्होंने दावा किया कि इस घटना के वीडियो प्रमाण भी उनके पास मौजूद हैं।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मियों से अपील की कि वे चुनाव आचार संहिता के दौरान सत्तारूढ़ दल के पक्ष में काम कर अपने करियर को खतरे में न डालें। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों का वेतन सरकारी कोष से मिलता है, किसी राजनीतिक दल से नहीं, इसलिए उन्हें निष्पक्ष रहना चाहिए।

**हावड़ा मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न अनुभागों में रखरखाव कार्य के लिए, **दिनांक 22.03.2026 (रविवार)** को दिन के समय निम्नानुसार **ब्लॉक** आवश्यक होगा:-

**(1)** कोन्नगर-उत्तरपाड़ा अनुभाग में डाउन मेन लाइन पर 12.00 बजे से 15.00 बजे तक, **(2)** भद्रेश्वर स्टेशन सीमा-सेवड़ाफुली में डाउन मेन लाइन पर 11.45 बजे से 14.45 बजे तक, **(3)** खान्यान-पाण्डुआ अनुभाग में डाउन मेन लाइन पर 10.45 बजे से 13.45 बजे तक, **(4)** डानकुनी-सीसीएल (डब्ल्यू) अनुभाग में रिवर्स सीसीआर लाइन पर 09.45 बजे से 12.45 बजे तक, **(5)** बारुईपाड़ा स्टेशन सीमा में अप हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड लाइन 1 पर 10.40 बजे से 13.40 बजे तक, **(6)** चेराग्राम ब्लॉक हट-गुड़ाप अनुभाग में अप हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड लाइन पर 10.50 बजे से 13.50 बजे तक, **(7)** जौग्राम-मसाग्राम अनुभाग में अप हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड लाइन पर 11.15 बजे से 14.15 बजे तक, **(8)** जीराट-गुप्तीपाड़ा अनुभाग में अप लाइन पर 10.20 बजे से 13.20 बजे तक, **(9)** धात्रीग्राम-समुद्रगढ़ अनुभाग में अप लाइन पर 10.40 बजे से 13.40 बजे तक, **(10)** गंगाटिकुरी-सालार अनुभाग में अप लाइन पर 11.10 बजे से 14.10 बजे तक, **(11)** खाना-झापटेरढाल अनुभाग में अप लाइन पर 11.50 बजे से 14.50 बजे तक, **(12)** गुसकरा-पिचकुरीरढाल अनुभाग में अप लाइन पर 12.00 बजे से 15.00 बजे तक, **(13)** अहमदपुर-बातासपुर अनुभाग में अप लाइन पर 12.15 बजे से 15.15 बजे तक, **(14)** रामपुरहाट-पिनरगड़िया एवं अम्बाजोड़ा शिकारीपाड़ा-कुरुवा एकल लाइन अनुभागों में 11.00 बजे से 14.00 बजे तक, **(15)** तिलभीटा-कोटालपोखर अनुभाग में डाउन लाइन पर 10.30 बजे से 13.30 बजे तक। परिणाम स्वरूप, नीचे उल्लेखित ट्रेनें **दिनांक 22.03.2026 (रविवार)** को निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:

● **ट्रेनों का निरस्तीकरण (दिनांक 22.03.2026 को): हावड़ा से - 36031** हावड़ा-चंदनपुर लोकल, **36821** हावड़ा-बर्द्धमान लोकल (कॉर्ड लाइन के रास्ते), **37229** हावड़ा-बैण्डेल लोकल, **37915** हावड़ा-कटवा लोकल, **37231** हावड़ा-बैण्डेल लोकल, **36823** हावड़ा-बर्द्धमान लोकल (कॉर्ड लाइन के रास्ते), **36033** हावड़ा-चंदनपुर लोकल, **37235** हावड़ा-बैण्डेल लोकल, **37239** हावड़ा-बैण्डेल लोकल, **37827** हावड़ा-बर्द्धमान लोकल (मेन लाइन के रास्ते), **37611** हावड़ा-पाण्डुआ लोकल, **37055** हावड़ा-सेवड़ाफुली लोकल, **37243** हावड़ा-बैण्डेल लोकल, **37651** हावड़ा-मेमारी गैलपिंग लोकल, **36829** हावड़ा-बर्द्धमान लोकल (कॉर्ड लाइन के रास्ते), **37429** हावड़ा-बैण्डेल लोकल। **बैण्डेल से - 37236** बैण्डेल-हावड़ा लोकल, **37240** बैण्डेल-हावड़ा लोकल, **37242** बैण्डेल-हावड़ा लोकल, **37246** बैण्डेल-हावड़ा लोकल, **37248** बैण्डेल-हावड़ा लोकल, **37250** बैण्डेल-कटवा लोकल, **37749** बैण्डेल-कटवा लोकल। **सेवड़ाफुली से - 37056** सेवड़ाफुली-हावड़ा लोकल। **पाण्डुआ से - 37614** पाण्डुआ-हावड़ा लोकल। **मेमारी से - 37652** मेमारी-हावड़ा गैलपिंग लोकल। **कटवा से - 37924** कटवा-हावड़ा लोकल, **37748** कटवा-बैण्डेल लोकल, **53009** कटवा-आजिमगंज पैसेंजर, **63007** कटवा-रामपुरहाट एमईएमयू, **63043** कटवा-अहमदाबाद एमईएमयू। **आजिमगंज से - 63010** आजिमगंज-कटवा एमईएमयू, **53012** आजिमगंज-कटवा पैसेंजर। **बर्द्धमान से - 37834** बर्द्धमान-हावड़ा लोकल (मेन लाइन के रास्ते), **31152** बर्द्धमान-सियालदह लोकल, **36824** बर्द्धमान-हावड़ा लोकल (कॉर्ड लाइन के रास्ते), **36826** बर्द्धमान-हावड़ा लोकल (कॉर्ड लाइन के रास्ते), **36834** बर्द्धमान-हावड़ा लोकल (कॉर्ड लाइन के रास्ते)। **अहमदपुर से - 63044** अहमदपुर-कटवा एमईएमयू। **चंदनपुर से - 36032** चंदनपुर-हावड़ा लोकल, **36034** चंदनपुर-हावड़ा लोकल। **डानकुनी से - 32234** डानकुनी-सियालदह लोकल, **32236** डानकुनी-सियालदह लोकल। **सियालदह से - 31151** सियालदह-बर्द्धमान लोकल, **32233** सियालदह-डानकुनी लोकल, **32235** सियालदह-डानकुनी लोकल। **रामपुरहाट से - 63434** रामपुरहाट-आजिमगंज एमईएमयू। ● **ट्रेनों का पुनर्निर्धारण (दिनांक 22.03.2026 को): (1) 13015** हावड़ा-जमालपुर कवि गुरु एक्सप्रेस हावड़ा से 105 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी अर्थात् हावड़ा से 10.55 बजे के स्थान पर **12.40 बजे** रवाना होगी। **(2) 63081** रामपुरहाट-जसीडीह एमईएमयू रामपुरहाट से 75 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी अर्थात् रामपुरहाट से 12.25 बजे के स्थान पर **13.40 बजे** रवाना होगी। **(3) 63142** गोड्डा-सियालदह एमईएमयू गोड्डा से 120 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी अर्थात् गोड्डा से 09.45 बजे के स्थान पर **11.45** बजे रवाना होगी। **(4) 53053** कटवा-निमतिता पैसेंजर कटवा से 60 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी अर्थात् कटवा से 13.05 बजे के स्थान पर **14.05 बजे** रवाना होगी। ● **ट्रेनों का नियंत्रण (दिनांक 22.03.2026 को): (1) 12347** हावड़ा-रामपुरहाट शहीद एक्सप्रेस मार्ग में 60 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(2) 13031** हावड़ा-जयनगर एक्सप्रेस मार्ग में 45 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(3) 13032** जयनगर-हावड़ा एक्सप्रेस मार्ग में मालदा मंडल में 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(4) 13016** जमालपुर-हावड़ा कवि गुरु एक्सप्रेस मालदा मंडल में मार्ग में 120 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी।

**ब्लॉक से पहले अंतिम ट्रेन तथा ब्लॉक के उपरांत पहली ट्रेन**

| अनुभाग | ब्लॉक से पहले अंतिम ट्रेन | ब्लॉक के उपरांत पहली ट्रेन |
|---|---|---|
| डानकुनी-राजचंद्रपुर | 12314 नई दिल्ली-सियालदह राजधानी एक्सप्रेस | 32236 डानकुनी-सियालदह लोकल |
| बैण्डेल-कटवा | 31111 सियालदह-कटवा गैलपिंग लोकल | 37917 हावड़ा-कटवा लोकल |
| खाना-बोलपुर शांतिनिकेतन | 12337 हावड़ा-बोलपुर शांतिनिकेतन एक्सप्रेस | 13015 हावड़ा-जमालपुर कवि गुरु एक्सप्रेस |
| अहमदपुर-बातासपुर | 13053 हावड़ा-राधिकापुर कुलिक एक्सप्रेस | 13015 हावड़ा-जमालपुर कवि गुरु एक्सप्रेस |
| रामपुरहाट-दुमका | 13046 देवघर-हावड़ा मयूराक्षी एक्सप्रेस/22309 हावड़ा जमालपुर वंदे भारत एक्सप्रेस | 13016 जमालपुर-हावड़ा कवि गुरु एक्सप्रेस/63081 रामपुरहाट-जसीडीह एमईएमयू |
| तिलभीटा-कोटालपोखर | 13054 राधिकापुर-हावड़ा कुलिक एक्सप्रेस | 13032 जयनगर-हावड़ा एक्सप्रेस |
| गंगाटिकुरी-सालार | 15643 पुरी-कामाख्या एक्सप्रेस | 53011 कटवा-आजिमगंज पैसेंजर |

**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक की अवधि के दौरान स्पेशल अथवा विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें एवं बाद में चलाई जाने वाली नई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में आवश्यकतानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से स्टेशनों की सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का अनुसरण करने का अनुरोध किया जाता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बेलघाटा में भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ पार्टी दफ्तर में प्रदर्शन

❑ **लॉकेट चटर्जी पर कार्यकर्ताओं को डांटने का आरोप**

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी के भीतर असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। बेलघाटा सीट से घोषित प्रत्याशी के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सॉल्टलेक स्थित राज्य मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया।



जानकारी के अनुसार, बेलघाटा सीट से पार्थ चौधरी को उम्मीदवार बनाए जाने के विरोध में कार्यकर्ताओं का एक वर्ग उम्मीदवार बदलने की मांग को लेकर सड़क पर उतर आया। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई और नारेबाजी तेज हो गई।

इस दौरान पार्टी की वरिष्ठ नेता लॉकेट चटर्जी भी कार्यालय में मौजूद थीं। आरोप है कि जब कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेरकर नारेबाजी की, तो उन्होंने उंगली उठाकर उन्हें फटकार लगाई, जिससे विवाद और बढ़ गया।

वहीं इस पूरे घटनाक्रम पर तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा है। तृणमूल नेताओं का कहना है कि भाजपा का जमीनी स्तर से कोई संपर्क नहीं है और उम्मीदवारों का चयन दिल्ली से किया जाता है, जिससे कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा अब तक दो चरणों में 255 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। हालांकि राज्य के विभिन्न हिस्सों में कई जगहों पर उम्मीदवार बदलने की मांग उठ रही है। कुछ नेताओं ने तो मांग न माने जाने पर निर्दलीय उम्मीदवार उतारने की चेतावनी भी दी है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव से पहले इस तरह का आंतरिक विरोध पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है, जबकि विरोधी दलों को इसका लाभ मिल सकता है।

# तृणमूल और भाजपा से दूरी के बाद राजन्या हलदर ने बनाई नई पार्टी, चुनाव लड़ने का ऐलान

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव 2026 से पहले राजनीतिक हलचल के बीच राजन्या हलदर ने अपनी नई राजनीतिक पार्टी 'जनसंघर्ष मंच' के गठन की घो–षणा की है। गुरुवार को कोलकाता प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने यह ऐलान किया।

राजन्या हलदर, जो कभी ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में सक्रिय थीं, हाल के समय में पार्टी से दूरी बना चुकी थीं। वहीं, भाजपा में शामिल होने की अटकलें भी लगाई जा रही थीं, लेकिन वहां भी उन्हें खास महत्व नहीं मिला।

ऐसे में अब उन्होंने खुद की राजनीतिक राह चुनते हुए नई पार्टी बनाई है और आगामी चुनाव में उतरने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि वह दो सीटों से चुनाव लड़ेंगी, जिनमें सोनारपुर दक्षिण सीट प्रमुख है, जहां उनका मुकाबला तृणमूल की उम्मीदवार से होगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजन्या ने कहा कि जीत–हार से ज्यादा महत्वपूर्ण संघर्ष है और वह चुनावी मैदान से पीछे नहीं हटेंगी। उन्होंने अपनी पार्टी का घोषणापत्र भी जारी किया, जिसमें रोजगार, नौकरी संकट, मौलिक अधिकार और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों को प्रमुखता दी गई है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव से पहले नई पार्टी का गठन राज्य की राजनीति में कुछ हद तक प्रभाव डाल सकता है, हालांकि इसका वास्तविक असर चुनाव परिणामों में ही स्पष्ट होगा।

# विधानसभा चुनाव से पहले कोलकाता में वाहन से 25 लाख रुपये नकद बरामद, चालक गिरफ्तार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार को न्यू टाउन क्षेत्र में एक वाहन की डिक्की से भारी मात्रा में नकदी बरामद की। पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शहर के नए पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चुनाव को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी के तहत शहर और आसपास के महत्वपूर्ण चौराहों पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

शुक्रवार सुबह न्यू टाउन के सिटी सेंटर–दो के पास लगाए गए जांच नाके पर पुलिस ने एक वाहन को रोका। वाहन में चालक के अलावा



कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था। चालक की पहचान सुरेश ठाकुर के रूप में हुई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जब चालक से डिक्की खोलने को कहा गया तो वह हिचकिचाने लगा। सख्ती करने पर उसने डिक्की खोली, जिसमें एक बैग मिला। बैग की तलाशी लेने पर उसमें 500 रुपये के नोटों की गड्डियां भरी मिलीं।

नकदी के स्रोत के बारे में पूछे जाने पर चालक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद पुलिस ने 25 लाख रुपये जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि नकदी का असली मालिक कौन है, यह पैसा कहां से आया और किसे दिया जाना था।

बताया गया है कि इस सप्ताह राज्य में बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले 19 मार्च को दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर और अलीपुरद्वार जिले के एक चौराहे से जांच अभियान के दौरान कुल 11.75 लाख रुपये बरामद किए गए थे।

चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए अवैध धन के इस्तेमाल की आशंका को देखते हुए भारत के चुनाव आयोग ने राज्य की 294 विधानसभा सीटों के लिए 294 सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। इसके अलावा 188 पुलिस पर्यवेक्षक और 100 व्यय पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं।

चुनाव आयोग की इस व्यापक निगरानी व्यवस्था को देखते हुए राज्य में चुनाव प्रक्रिया के दौरान अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# फिर चर्चा में आरजी कर अस्पताल, लिफ्ट में फंसने से व्यक्ति की मौत

## बहु-आघात से हुई मौत, 5 गिरफ्तार

**कोलकाता :** आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हुए लिफ्ट हादसे ने पूरे शहर को झकझोर दिया है। इस घटना में दमदम निवासी अरूप बंद्योपाध्याय की मौत हो गई। अब पोस्टमार्टम की प्रारंभिक रिपोर्ट और पुलिस जांच में कई अहम खुलासे हुए हैं।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, अरूप की मौत बहु-आघात (पॉली ट्रॉमा) के कारण हुई। उनके सीने पर गंभीर दबाव पड़ा था, जिससे हृदय, फेफड़े और यकृत फट गए। इसके अलावा हाथ, पैर और पसलियों में भी कई फ्रैक्चर पाए गए। सभी चोटें जीवित अवस्था (एंटे-मॉर्टम) में लगी थीं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि लिफ्ट के दरवाजे के बीच फंसने और अचानक नीचे आने के कारण यह गंभीर हादसा हुआ। घटना के बाद टाला थाना में मामला दर्ज किया गया।

मामले में लापरवाही और संलिप्तता के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें तीन लिफ्टमैन- मिलन कुमार दास (49), बिस्वनाथ दास (48) और मानस कुमार गुहा (55) तथा दो सुरक्षा कर्मी-अशरफुल रहमान (31) और शुभदीप दास (24) शामिल हैं। सभी को टाला थाना परिसर से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 105/3(5) (गैर-इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों को 21 मार्च को सियालदह की अदालत में पेश किया जाएगा।



गौरतलब है कि हादसे के समय अरूप अपनी पत्नी और बेटे के साथ अस्पताल की पांचवीं मंजिल पर जा रहे थे। लिफ्ट अचानक खराब होकर झटके के साथ नीचे आ गई, जिसमें अरूप दरवाजे के बीच फंस गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन की लापरवाही को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। लिफ्ट ऑपरेटर की अनुपस्थिति और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

## आरजी कर अस्पताल लिफ्ट हादसा प्रशासनिक विफलता का परिणाम : अतिन घोष

**कोलकाता :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में लिफ्ट में फंसकर 40 वर्षीय युवक की मौत के मामले में तृणमूल कांग्रेस विधायक अतिन घोष ने प्रशासनिक विफलता स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर निगरानी की कमी और प्रशासनिक लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई।

अतिन घोष, जो अस्पताल की रोगी कल्याण समिति के सदस्य भी हैं, शुक्रवार सुबह घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर सोमवार को रोगी कल्याण समिति की आपात बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें प्रारंभिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह देखना होगा कि प्रशासन ने क्या कदम उठाए हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्थानीय प्रशासन की विफलता से इनकार नहीं किया जा सकता और अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था अभी भी पर्याप्त नहीं है।

इस बीच कोलकाता पुलिस के उत्तर संभाग के उपायुक्त दिनेश कुमार भी घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। पुलिस ने फिलहाल अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



अतिन घोष ने कहा कि जिन अधिकारियों की जिम्मेदारी थी, वे अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकते। उन्होंने बताया कि लिफ्ट लोक निर्माण विभाग के अधीन आती है और यदि उसका रखरखाव सही ढंग से नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सुरक्षा कर्मी मौके पर मौजूद नहीं थे तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

रोगी कल्याण समिति की भूमिका पर उन्होंने कहा कि नई समिति की अभी केवल दो बैठकें हुई हैं और अस्पताल का निरीक्षण कर समस्याओं की पहचान की गई है। हालांकि समिति को दैनिक प्रशासनिक कार्यों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।

# कोलकाता में वैदिक नववर्ष पर ऐतिहासिक जनसैलाब: आर्य समाज की भव्य शोभायात्रा ने जगाई सांस्कृतिक चेतना

**कोलकाता :** कोलकाता में वैदिक नववर्ष एवं आर्य समाज स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य शोभायात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संदेश दिया। हजारों की संख्या में शामिल नागरिकों, विद्यार्थियों और महिलाओं ने इसे एक जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। इस आयोजन ने वैदिक परंपराओं, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक पहचान को पुनः स्थापित करने की दिशा में महत्व-पूर्ण पहल की। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा, बंगाल द्वारा आयोजित यह शोभायात्रा महर्षि दयानंद भवन, 42 शंकर घोष लेन से प्रारंभ हुई। यह यात्रा शहर के प्रमुख बढ़ोतरी बिधान प्रो, विवेकानंद रोड, गिरीश पार्क, गणेश टॉकीज, मालापाड़ा, सत्यनारायण पार्क, महात्मा गांधी रोड, पगैया पट्टी, ब्राबर्न रोड, टीबोर्ड, सीआईटी रोड, चित्तरंजन एवेन्यू, कॉलेज स्ट्रीट से गुजरते हुए केंद्रीय कोलकाता के बड़े हिस्से को आच्छादित करती हुई आगे बढ़ें। पूरे मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर और स्वागत कर इस आयोजन को जन-उत्सव का रूप दिया।

❏ **आयोजन का उद्देश्य और वैचारिक पृष्ठभूमि**

यह शोभायात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक जागरण अभियान था। जिसका उद्देश्य वैदिक नववर्ष को 'सृष्टि के वास्तविक आरंभ' के रूप में स्थापित करना, समाज में वैदिक सैद्धांतिक सत्य, अहिंसा, कर्तव्य और एकता का प्रचार, युवाओं को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ना, भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति गौरवबोध विकसित करना था।



**– प्रमुख उपस्थितियां और नेतृत्व**

इस भव्य आयोजन में अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों दीनदयाल गुप्ता अध्यक्ष, आर्य प्रतिनिधि सभा बंगाल एवं विभागीय एमेरिटस, डॉलर इंडस्ट्रीज, आचार्य योगेश शास्त्री, नामांकित, आर्य प्रतिनिधि सभा बंगाल, आशीष मंडल, भौतिकी, शुभंकर (प्रवक्ता), सुशील कुमार पांडे (मीडिया संयोजक), शिवानी बाकची, विजय गुप्ता, समीरन बाकची, विकास व बंगाल के अन्य आर्य समाज पूजा केधी के साथ-साथ बड़ी संख्या में आर्य समाज के कार्यकर्ता, शिक्षण स्वयंसेवकों के विद्यार्थी, महिलाएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

❏ **मुख्य वक्तव्य**

दीनदयाल गुप्ता ने कहा कि हमारी परंपरा में यही दिन नववर्ष का वास्तविक आरंभ है। यह आवश्यक है कि नई पीढ़ी इसे समझे, अपनाए और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर आगे बढ़ें। आचार्य योगेश शास्त्री ने अपने वक्तव्य में कहा, वैदिक नववर्ष सृष्टि के आरंभ का प्रतीक है। यह हमें जीवन के उन मूल्यों की याद कष्ट है जो मानवता को दिशा देते हैं। इस शोभायात्रा के माध्यम से हम समाज में सकारात्मक ऊर्जा और नैतिकता का संदेश प्रसारित कर रहे हैं।

❏ **शोभायात्रा की प्रमुख विशेषताएं**

सांस्कृतिक और धार्मिक अभिव्यक्ति, सैकड़ों केसरिया ध्वजों से सुसज्जित शोभायात्रा, वैदिक मंत्रोच्चार और भजन, वैदिक सिद्धांतों पर आधारित हुंकारें रहीं। शोभायात्रा में छात्र-छात्राओं द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ मार्च, पारंपरिक वेशभूषा में लड़कियों की आकर्षक प्रस्तुति, अनुशासित सांस्कृतिक पार्टियों की भागीदारी ने युवा शक्ति की भागीदारी का उत्कृष्ट नजारा प्रस्तुत किया। महिलाओं और लड़कियों ने सांस्कृतिक नेतृत्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पारंपरिक साजिस और वेशभूषा में सहभागिता कर महिलाओं ने सक्रिय उपस्थिति दर्ज करवाई। वैदिक ध्वज के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति और संस्कृति का संतुलित प्रदर्शन पूरी शोभायात्रा में देखने को मिला।

❏ **जनभागीदारी और सामाजिक प्रभाव**

यह आयोजन स्पष्ट करता है कि कोलकाता जैसे महानगर में भी वैदिक परंपरा के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। युवा वर्ग अपनी सांस्कृतिक पहचान को पुनः खोजने के लिए उत्साहित है। इस तरह के सामूहिक आयोजन समाज में एकता, समरसता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। यह शोभायात्रा एक संदेश बनकर उभरी परंपरा केवल अतीत नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा भी है।

वर्तमान समय में जब वैश्वीकरण के प्रभाव से सांस्कृतिक पहचान धुंधली होती जा रही है, ऐसे आयोजन न केवल परंपरा का संरक्षण करते हैं बल्कि उसे जन-आंदोलन का रूप देते हैं। कोलकाता की यह शोभायात्रा इस बात का प्रमाण है कि भारतीय समाज में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की लहर उठ रही है। वैदिक विचारधारा आज भी प्रासंगिक है। समाज अपनी जड़ों की ओर लौटने के लिए तैयार है।



बालुरघाट: दक्षिण दिनाजपुर जिले के पावर हाउस मार्केट क्षेत्र में शुक्रवार को घर-घर चुनाव प्रचार के दौरान बालुरघाट सीट से भाजपा उम्मीदवार बिप्लुत रॉय स्थानीय लोगों से बातचीत करते हुए।

## आसनसोल मंडल में डी-स्ट्रेसिंग ब्लॉक के कारण 22 मार्च को कई ट्रेनें रद्द, कुछ सेवाओं में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** आसनसोल मंडल के विभिन्न रेलखंडों में 22 मार्च 2026 (रविवार) को डी-स्ट्रेसिंग ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। इस तकनीकी कार्य के चलते कई पैसेंजर और मेमू ट्रेनों को पूरी तरह रद्द कर दिया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों के मार्ग और समय में भी बदलाव किया गया है। 22 मार्च को 73482 जसीडीह-दुमका डेमू पैसेंजर, 73483 दुमका-जसीडीह डेमू पैसेंजर, 63513 और 63549 वर्दवान-आसनसोल मेमू पैसेंजर, 63550 अंडाल-वर्दवान मेमू पैसेंजर, 63552 आसनसोल-अंडाल मेमू पैसेंजर, 63511 और 63517 वर्दवान-आसनसोल मेमू पैसेंजर, 63512, 63514 और 63516 आसनसोल-वर्दवान मेमू पैसेंजर, 63561 आसनसोल-जसीडीह मेमू पैसेंजर, 63565 जसीडीह-झाझा मेमू पैसेंजर, 63566 झाझा-जसीडीह मेमू पैसेंजर, 63545 अंडाल-जसीडीह मेमू पैसेंजर, 63546 जसीडीह-अंडाल मेमू पैसेंजर, 63298 झाझा-देवघर मेमू पैसेंजर, 63509 वर्दवान-झाझा मेमू पैसेंजर, 63510 झाझा-वर्दवान मेमू पैसेंजर, 63547 जसीडीह-बांका मेमू पैसेंजर तथा 63548 बांका-जसीडीह मेमू पैसेंजर रद्द रहेंगी। इसके अलावा, 63209 देवघर-पटना मेमू ट्रेन 22 मार्च को झाझा स्टेशन से ही शुरू होगी, जबकि देवघर और झाझा के बीच इसकी सेवा रद्द रहेगी। वहीं, 17321 वास्को द गामा-जसीडीह साप्ताहिक एक्सप्रेस को मधुपुर स्टेशन पर ही समाप्त कर दिया जाएगा और मधुपुर तथा जसीडीह के बीच यह ट्रेन नहीं चलेगी। इसके अतिरिक्त, 13331 धनबाद-पटना एक्सप्रेस को 22 मार्च को 80 मिनट पुनर्निर्धारित किया गया है।

## पुलिस की एंबुलेंस चोरी कर भाग रहा युवक गिरफ्तार

**कोलकाता :** दक्षिण कोलकाता के पाटुली इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां पुलिस की ही एंबुलेंस चोरी कर एक युवक फरार हो गया। हालांकि सतर्क पुलिसकर्मियों ने करीब एक किलोमीटर तक पीछा कर वाहन को बरामद कर लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, कोलकाता पुलिस की 'कर्मा' एंबुलेंस बाईपास के अजयनगर मोड़ के पास खड़ी थी। तड़के एक युवक मास्टर चाबी की मदद से एंबुलेंस का दरवाजा खोलकर उसे लेकर फरार हो गया। आरोपी की पहचान पार्क सर्कस निवासी रहीम शेख के रूप में हुई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी पहले भी वाहन चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है या नहीं।

## जीएनआईडीएसआर ने दंत स्वास्थ्य जागरूकता के लिए 'डॉ. मोलर बेयर' की शुरुआत की

**कोलकाता, समाज्ञा :** गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च (जीएनआईडीएसआर) ने विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर दंत स्वास्थ्य और मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 'डॉ. मोलर बेयर' नामक एक रचनात्मक और शैक्षिक पात्र की शुरुआत की। एक खुशहाल मुंह, खुशहाल जीवन विषय पर आधारित यह पात्र एक ऐसे किरदार को दर्शाता है, जिसने कभी गंभीर दांत दर्द का सामना किया था। इस पहल के माध्यम से जीएनआईडीएसआर के छात्रों ने दंत चिकित्सा की विभिन्न शाखाओं को रोचक तरीके से प्रस्तुत करते हुए जटिल अवधारणाओं को आम लोगों के लिए सरल बनाने का प्रयास किया। इस अवसर पर सरदार सिमरप्रीत सिंह ने कहा, डॉ. मोलर बेयर जैसी पहलें हमारे छात्रों की नवाचार भावना और सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। रचनात्मकता और शिक्षा के समन्वय के माध्यम से उन्होंने मौखिक स्वच्छता का महत्वपूर्ण संदेश प्रभावी और रोचक तरीके से समाज तक पहुंचाया है। जेआईएस ग्रुप ऐसे सार्थक प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है, जो एक स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देते हैं।



## कोलकाता का पीआरएस सिस्टम 23 मार्च की सुबह तक कुछ घंटों के लिए रहेगा बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता का यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) सिस्टम 22 और 23 मार्च की मध्यरात्रि के दौरान निर्धारित तकनीकी रखरखाव कार्य के कारण कुछ घंटों के लिए अस्थायी रूप से बंद रहेगा। स्टोरेज डिस्क केस के प्रतिस्थापन से संबंधित यह कार्य 22 मार्च 2026 की रात 23:45 बजे से शुरू होकर 23 मार्च 2026 की सुबह 04:30 बजे तक चलेगा। इस अवधि के दौरान कोलकाता पीआरएस प्रणाली उपलब्ध नहीं रहेगी। इसके चलते चार्टिंग, करंट बुकिंग, इंटरनेट टिकट बुकिंग तथा आरक्षण से संबंधित पूछताछ सेवाएं प्रभावित रहेंगी। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे इस समयावधि को ध्यान में रखते हुए अपनी टिकट बुकिंग और यात्रा से जुड़ी योजनाएं पहले से तय कर लें। इस तकनीकी कार्य का उद्देश्य आरक्षण प्रणाली की कार्यक्षमता को बेहतर बनाना और सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित करना है।

## भीषण गर्मी से पहले पूर्व रेलवे की तैयारी तेज, स्टेशनों पर सैकड़ों वाटर कूलर लगाए गए

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने गर्मी के मौसम और संभावित हीटवेव को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। रेलवे ने अपने पूरे जोन के प्रमुख स्टेशनों और उपनगरीय स्टेशनों पर बड़ी संख्या में उच्च क्षमता वाले वाटर कूलर स्थापित किए हैं। पूर्व रेलवे के सबसे व्यस्त स्टेशनों में शामिल सियालदह स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग 11 से 12 लाख यात्रियों की आवाजाही होती है। यहां यात्रियों की जरूरतों को देखते हुए 20 औद्योगिक क्षमता वाले वाटर कूलर लगाए गए हैं। इसी प्रकार ऐतिहासिक हावड़ा स्टेशन, जहां रोजाना लगभग 10 से 11 लाख यात्री आते-जाते हैं, वहां यात्रियों की सुविधा के लिए 32 वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं। हावड़ा डिवीजन में 116 स्टेशनों पर कुल 259 वाटर कूलर लगाए गए हैं। वहीं, सियालदह डिवीजन में 102 स्टेशनों पर 124 कूलर स्थापित किए गए हैं। मालदह डिवीजन में 34 स्टेशनों पर 93 वाटर कूलर लगाए गए हैं, जबकि आसनसोल डिवीजन के 25 स्टेशनों पर कुल 68 कूलिंग यूनिट स्थापित की गई हैं।




पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि पूरे जोन में रणनीतिक रूप से वाटर कूलर लगाए गए हैं, ताकि यात्रियों को किसी भी स्टेशन पर आसानी से ठंडा पेयजल मिल सके। उन्होंने कहा कि यह पहल यात्रियों को गर्मी के मौसम में सुरक्षित, आरामदायक और सुगम यात्रा अनुभव प्रदान करने की रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस पहल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया है कि चाहे यात्री किसी छोटे स्टेशन पर हों या हावड़ा और सियालदह जैसे व्यस्त जंक्शन पर, उन्हें ठंडे पेयजल की सुविधा हर समय उपलब्ध रहे।

## हिंदी नववर्ष पर संस्कृति संस्कार के द्वारा बड़ाबाजार में निकाली गई स्वागत शोभायात्रा

❏ **शामिल हुए विभिन्न समाज के लोग और संस्थाएं, आस्था का उमड़ा सैलाब**

**कोलकाता :** संस्कृति संस्कार ने हिंदी नववर्ष के स्वागत में हर साल की तरह इस बार भी विराट स्वागत शोभायात्रा का आयोजन किया। बड़ाबाजार में तारा सुंदरी पार्क के सामने श्री पूंटे माँ काली की आरती के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ गाजे बाजे के साथ हुआ। संयोजक स्वपन बर्मन, घनश्याम सारड़ा व गज्जू चांडक ने बताया कि श्री मैढ़ क्षत्रिय सभा, श्री रामदेव परिवार, पोस्ता व्यवसाय उन्नयन समिति, पूर्वांचल लिट्टी चोखा भोज उत्सव कमेटी, पोस्ता यूनाइटेड मर्चेंट एसोसिएशन सहित विभिन्न सामाजिक और व्यवसायिक संगठनों ने आयोजन में अपनी भागीदारी दर्ज की। विभिन्न प्रांतों की दर्शनीय झाँकियों के साथ पारम्परिक परिधानों में सजे लोगों ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। पूर्व विधायक संजय बक्सी, स्मिता बक्सी, जोड़ासांको से तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी पार्षद विजय उपाध्याय, पार्षद राजेश सिन्हा, पूर्व पार्षद मृणाल साहा, समाजसेवी संजय उपाध्याय, तपन राय, कृष्ण प्रताप सिंह, वरुण मल्लिक, शक्ति प्रताप सिंह, सौमेंद्र नाथ राय ( फुन्नू), संजू बर्मन सहित अनेकों गणमान्य लोग शोभायात्रा के साथ - साथ चलें। बड़ाबाजार के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करने के पश्चात् शोभायात्रा का समापन कलाकार स्ट्रीट में बने नवरुपा गणगौर द्वार के समक्ष महाआरती से हुआ। दुलीचन्द ढल्ला, नन्द किशोर तोषावड़, गिरिराज लोहिया, बृजगोपाल पुगलिया, नन्दकिशोर सादानी, संतोष कोठारी, अशोक कुमार डागा, नरेंन्द्र करनानी, महेश रोडा, पवन ओझा, पवन पुरोहित, दिलीप नारनौली, विजय कुलथिया, गगन कड़ेल, कैलाश मौसूण, जीवन दनवार, गोपाल छापड़िया, जेठमल रंगा, मनोज सोनी, संजय हरलालका, रवि शर्मा, किशन छंगाणी, विमल केडिया, सूरज व्यास, गौतम पुजारी, मंयक अग्रवाल, बद्री व्यास, सुरेश पोद्दार सहित अन्य आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय रहें। शोभायात्रा के संचालन की व्यवस्था आकांक्षा संस्था ने बहुत ही सुंदर तरीक़े से निभाई।





## अंजनी पुत्र सेना ने हावड़ा मैदान में मनाया हिन्दू नववर्ष, भगवा ध्वज फहराकर किया उत्सव



**हावड़ा :** अंजनी पुत्र सेना की ओर से हावड़ा मैदान मेट्रो स्टेशन के पास बंगवासी मोड़ स्थित ऋषि अरविंद मूर्ति स्थल पर हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत् 2083 बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परम पवित्र भगवा ध्वज का ध्वजारोहण किया गया तथा घट स्थापना और घट पूजन के साथ भारत माता की वंदना की गई। कार्यक्रम के दौरान हिन्दू सशक्तीकरण के उद्देश्य से संगठन की सदस्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन का आह्वान किया गया। जय श्री राम के गगनभेदी नारों के बीच आगामी 2 मार्च को नरसिंह मंदिर अवनिमाल से जीटी रोड हावड़ा मैदान तक निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा के प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर का भी लोकार्पण किया गया। बताया गया कि इस शोभायात्रा का समापन सामूहिक आरती के साथ किया जाएगा। इस मौके पर लोगों से अपने घरों, दुकानों और कार्यालयों में भगवा ध्वज फहराकर हिन्दू नववर्ष और सनातन संस्कृति के संवर्धन का आह्वान किया गया। संस्था के प्रतीक चिन्ह अंकित भगवा ध्वज का वितरण भी किया गया। साथ ही शोभायात्रा के प्रचार के लिए एक प्रचार वाहन को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष, सचिव और विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में सदस्य, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## कैमेक स्ट्रीट में प्रवेश द्वार का हुआ उद्घाटन



**कोलकाता :** महानगर के कैमेक स्ट्रीट में जामा मस्जिद के पास प्रवेश द्वार का निर्माण किया गया है, जिसका उद्घाटन ईद की पूर्व संध्या मस्जिद के इमाम हजरत फारूक खान साहब ने किया। बोरो नंबर सात की चेयरपर्सन व स्थानीय पार्षद सुष्मिता भट्टाचार्य की पहल पर इस प्रवेश द्वार का निर्माण किया गया है। इस मौके पर स्थानीय पार्षद सुष्मिता भट्टाचार्य ने कहा कि भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एमएलए फंड से इसका निर्माण किया गया है, जिस पर करीब 40 लाख रुपये खर्च किये गये हैं। इस मौके पर वार्ड के पूर्व युवा अध्यक्ष शेख अलीजान, राजा वारसी, विशाल खटिक, वसीमुद्दीन और स्थानीय मस्जिद प्रशासन और मस्जिद कमेटी के अन्य सदस्य मुहम्मद तालिब और दावत रेस्टोरेंट के निसार अहमद और टीएमसी माइनॉरिटी सेल पश्चिम बंगाल के उपाध्यक्ष फरीद खान भी मौजूद थे।

## बड़ाबाजार में गवरजा माता की ऐतिहासिक सम्मिलित सवारी का भव्य स्वागत



**कोलकाता :** श्री श्री बलदेवजी गवरजा सेवा ट्रस्ट, श्री श्री गवरजा माता पारख कोठी, श्री नींबूतल्ला पंचायत गवरजा सेवा ट्रस्ट, श्री गोवर्धन नाथजी टैम्पल श्री गौरी माता, श्री श्री गवरजा माता गांगुली लेन, श्री श्री बांसतल्ला गवरजा माता कमेटी, श्री श्री गवरजा माता कलाकार स्ट्रीट, श्री श्री गवरजा माता हंसपुकुर मंडली, श्री श्री मनसापुरण गवरजा सेवा ट्रस्ट की सम्मिलित सवारी ए जे एस बैंक्वेट, रविन्द्र सरणी से प्रारम्भ होकर बड़ाबाजार के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए बांसतल्ला स्थित बलदेवजी मन्दिर पहुंची। सामाजिक संस्थाओं ने मार्ग में ऐतिहासिक सवारी में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया। ऐसा लग रहा था गणगौर के भक्ति भजनों से बड़ाबाजार गवरजामय हो गया है। सम्मिलित सभा के प्रतिनिधि उमेश बागड़ी, चन्द्रू दमानी, श्रीबल्लभ दुजारी ने बताया इस वर्ष श्री श्री बलदेवजी गवरजा सेवा ट्रस्ट का कस्तूरी जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष रमेश दमानी, सचिव अशोक डागा, संयोजक प्रमोद डागा, इन्द्र कुमार बागड़ी, विक्की दुजारी, बल्लभ डागा, विजय सादानी, राहुल मोहता, मनमोहन बागड़ी एवम् कार्यकर्ता कस्तूरी जयंती महोत्सव की सफलता के लिए सक्रिय हैं। प्रमोद डागा ने सभी गवरजा मंडलियों के पदाधिकारियों एवम् कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा आयोजन का उद्देश्य सामाजिक एकता और युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, परम्परा के प्रति जागरूक करना है।

# कलकत्ता हाई कोर्ट ने हावड़ा में राम नवमी जुलूस निकालने की दी सशर्त अनुमति

❑ जुलूस में अधिकतम 500 लोग हो सकते हैं शामिल
❑ धातु के हथियार प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं
❑ प्रतिभागी प्रतीकात्मक हथियारों का कर सकते हैं उपयोग



**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने हावड़ा के काजीपाड़ा में राम नवमी जुलूस निकालने की सशर्त अनुमति दे दी है। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने शुक्रवार कहा कि 26 मार्च को जुलूस में अधिकतम 500 लोग शामिल हो सकते हैं। धातु के हथियार प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं है। हालांकि, प्रतिभागी प्रतीकात्मक हथियारों का उपयोग कर सकते हैं। कोर्ट ने जुलूस के लिए समय सीमा भी निर्धारित कर दी है। शोभायात्रा के लिए 26 मार्च को दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक अनुमति दे दी गई है।

हावड़ा के काजीपाड़ा में राम नवमी की शोभायात्रा निकालने के लिए विश्व हिंदू परिषद समेत अन्य हिंदू संगठनों पुलिस से अनुमति मांगी थी। लेकिन पुलिस ने शोभायात्रा के मार्ग पर आपत्ति जताते हुए अनुमति देने से इन्कार कर दिया। इसके बाद आयोजकों ने शोभायात्रा की अनुमति के लिए हाई कोट्र का रुख किया। इस संबंध में न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने कहा कि पिछले वर्ष हाई कोर्ट ने इसी मार्ग पर राम नवमी की शोभायात्रा की अनुमति दी थी। इस बार राज्य ने फिर से शोभायात्रा के मार्ग पर आपत्ति जताई है। उन्होंने टिप्पणी की कि ऐसी आपत्तियों से नए संदेह उत्पन्न हो सकते हैं।

विश्व हिंदू परिषद की ओर से वकील कृष्णेंदु सरकार और अनिंद्य सुंदर दास ने कहा कि इस जुलूस में लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। पिछले साल कलकत्ता हाई कोर्ट ने 500 लोगों के जुलूस की अनुमति दी थी। इस साल पुलिस जुलूस की अनुमति नहीं दे रही है। राज्य के एडवोकेट जनरल किशोर दत्ता ने अदालत को बताया कि संविधान के अनुच्छेद 19 के अनुसार, सभी को जुलूस निकालने का अधिकार है। लेकिन आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए, इस जुलूस पर कुछ प्रतिबंध लगाए गए हैं। पुलिस द्वारा 12 मार्च को घोषित मार्ग का पालन करना होगा। 200 से अधिक समर्थक इस जुलूस में शामिल नहीं हो सकेंगे। इसके बाद, अदालत ने राज्य की दलील को खारिज करते हुए कहा कि जुलूस के आगे और पीछे चलने वाले वाहनों में पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था करनी होगी। जुलूस दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक निकलेगा। 500 प्रतिभागियों के फोटो सहित पहचान पत्र हावड़ा जिले के डीसीपी को पहले से भेजने होंगे। इस मामले की अगली सुनवाई एक अप्रैल को होगी। हाई कोर्ट ने राज्य को उस दिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। हिंदू जागरण मंच ने राज्य में राम नवमी मनाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## एसएसकेएम अस्पताल में युवक का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस



**कोलकाता :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना के बाद अब एसएसकेएम अस्पताल में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शुक्रवार सुबह अस्पताल की चौथी मंजिल पर जठरांत्र विभाग के बाह्य रोगी विभाग के पास युवक का फंदे से लटका शव बरामद किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक की पहचान इमरान सरदार (22) के रूप में हुई है। वह अस्पताल में संविदा पर सफाईकर्मी के रूप में कार्यरत था। शुक्रवार सुबह मुख्य भवन के सामने स्थित नए बाह्य रोगी भवन की चौथी मंजिल पर अन्य कर्मचारियों ने उसका शव लटका हुआ देखा। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

इस मौत को लेकर रहस्य बना हुआ है। पुलिस यह जांच कर रही है कि मामला आत्महत्या का है या फिर हत्या का।

बताया गया है कि अन्य दिनों की तरह शुक्रवार सुबह जब कर्मचारी जठरांत्र विभाग का बाह्य रोगी विभाग खोलने पहुंचे, तभी चौथी मंजिल के आठ नंबर कक्ष में इमरान का शव दिखाई दिया।

इधर, शुक्रवार सुबह ही आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में लिफ्ट में फंसने से एक व्यक्ति की मौत का मामला भी सामने आया। मृतक की पहचान अरूप बंद्योपाध्याय के रूप में हुई है, जो दमदम क्षेत्र के निवासी थे।

जानकारी के अनुसार वह अपनी पत्नी और चार वर्ष के पुत्र के साथ अस्पताल गए थे। उनके पुत्र का हाथ टूट गया था और उसका शल्य उपचार होना था। सुबह करीब पांच बजे वह ट्रॉमा उपचार केंद्र की लिफ्ट से पांचवीं मंजिल पर जा रहे थे। पत्नी और पुत्र लिफ्ट से बाहर निकल गए, लेकिन किसी कारणवश वह अंदर ही फंस गए।

बताया गया है कि तेज झटके के बाद लिफ्ट ऊपर जाने के बजाय नीचे तलघर में चली गई। काफी देर बाद जब लिफ्ट खोली गई तो उन्हें मृत अवस्था में बाहर निकाला गया। यह दुर्घटना यांत्रिक खराबी के कारण हुई या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच टाला थाना पुलिस कर रही है।

## टिकट नहीं मिलने पर दिलीप घोष की पत्नी ने भाजपा नेतृत्व से जताई नाराजगी

**कोलकाता :** बंगाल भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष की पत्नी व पार्टी की महिला इकाई की नेता रिंकू मजूमदार ने विधानसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं मिलने पर भाजपा नेतृत्व के खिलाफ सार्वजनिक रूप से अपनी नाराजगी जाहिर की है। रिंकू ने कहा कि उन्होंने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को अपनी नाराजगी से अवगत करा दिया है। पार्टी की दूसरी सूची जारी होने के अगले दिन शुक्रवार को रिंकू ने बिना नाम लिए विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी और बैरकपुर के पूर्व सांसद अर्जुन सिंह पर निशाना साधा। उन्होंने सुवेंदु और अर्जुन सिंह सहित उनके परिवार के सदस्य को भी टिकट मिलने पर आपत्ति जताई। रिंकू ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने विधानसभा चुनाव में कोलकाता से सटे राजारहाट-न्यूटाउन निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लडऩे के लिए भाजपा नेतृत्व को आवेदन दिया था। उन्होंने अपना बायोडाटा भी जमा कर दिया था। लेकिन गुरुवार को जब भाजपा द्वारा जारी दूसरी सूची में इस सीट से एक अन्य उम्मीदवार का नाम घोषित किया गया, तो रिंकू मजूमदार ने सार्वजनिक रूप से अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने राजारहाट-न्यूटाउन सीट से भाजपा के उम्मीदवार बनाए गए पीयूष कनोरिया का नाम लिए बिना कहा कि जिस व्यक्ति को टिकट दिया गया है, उस पर वित्तीय घोटालों के आरोप हैं। रिंकू ने शुक्रवार को बिधाननगर स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व बंगाल के प्रभारी सुनील बंसल से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि मैं दिलीप घोष से पहले से भाजपा संगठन से जुड़ी हुई हूं। मुझे टिकट मिलना चाहिए था। मालूम हो कि पार्टी ने रिंकू के पति दिलीप घोष को उनके पुराने निर्वाचन क्षेत्र खडग़पुर सदर से उम्मीदवार बनाया है, लेकिन रिंकू को टिकट नहीं दिया गया। रिंकू ने कहा कि मुलाकात के दौरान सुनील बंस ने मुझसे कहा है कि मैं दादा (दिलीप घोष) को जिताऊं। मैंने उनसे कहा कि दादा को जिताने के लिए मेरी जरूरत नहीं है। भाजपा कार्यकर्ता ही काफी हैं। लेकिन मैं खडग़पुर जाऊंगी और दिलीप घोष के लिए प्रचार करूंगी। इसके बाद रिंकू ने सुवेंदु अधिकारी और अर्जुन सिंह का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुझे यह तर्क दिया गया था कि एक ही परिवार के कई सदस्यों को टिकट नहीं दिया जाएगा। लेकिन ऐसा हुआ। अधिकारी परिवार और सिंह परिवार के कई लोगों को टिकट मिल गए। मालूम हो कि भाजपा ने सुवेंदु को दो विधानसभा सीटों- नंदीग्राम और भवानीपुर से उम्मीदवार बनाया है। वहीं, उनके छोटे भाई और तमलुक से पूर्व तृणमूल सांसद दिब्येंदु अधिकारी को पूर्व मेदिनीपुर के एगरा से टिकट मिला है।

## आरजी कर मामले की सुनवाई के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट की नई बेंच गठित

**पिछली डिवीजन बेंच ने समय के अभाव में मामले की सुनवाई से खुद को कर लिया था अलग**

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट की एक नई बेंच का गठन किया गया ताकि अगस्त 2024 में आरजी कर मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल की एक जूनियर डाक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई की जा सके। नई बेंच में जस्टिस राजशेखर मंथा और जस्टिस राय चट्टोपाध्याय शामिल हैं। इस बेंच का गठन इसलिए किया गया क्योंकि महीने की शुरुआत में जस्टिस देबांग्शु बसाक और जस्टिस मो. शब्बर रशीदी की पिछली डिवीजन बेंच ने समय के अभाव में इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। इसका कारण यह बताया गया कि अब वह बेंच आपराधिक मामलों की सुनवाई नहीं कर रही थी।

इससे पहले, इस मामले की सुनवाई पिछली बेंच को कलकत्ता हाई कोर्ट के उस समय के चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम ने सौंपी थी, क्योंकि उस समय वह बेंच आपराधिक मामलों की सुनवाई कर रही थी। जस्टिस बसाक और जस्टिस रशीदी की बेंच द्वारा मामले से अलग होने के बाद, इसे वर्तमान चीफ जस्टिस सुजय पाल के पास वापस भेजा गया। अंतत:, शुक्रवार को चीफ जस्टिस ने इस मामले की सुनवाई के लिए जस्टिस मंथा और जस्टिस चट्टोपाध्याय की नई डिवीजन बेंच को सौंप दिया। इस मामले में लंबी सुनवाई के बाद, कोलकाता की एक ट्रायल कोर्ट ने संजय राय को दोषी ठहराया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। हालांकि, पीड़ित डाक्टर के माता-पिता सीबीआइ की जांच के नतीजों से संतुष्ट नहीं थे। उन्हें लगता था कि अपराध के पीछे किसी और की भूमिका भी हो सकती है। इसी कारण उन्होंने सीबीआइ के नतीजों के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर की। पीड़ित परिवार ने इस मामले में त्वरित सुनवाई की भी मांग की। इस बीच, सीबीआइ दुष्कर्म और हत्या के इस अपराध के पीछे किसी बड़ी साजिश की आशंका को लेकर अपनी जांच जारी रखे हुए है।

## नेपाल से लूटे हथियार बंगाल तक पहुंचे, चुनाव में बढ़ी सुरक्षा एजेंसियों की चिंता

❑ एसटीएफ और खुफिया एजेंसियों की बड़ी कार्रवाई की तैयारी, अवैध हथियार तस्करी के नेटवर्क पर शिकंजा कसने की कवायद



**कोलकाता :** नेपाल में पिछले वर्ष हुए जनविरोध प्रदर्शनों के दौरान सरकारी शस्त्रागार से लूटे गए अत्याधुनिक हथियारों के बंगाल तक पहुंचने की आशंका ने सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। खुफिया सूत्रों के अनुसार नाइन एमएम पिस्टल, कार्बाइन और एके-47 जैसे हथियार तस्करी के जरिए राज्य के विभिन्न हिस्सों में पहुंचाए गए हैं, जो चुनावी माहौल में गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों के दौरान कई थानों में लूटपाट और आगजनी हुई थी। इसके बाद ये हथियार बिहार के किशनगंज के तस्करों तक पहुंचे और वहां से उत्तर व दक्षिण बंगाल के आपराधिक नेटवर्क में फैल गए। बंगाल पुलिस और विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने हालिया छापेमारी में कुछ हथियार बरामद भी किए हैं, जिनमें नेपाल के शस्त्रागार में बने हथियार शामिल हैं।

❑ **एक महिला और दिव्यांग युवक के पास मिले हैं हथियार**

ताजा कार्रवाई में एक महिला और एक दिव्यांग युवक को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से कार्बाइन और पिस्टल बरामद हुई। जांच में यह भी सामने आया है कि पिछले पांच वर्षों में मुंगेर और भागलपुर से बने हजारों अवैध हथियार राज्य में खपाए गए हैं। पुलिस अब तक ढाई से तीन हजार हथियार जब्त कर चुकी है और सैकड़ों तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, हालांकि इसे 'हिमशैल का सिरा' ही माना जा रहा है। खुफिया अधिकारियों का कहना है कि कई आपराधिक गिरोह राजनीतिक संरक्षण में काम कर रहे हैं, जिससे कार्रवाई में बाधा आती है। कुछ मामलों में वैध लाइसेंसी हथियार दिखाकर अवैध हथियारों के इस्तेमाल को छिपाने की कोशिश भी की जाती है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए राज्य पुलिस, एसटीएफ और सीआइडी के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई गई है, जो हथियारों की बरामदगी और तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए व्यापक अभियान चला रही है। गया और जमालपुर पैसेंजर जैसी ट्रेनों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, जिनका उपयोग तस्करी के लिए किया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में लगभग 1500 एजेंट इस अवैध कारोबार में सक्रिय हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए बड़े पैमाने पर छापेमारी की योजना बनाई गई है।

## एलपीजी संकट के कारण कोलकाता की ऐतिहासिक नाहूम एंड संस बेकरी अस्थायी रूप से बंद




**कोलकाता, समाज्ञा :** मध्य पूर्व में जारी युद्ध के कारण उत्पन्न ईंधन संकट का असर अब कोलकाता की प्रसिद्ध और लगभग एक सदी पुरानी बेकरी नाहूम एंड संस पर भी देखने को मिला है। एलपीजी की कमी के चलते प्रबंधन ने बेकरी को अस्थायी रूप से बंद रखने का निर्णय लिया है। न्यू मार्केट स्थित इस प्रतिष्ठित बेकरी के बाहर नोटिस लगाकर दुकान बंद कर दी गई है। जारी सूचना के अनुसार एलपीजी की आपूर्ति में आई कमी के कारण बेकरी 18 मार्च से 22 मार्च तक कुल पांच दिनों के लिए बंद रहेगी। इस खबर से शहर के केक प्रेमियों में निराशा देखी जा रही है, क्योंकि नाहूम एंड संस अपने पारंपरिक प्लम केक और फ्रूट केक के लिए लंबे समय से प्रसिद्ध है और खासकर त्योहारों के समय यहां ग्राहकों की भारी भीड़ रहती है। करीब सौ साल से अधिक पुरानी इस बेकरी को कोलकाता की खाद्य विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। ऐसे में इसके अस्थायी बंद होने की खबर से नियमित ग्राहकों के बीच मायूसी का माहौल है। अब लोग इंतजार कर रहे हैं कि गैस आपूर्ति सामान्य होने के बाद बेकरी कब दोबारा खुलेगी और उन्हें नाहुम के मशहूर केकों का स्वाद फिर से चखने को मिलेगा। हालांकि, प्रबंधन की ओर से फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि एलपीजी आपूर्ति सामान्य होने के बाद बेकरी कब से नियमित रूप से खुल पाएगी।

## मतदाता सूची जारी होने के बाद मिलेगा अपील का मौका

❑ अपील प्राधिकरण के रूप में जिलावार पूर्व न्यायाधीशों को जिम्मेदारी

**कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 19 पूर्व न्यायाधीशों को अपील प्राधिकरण के रूप में नियुक्त किया गया है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने से संबंधित शिकायतों की सुनवाई ये प्राधिकरण करेंगे। कोलकाता, उत्तर 24 परगना, हावड़ा, दार्जिलिंग, मुर्शिदाबाद समेत सभी जिले इस व्यवस्था के दायरे में आएंगे।

मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद आवेदक अपील कर सकेंगे। अपील ऑनलाइन (ईसीआई नेट) या जिला अधिकारी (डीएम) और उप-मंडल अधिकारी (एसडीओ) के कार्यालय में जाकर की जा सकती है। सभी अपीलों के निपटारे के बाद ट्रिब्यूनलों का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। यह जानकारी चुनाव आयोग (ईसीआई) की ओर से जारी अधिसूचना में दी गई है।

**जिलावार जिम्मेदारी इस प्रकार है:**

■ उत्तर 24 परगना व कोलकाता - टीएस शिवगणनम (पूर्व मुख्य न्यायाधीश)
■ उत्तर 24 परगना - प्रदीप्त रॉय (पूर्व न्यायाधीश)
■ पूर्व मेदिनीपुर - तपन सेन (पूर्व न्यायाधीश)
■ कूचबिहार - प्रणब कुमार दे (पूर्व न्यायाधीश)
■ पूर्व बर्धमान - प्रभात कुमार दे (पूर्व न्यायाधीश)
■ नदिया - रघुनाथ रॉय (पूर्व न्यायाधीश)
■ हावड़ा - अशोक कुमार दासाधिकारि (पूर्व न्यायाधीश)

--------------------

■ दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, जलपाईगुड़ी व अलीपुरद्वार - दीपक साहा रॉय (पूर्व न्यायाधीश)
■ पश्चिम मेदिनीपुर व झाड़ग्राम - अनिंदिता रॉय सरस्वती (पूर्व न्यायाधीश)
■ दक्षिण दिनाजपुर - तौफीक उद्दीन (पूर्व न्यायाधीश)
■ मुर्शिदाबाद - इंद्रजीत चटर्जी (पूर्व न्यायाधीश)
■ दक्षिण 24 परगना - रंजीत कुमार बाग (पूर्व न्यायाधीश)
■ हुगली - संपत्ति चटर्जी (पूर्व न्यायाधीश)

--------------------

■ पुरुलिया व बांकुड़ा - मो. मुमताज खान (पूर्व न्यायाधीश)
■ पश्चिम बर्धमान - मीर दारा शेखो (पूर्व न्यायाधीश)
■ उत्तर दिनाजपुर - देवी प्रसाद दे (पूर्व न्यायाधीश)
■ मुर्शिदाबाद - विश्वजीत बसु (पूर्व न्यायाधीश)
■ बीरभूम - मनोजित मंडल (पूर्व न्यायाधीश)
■ मालदा - सिद्धार्थ रॉय चौधरी (पूर्व न्यायाधीश)।



दक्षिण 24 परगना (सोनारपुर): पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले सोनारपुर क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा उम्मीदवार रूपा गांगुली पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ।

## हाई कोर्ट ने यूएपीए आरोपित को वोट डालने के लिए घर जाने की दी अनुमति

❑ वर्ष 2022 में बेलडांगा हुए विस्फोट के मामले में हुई थी गिरफ्तारी, ईद के लिए भी मिली राहत

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपित मोहम्मद इमादुल हक को आगामी विधानसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने हक की जमानत शर्तों में ढील देते हुए उसे 23 अप्रैल को मतदान में शामिल होने के लिए मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा थाना क्षेत्र में स्थित घर जाने की अनुमति दी है।

यह मामला वर्ष 2022 के बेलडांगा विस्फोट से जुड़ा है। न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्व सिन्हा राय की खंडपीठ ने हक की उस याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया, जिसमें उसने विशेष रूप से मतदान करने और ईद के त्यौहार के लिए जमानत शर्तों में छूट की मांग की थी। वर्तमान में हक न्यायालय के पिछले आदेशानुसार मुर्शिदाबाद जिले के बरहमपुर थाना क्षेत्र की सीमा में रह रहा था।

❑ **न्यायालय की टिप्पणी और आधार**

सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने पाया कि आरोपित इमादुल हक को इससे पूर्व 26 अगस्त 2025 को न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की खंडपीठ द्वारा जमानत दी गई थी। उस समय जमानत की शर्तों के तहत उसे बेलडांगा थाना क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया था। हालांकि, वर्तमान खंडपीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि मई 2022 से मार्च 2025 के बीच जब आरोपित पूर्व में जमानत पर था, तब उसके द्वारा जमानत की शर्तों के उल्लंघन या किसी भी प्रकार के दुरुपयोग का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। न्यायालय ने यह भी रेखांकित किया कि वर्तमान में मुकदमा (ट्रायल) जल्द समाप्त होने की कोई संभावना नहीं दिख रही है।

❑ **त्यौहार और लोकतंत्र का सम्मान**

मानवीय आधार और संवैधानिक अधिकारों का सम्मान करते हुए अदालत ने हक को 20 मार्च को ईद मनाने के लिए घर जाने और 22 मार्च तक वापस लौटने की अनुमति दी। इसके साथ ही, 23 अप्रैल को विधानसभा चुनाव में मतदान के लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने हेतु उसे फिर से घर जाने की छूट दी गई है। यह फैसला इस दृष्टि से महत्व-पूर्ण माना जा रहा है कि एक गंभीर आरोपों वाले मामले में भी न्यायालय ने व्यक्ति के वोट देने के बुनियादी अधिकार को प्राथमिकता दी है।

## ब्रह्मा द्वारा रचित सृष्टि का साक्ष्य है नव सम्वत्सर - आचार्य डॉ. राकेश कुमार पाण्डेय

**विराट शोभायात्रा एवं गंगा महाआरती से हुआ नववर्ष का स्वागत**




**कोलकाता :** कोलकाता महानगर की सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक स्वनाम धन्य संस्था भारतीय संस्कृति संवर्द्धन समिति के तत्वावधान में भारतीय वैदिक नवसंवत्सर सृष्टि संवत् 1955885127 (एक अरब पंचानबे करोड़ अठ्ठावन लाख पचासी हजार एक सौ सताईस) विक्रम संवत् 2083 के स्वागत में संवत्सर की संध्या पर एक विराट एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा वैदिक मंत्रोच्चार, बाजे-गाजे के साथ नृत्य गीत करते हुए हजारों की संख्या में सनातनी हिन्दू सम्मिलित हुए। विभिन्न प्रकार की झांकियों से सजी हुई शोभा यात्रा सनातन धर्म और वैदिक कालगणना की प्राचीनतमता को प्रस्तुत कर रही थी। सुंदर सुंदर झांकियां, जिनमें प्रमुख रूप से राम दरबार, दुर्गा माता, हनुमान जी के रूप में आकर्षण का केंद्र बनी थी। विवेक वाहिनी, शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, भारतमाता का रथ, राजस्थानी, मराठी व बंगाली नृत्य वाहिनी लोगों का मनमोह रहे थे। कलाकार दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर रहे थे। शोभायात्रा का लाइव प्रसारण भी किया गया, जिससे सुदूर रहने वाले सनातनी भाई बहन भी लाभान्वित हुए।

शोभा यात्रा पाथुरिया घाट स्ट्रीट, कोलकाता बिनानी धर्मशाला के पास से प्रारंभ होकर मालापाड़ा, कलाकार स्ट्रीट, महात्मा गांधी रोड, रवींद्र सरणी, कंपनी बगान तथा नीमतल्ला घाट स्ट्रीट होते हुए बाबा भूतनाथ मंदिर के पास पहुंची जहां भूतनाथ घाट पर निर्मल गंगा चेतना मंच के द्वारा मां गंगा की भव्य आरती के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस शोभा यात्रा में महानगर की अनेक संस्थाओं निर्मल गंगा चेतना मंच, संस्कृति प्रचार समिति, बाल हनुमान मंदिर, विश्व हिंदू परिषद, गायत्री परिवार, श्याम प्रेम मंडल, शाकाहार (अहिंसा परमो धर्म), काठगोला स्वर्णिम फाउंडेशन तथा श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार महिला समिति आदि ने झांकियों के साथ भाग लिया। समारोह का उद्घाटन उद्य-ोगपति एवं विशिष्ट समाजसेवी सज्जन कुमार बंसल ने किया, दीप प्रज्वलन विशिष्ट समाजसेवी आनंद गुप्ता (ढाकालिया) ने किया। वहीं, समारोह की अध्यक्षता प्रमोद गुप्ता ने किया। प्रधान अतिथि प्रदीप गुप्ता, विशिष्ट अतिथिगण सत्यनारायण देवरालिया, विनोद सुलतानिया, शरद सेठ, राजेश सारडा, किशन किल्ला, नवीन सरावगी, डॉ. एस. के. अग्रवाल, अशोक कुमार ढांढनियां, पार्षद वार्ड-20 विजय उपाध्याय, पूर्णिमा चक्रवर्ती की गणमान्य उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। आयोजन समिति के अध्यक्ष बसंत सेठिया, आयोजन समिति के मंत्री मनमोहन बागड़ी, स्वागत समिति के अध्यक्ष विकास धनानियां आदि गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन सुप्रसिद्ध समाजसेवी सुभाष मुरारका ने किया। हिमांशु सोनी ने एकल गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया। अंगवस्त्र, मुक्ताहार एवं स्मृति चिह्न देकर मंचासीन अतिथियों का स्वागत अभिनंदन समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य डॉ. राकेश कुमार पाण्डेय ने स्वागत भाषण दिया। समिति के मंत्री शैलेश बागड़ी ने संस्था का परिचय प्रस्तुत किया। संचालन समिति के उपाध्यक्ष संजय मंडल ने तथा धन्यवाद ज्ञापन यश बिनानी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्यों ने का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समापन समारोह कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ संपन्न हुआ।

## मेट्रो रेलवे में 'विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025' समारोह आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे में 'विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (वीआरएसपी)-2025' के वितरण समारोह का आयोजन गुरुवार को मेट्रो रेल भवन में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक सुभ्रांशु एस. मिश्रा ने मेट्रो रेलवे महिला कल्याण संगठन (एमआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) की अध्यक्ष मधुमिता मिश्रा की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाएं प्रदान करने वाले मेट्रो रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम में सभी प्रधान विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक सुभ्रांशु एस. मिश्रा ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच टीमों को दक्षता शील्ड भी प्रदान की। इनमें नोआपाड़ा शॉप्स, कालीघाट मेट्रो स्टेशन सहित अन्य इकाइयां शामिल हैं। इस समारोह में मेट्रो रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी संघों और विभिन्न संगठनों के सदस्य भी उप-स्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक सुभ्रांशु एस. मिश्रा ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान विभिन्न क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट योगदान की पहचान है। उन्होंने मेट्रो रेलवे के सभी कर्मचारियों को भी धन्यवाद दिया और कहा कि उनके सामूहिक प्रयासों से विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर सुधार संभव हो पाया है।

## टीएमसी राज में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल, घुसपैठियों की समस्या बढ़ी : मंगल पांडेय

❑ तृणमूल कांग्रेस के घोषणापत्र को बताया भ्रामक
❑ मुर्शिदाबाद हिंसा, संदेशखाली मामला और शिक्षक भर्ती घोटाले का किया जिक्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल भाजपा के प्रभारी तथा बिहार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय ने तृणमूल कांग्रेस द्वारा विधानसभा चुनाव के लिए जारी किए गए घोषणापत्र की आलोचना करते हुए कहा कि यह जनता को भ्रमित करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र में किए गए 10 वादों को खारिज करते हुए बंगाल के लोगों से एकजुट होकर राज्य को बचाने के लिए तृणमूल के खिलाफ लडने की अपील की। मंगल पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा घोषित दस वादों को जनता गंभीरता से नहीं ले रही है। उनके अनुसार, राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार खराब हो रही है और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आई हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की समस्या बढ़ती जा रही है, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में राज्य में माफिया और गुंडाराज को बढ़ावा मिला है, जिससे हिंसा की राजनीति को बल मिला है। मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा, संदेशखाली प्रकरण और शिक्षक भर्ती घोटाले जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कई मामलों में लोगों को न्याय नहीं मिल पाया है। मंगल पांडेय ने कहा कि तृणमूल के घोषणापत्र में महिला सुरक्षा और बांग्लादेशी घुसपैठ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि बंगाल की जागरूक जनता इस बार राज्य के भविष्य को ध्यान में रखते हुए फैसला करेगी और विकास के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का समर्थन करेगी।

### मिर्जापुर और बलरामपुर में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत

**मिर्जापुर/बलरामपुर:** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर और बलरामपुर जिलों में शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक वृद्ध किसान समेत दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मिर्जापुर जिले के पड़री थाना क्षेत्र के चांदलेवा (छप्पन) गांव में शुक्रवार को सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक वृद्ध किसान गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान हरिशंकर (70) के रूप में हुई है। अपर जिलाधिकारी (एडीएम) अजय कुमार सिंह ने बताया कि हरिशंकर प्रतिदिन की तरह सुबह अपने खेत में कृषि कार्य करने गया था। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने से हरिशंकर उसकी चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया और अचेत होकर गिर पड़ा।

### झारखंड के जमशेदपुर में एक मरीज ने अस्पताल भवन के चौथे तल से कूदकर जान दी

**जमशेदपुर:** झारखंड के जमशेदपुर में सरकारी अस्पताल में शुक्रवार तड़के एक मरीज ने कथित तौर पर इमारत की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह मरीज पास के परशुडीह क्षेत्र का निवासी था। मरीज के परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह एचआईवी संक्रमित था और उसे तपेदिक भी था एवं उसे 16 मार्च को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस के मुताबिक, उसने बृहस्पतिवार रात भी खिड़की से दो बार कूदने की कोशिश की थी, लेकिन उसकी मां ने उसे रोक लिया था। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार तड़के करीब चार बजे जब मरीज की मां सो रही थी तब उसने चौथे तल से कथित रूप से छलांग लगा ली। उसकी मौके पर मौत हो गई। एमजीएम थाने के प्रभारी सचिन कुमार दास ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### गंगा में नौका पर चिकन बिरयानी खाने के मामले में गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा

**वाराणसी (उप्र):** वाराणसी की एक अदालत ने गंगा नदी में नौका पर इफ्तार पार्टी आयोजित करने और कथित रूप से चिकन बिरयानी खाने के मामले में गिरफ्तार 14 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एक अधिवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिविजन) अमित कुमार यादव ने बृहस्पतिवार को सभी आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज करते हुए उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शिकायतकर्ता रजत जायसवाल के वकील शशांक शेखर त्रिपाठी के अनुसार, आरोपियों ने एक नाविक को धमकाया और जबरन अपने साथ ले जाकर नदी में उसकी नौका पर पार्टी की। घटना का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद इन 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उसी दिन भाजपा युवा मोर्चा की नगर इकाई के अध्यक्ष रजत जायसवाल ने लिखित शिकायत दी थी।

### झारखंड में पत्नी की शिकायत पर हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने थाने में आत्महत्या की

**कोडरमा:** झारखंड के कोडरमा जिले में पत्नी की शिकायत पर हिरासत में लिए गए 40 वर्षीय व्यक्ति ने शुक्रवार को थाने के अंदर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, पारसबाद कटिया गांव के निवासी विजय यादव को बृहस्पतिवार रात हिरासत में लिया गया। यादव की पत्नी चमेली देवी ने पारसबाद पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पति ने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट की। उन्होंने बताया कि यादव को हिरासत में लेकर जैनगर थाने ले जाया गया। शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे उसकी पत्नी और बेटी मिलने थाने आईं और थोड़ी देर बाद दोनों चली गईं। अधिकारी ने बताया कि इसी दौरान यादव ने पुलिसकर्मियों की थोड़ी देर की अनुपस्थिति के बीच आत्महत्या कर ली। उसे तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



**मथुरा (उप्र):** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। राष्ट्रपति मुर्मू ने यहां वृंदावन स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम में नवनिर्मित 'नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक' (कैंसर चिकित्सा केंद्र) के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 'एक सशक्त और 'आत्मनिर्भर' भारत तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों।' राष्ट्रपति ने कहा, 'आज कैंसर सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। इस बीमारी का समय पर पता चलना और उच्च स्तरीय उपचार मरीज की जान बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन कुछ परिवारों के लिए आर्थिक परिस्थितियों के कारण इस बीमारी का इलाज मुश्किल या लगभग असंभव सा लगता है।' मुर्मू ने कहा, 'ऐसे समय में जनसेवा की भावना से काम करने वाले संगठन समाज कल्याण में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।' राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उत्तर प्रदेश की तीन दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन मथुरा-वृंदावन में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो रही हैं।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की, आध्यात्मिक चर्चा की

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के अपने दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार सुबह संत प्रेमानंद से मुलाकात कर उनसे आध्यात्मिक चर्चा की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति 19 मार्च से उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। बृहस्पतिवार को अयोध्या में दर्शन-पूजन के बाद वह मथुरा पहुंचीं, जहां उन्होंने शुक्रवार सुबह आध्यात्मिक कार्यक्रमों से दिन की शुरुआत की मुर्मू वृंदावन में राधा केली कुंज स्थित संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचीं, जहां उन्होंने संत के प्रवचन सुने। यह सप्ताह इसलिए भी विशेष है क्योंकि बृहस्पतिवार को संत प्रेमानंद जी महाराज का जन्मदिन था। आश्रम में राष्ट्रपति ने प्रेमानंद जी महाराज से आध्यात्मिक चर्चा की और उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम किया। संत प्रेमानंद ने प्रसन्न मुद्रा में 'राधे-राधे' कहकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर आश्रम के सेवादारों ने माला पहनाकर और चुनरी ओढ़ाकर राष्ट्रपति का स्वागत किया। मुर्मू ने संत प्रेमानंद महाराज को जन्मदिन की बधाई भी दी।



### मेट्रो परियोजनाओं का समय अनुकूल विकास और नियंत्रित लागत जरूरी : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि जयपुर शहर की जनता को मेट्रो के जरिये सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार निरंतर काम कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को जयपुर मेट्रो के विस्तार की योजना में सभी प्रमुख स्थानों को शामिल करने के निर्देश दिए। शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर मेट्रो के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। इसमें उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर मेट्रो परियोजनाओं का समय अनुकूल विकास एवं नियंत्रित लागत बेहद जरूरी है। इसी क्रम में घनी आबादी वाले क्षेत्र के लिए मेट्रो के विस्तार चरण को मौजूदा मेट्रो लाइन से जोड़ने की कार्ययोजना को प्रमुखता से बनाया जाए। उल्लेखनीय है कि बजट वर्ष 2025-26 में जगतपुरा एवं वैशाली नगर क्षेत्रों में मेट्रो के विस्तार हेतु परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने की घोषणा की गई थी। इसी क्रम में जयपुर मेट्रो के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के सामने अपनी प्रस्तुति दी। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने बढ़ती आबादी को ध्यान में रखकर मेट्रो को आमेर, बगराना (आगरा रो), जगतपुरा एवं आईएसबीटी हीरापुरा तक विस्तार देने के लिए मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए।

### वृंदावन का प्रत्येक कण श्रीकृष्ण की लीलाओं का साक्षी : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

मथुरा, 20 मार्च (भाषा) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वृंदावन की पावन धरा को दिव्यता और भक्ति का जीवंत प्रतीक बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यहां का प्रत्येक कण भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का साक्षी है। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में वृंदावन धाम स्थित रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम चैरिटेबल अस्पताल के नवनिर्मित ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन करने के बाद मुर्मू ने अपने संबोधन में वृंदावन की पावन धरा को दिव्यता और भक्ति का जीवंत प्रतीक बताते हुए कहा कि यहां का प्रत्येक कण भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का साक्षी है। उन्होंने मथुरा-वृंदावन की इस भूमि को सदियों से संतों और भक्तों को आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने वाली तपोभूमि बताया। उन्होंने कहा कि जनकल्याण हेतु समर्पित एक उत्कृष्ट चिकित्सा केंद्र का इस पावन भूमि पर विकास अत्यंत पुण्य और प्रेरणादायक कार्य है। राष्ट्रपति ने रामकृष्ण मिशन को आध्यात्मिक चेतना और मानवीय सेवा के संगम का सशक्त प्रतीक बताते हुए कहा कि मिशन ने नर सेवा ही नारायण सेवा के संदेश को अपने कर्म और आचरण से साकार किया है। मुर्मू ने कहा कि प्रेम, सेवा और करुणा ही ईश्वर तक पहुंचने का सर्वोत्तम मार्ग है। राष्ट्रपति ने रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम चैरिटेबल अस्पताल द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान न केवल रोगों का उपचार करते हैं, बल्कि समाज में मानवता, करुणा और सेवा के मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा, रामकृष्ण परमहंस की गहन भक्ति ने एक शक्तिशाली आध्यात्मिक धारा को जन्म दिया- एक ऐसी शक्ति जिसे उनके विश्व विख्यात शिष्य स्वामी विवेकानंद ने बाद में मानवता के कल्याण के लिए संस्थागत रूप दिया। मुर्मू ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस के आदर्शों का अनुकरण करते हुए, इस संस्था के भिक्षु अपने कार्यों और आचरण के माध्यम से मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है के संदेश को मूर्त रूप दे रहे हैं। उन्होंने कहा, यह मिशन 118 वर्षों से लोगों की निष्ठापूर्वक सेवा कर रहा है। उन्होंने जनहित के कार्यों से यह सिद्ध किया है कि सच्ची नि:स्वार्थ सेवा और करुणा ही आध्यात्मिकता की वास्तविक अभिव्यक्ति है।'

## बागपत, बिजनौर, बुलंदशहर में कुट्टू से बना फलाहार खाने से एडीएम समेत 85 से अधिक लोग बीमार

**बागपत/बिजनौर/बुलंदशहर:** उत्तर प्रदेश के बागपत, बिजनौर और बुलंदशहर जिलों में कुट्टू के आटा से बने खाद्य पदार्थ के सेवन से एक अपर जिलाधिकारी समेत 85 से अधिक लोग बीमार पड़ गये। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नवरात्र के दौरान बागपत जिले में कुट्टू के आटे से बना भोजन खाने के बाद अपर जिलाधिकारी (एडीएम-न्यायिक) शिव नारायण सिंह समेत 18 से अधिक लोग बीमार हो गए। सभी को उपचार के लिए जिला संयुक्त अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बड़ौत में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, बृहस्पतिवार की शाम शिव नारायण सिंह, उनके सहायक कर्मचारी सतीश कश्यप तथा अन्य लोगों ने कुट्टू के आटे से बने व्यंजन का सेवन किया था। इसके कुछ ही देर बाद उन्हें उल्टी, बेचैनी और अन्य दिक्कतें महसूस होने लगीं। स्थिति बिगड़ने पर सभी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना में कासिमपुर खेड़ी गांव के एक ही परिवार के नौ सदस्य, मलकपुर गांव के छह लोग तथा बावली गांव के दो लोग भी शामिल हैं, जो विषाक्त भोजन खाने से प्रभावित हुए और उन्हें उपचार की जरूरत पड़ी। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जांच शुरू कर दी है। खाद्य सुरक्षा विभाग के उपायुक्त डी पी सिंह ने बताया कि संबंधित कुट्टू के आटे के स्रोत का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस दुकानदार द्वारा यह आटा बेचा गया है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संदिग्ध दुकानों से नमूने लेकर जांच की जाएगी।



### संभल की शाही जामा मस्जिद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज हुई

**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमे की नमाज संपन्न हुई और यहां पर बड़ी संख्या में नमाजियों ने नमाज अदा की। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कुलदीप सिंह ने बताया कि आज संभल की शाही जामा मस्जिद सहित कई मस्जिदों में अलविदा की नमाज कुशल पूर्वक संपन्न हो गई। सभी थाना प्रभारियों सहित बड़ी संख्या में पुलिस की व्यवस्था की गई और इसके साथ ही अब शनिवार की ईद के लिए भी पुलिस का व्यापक बंदोबस्त किया गया। वहीं, मोहम्मद इरफान ने कहा कि आज उन्होंने अलविदा की नमाज पढ़ी और कल ईद का त्योहार मनाएंगे। नमाजी अख्तर हुसैन ने बताया कि शनिवार को ईद है, जिसके चलते आज उन्होंने शाही जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज पढ़ी है और देश में अमन चैन कायम हो इसके लिए दुआ की है।

### अवंती बाई का अद्वितीय साहस, सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीरांगना अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनका अद्वितीय साहस, नेतृत्व और सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना, राष्ट्र-स्वाभिमान की अमर प्रतीक रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि। मुख्यमंत्री ने कहा, मातृभूमि की रक्षा हेतु उनका अद्वितीय साहस, नेतृत्व और सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उनका जीवन नारी शक्ति और राष्ट्रभक्ति का प्रेरक उदाहरण है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 1857 की क्रांति में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाली महान वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर कोटि-कोटि नमन। उन्होंने कहा, उनके अद्वितीय साहस, निडर संघर्ष और असाधारण बलिदान को देश सदैव याद रखेगा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अदम्य साहस एवं शौर्य की प्रतीक, 1857 स्वतंत्रता संग्राम की अमर 'वीरांगना' रानी अवंती बाई लोधी जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

# बिहार : नीतीश कुमार ने 1,422 करोड़ रुपये की योजनाओं की शुरुआत की

गया जी/औरंगाबाद: बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपनी 'समृद्धि यात्रा' के दौरान गया जी और औरंगाबाद जिलों में करीब 1,422 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने दोनों जिलों में चल रही विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कुमार ने गया जी जिले में 744 करोड़ रुपये की 673 विकास योजनाओं की शुरुआत की। इनमें 367 करोड़ रुपये की लागत से 553 योजनाओं का उद्घाटन और 377 करोड़ रुपये की लागत से 140 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। गया जी में मुख्यमंत्री ने बांके बाजार प्रखंड में बड़की और मझियावां नदियों पर पुल निर्माण, प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय एवं आवासीय भवन, बड़ा बांध चेक डैम सिंचाई परियोजना तथा कोठी और सलैया होते हुए इमामगंज-पकरी (झारखंड सीमा) सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण समेत विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 13,334 महिलाओं को 609 करोड़ रुपये के प्रतीकात्मक चेक भी प्रदान किया। इसके बाद औरंगाबाद में मुख्यमंत्री ने करीब 678 करोड़ रुपये की 262 परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जिनमें 123 करोड़ रुपये की लागत से 142 योजनाओं का उद्घाटन तथा 555 करोड़ रुपये की लागत से 120 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने जिले के बारुण नगर पंचायत के वार्ड संख्या-3 का दौरा कर 'जल-जीवन-हरियाली अभियान' के तहत पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं की प्रगति का निरीक्षण किया, जिसका उद्देश्य औरंगाबाद (24,935 घरों), डेहरी और सासाराम शहरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। उन्होंने देव नगर पंचायत में रिंग रोड निर्माण, विष्णुपुर नहर निर्माण, ट्रॉमा सेंटर का विकास, औरंगाबाद शहर में अदरी नदी के किनारे रिवरफ्रंट विकास, खेल परिसर एवं स्टेडियम निर्माण सहित अन्य परियोजनाओं की भी समीक्षा की।



### नीतीश कुमार ने जद(यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए चौथी बार भरा नामांकन

**पटना:** जनता दल (यूनाइटेड) के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने चौथी बार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन दाखिल किया। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि निकट भविष्य में पार्टी की दिशा और रणनीति पर उनका ही नियंत्रण रहेगा। जद(यू) के सूत्रों के अनुसार, नीतीश का निर्वाचन लगभग निर्विरोध होने की संभावना है। राजधानी दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के माध्यम से नामांकन दाखिल किया गया, जबकि स्वयं नीतीश कुमार इस प्रक्रिया में शामिल नहीं हुए। इस कदम को राजनीतिक रूप से प्रतीकात्मक माना जा रहा है। यह संकेत देता है कि नीतीश कुमार संगठनात्मक नियंत्रण को प्राथमिकता दे रहे हैं और प्रशासनिक जिम्मेदारियों से कुछ दूरी बनाकर रणनीतिक भूमिका निभाना चाहते हैं। नामांकन प्रक्रिया 22 मार्च तक जारी रहेगी और 24 मार्च को इसकी आधिकारिक घोषणा होने की संभावना है।

## न्यूज अपडेट

### वाराणसी में निजी विवाद को लेकर कॉलेज के छात्र की गोली मारकर हत्या



**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित उदय प्रताप कॉलेज के परिसर में शुक्रवार को आपसी विवाद के चलते एक छात्र की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान सूर्य प्रताप सिंह (22) के रूप में हुई है। पुलिस उसे तुरंत अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला दो छात्रों के बीच आपसी रंजिश का प्रतीत होता है। उन्होंने कहा, प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि यह घटना आपसी दुश्मनी का परिणाम है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान मंजीत सिंह चौहान के रूप में हुई है, जो वाराणसी का निवासी है और घटना के बाद से फरार है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छह टीमों का गठन किया गया है। साथ ही, इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### राजस्थान : विहिप ने धर्म परिवर्तन व उत्पीड़न के मामलों में मदद के लिए हेल्पलाइन शुरू की

**जयपुर:** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने धर्म परिवर्तन व उत्पीड़न के मामलों में मदद के लिए हेल्पलाइन शुरू करने की घोषणा की है। संगठन के एक पदाधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि यह हेल्पलाइन 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय प्रवक्ता अमितोश पारीक, प्रांत सहमंत्री विवेक दिवाकर एवं हेल्पलाइन संयोजक नरेंद्र गौड़ ने यहां मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'हिंदू समाज के हितों की रक्षा एवं आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु परिषद द्वारा 247 हेल्पलाइन नंबर 9024669328 जारी किया गया है।' पदाधिकारियों ने बताया कि इस हेल्पलाइन के माध्यम से 'लव जिहाद', 'जमीन जिहाद', धर्म परिवर्तन तथा हिंदुओं के उत्पीड़न से संबंधित मामलों में शीघ्र सहायता एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रवक्ता ने इस तरह की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए समाज में शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज की सजगता एवं एकजुटता से ही ऐसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

### यूपी : कई जिलों में तेज हवाएं चली, गरज के साथ बारिश

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बृहस्पतिवार शाम से ही तेज हवाएं चलने और गरज के साथ बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से सटे ज्यादातर जिलों और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई तथा बिजली गिरी जिससे तापमान में काफी गिरावट आई। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र-लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने कहा कि इस मौसम का प्रभाव पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य क्षेत्र और बुंदेलखंड में बने रहने की संभावना है और प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में तेज हवाएं चलने और गरज के साथ बारिश होने का अनुमान है। राज्य के फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, मेरठ, अलीगढ़, मथुरा, आगरा और इटावा समेत 27 जिलों में मूसलाधार बारिश के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा कि मौजूदा मौसम से अगले दो दिनों में तापमान में पांच से सात डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्की बारिश हुई और शहर का अधिकतम तापमान घटकर 23.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया जोकि सामान्य से करीब 10 डिग्री कम है। वहीं, न्यूनतम तापमान 20.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

### पीलीभीत में 82 दिनों से लापता युवती का शव नहर से बरामद

**पीलीभीत:** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में शुक्रवार सुबह हरदोई शाखा नहर से पुलिस ने एक युवती का कंकाल बरामद किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार चित्तरपुर पुल के पास नहर में तैरते मिले इस कंकाल की पहचान माधोटांडा थाना क्षेत्र के कलीनगर निवासी रमेश राजपूत की पुत्री रोशनी (18) के रूप में हुई है, जो अपने घर से पिछले 82 दिनों से लापता थी। माधोटांडा थाना के प्रभारी अशोक पाल ने संवाददाताओं से कहा, कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।

### बलिया में नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी हिरासत में

**बलिया:** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के बांसडीह रोड थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोप में उसके गांव के ही लड़के को पुलिस ने शुक्रवार को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय लड़की को उसके गांव के ही रहने वाले एक नाबालिग लड़के (17) ने गत 13 मार्च को दोपहर में अगवा कर लिया। इस मामले में लड़की के पिता की तहरीर पर 18 मार्च को गांव के ही रहने वाले लड़के के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) (अपहरण) में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी वंश बहादुर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने बृहस्पतिवार को लड़की को थाना क्षेत्र के एक स्थान से मुक्त करा लिया। पीड़िता ने पुलिस को बयान दिया कि उसे गांव के ही एक लड़के ने अगवा किया तथा उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि लड़की के बयान के आधार पर मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित तथा यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### अलीगढ़ में शिकायत दर्ज कराने गई दुष्कर्म पीड़िता के साथ छेड़छाड़

**अलीगढ़:** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के क्वार्सी थाने में तैनात एक मुख्य आरक्षी (हेड कांस्टेबल) को एक दुष्कर्म की पीड़ित महिला से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है तथा उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मुख्य आरक्षी इमरान खान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसे निलंबित कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरक्षी पर एक महिला के साथ अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ करने का आरोप है। यह महिला कथित तौर पर दुष्कर्म की शिकार थी और इसी आरोप में शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस थाने गई थी।

## ईद और रामनवमी से पहले झारखंड में सुरक्षा बढ़ायी गयी

रांची, 20 मार्च (भाषा) ईद, सरहुल और राम नवमी के मद्देनजर झारखंड में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भीड़-भाड़ पर नजर रखने के लिए प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे एवं ड्रोन लगाये जा रहे हैं और वीडियो कैमरों से लैस सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया जा रहा है। ईद अल-फितर और जनजातीय त्योहार सरहुल शनिवार को मनाया जाएगा जबकि राम नवमी 27 मार्च को मनाई जाएगी। बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बिगाड़ने के किसी भी प्रयास के खिलाफ कार्रवाई की जाए। रांची के उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने कहा, 'आगामी त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशों के मद्देनजर एक बैठक आयोजित की गई। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही पर्याप्त तैयारी रखें।' उपायुक्त ने कहा, 'मैंने अधिकारियों को संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की पहचान करने का निर्देश दिया है। वहां पर्याप्त मजिस्ट्रेटों और पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ विशेष सतर्कता बरती जानी चाहिए।'

## कोच्चि के पास वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

**कोच्चि :** केरल में अलुवा के पास वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर कथित तौर पर पथराव करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान अंगमाली के पास पराकडावु निवासी सुजीत सुरेश (19) के रूप में हुई है। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार, यह घटना सात मार्च को हुई जब तिरुवनंतपुरम और मंगलुरु के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस पर नेदुम्बस्सेरी हवाई अड्डे के पास पत्थर फेंके गए। पथराव से रेलगाड़ी की साइड की खिड़कियों के शीशों को मामूली नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद, आरपीएफ और रेलवे पुलिस ने जांच शुरू की।

## केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को मिली जान से मारने की धमकी, शिकायत दर्ज कराई

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को एक अज्ञात व्यक्ति से कथित तौर पर जान से मारने की धमकी मिली है, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री चौधरी को बृहस्पतिवार को एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा फोन आया, जिसके बाद उनकी सुरक्षा की तुरंत समीक्षा की गई। पुलिस ने बताया कि चौधरी की ओर से तुगलक रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है और मामले की जांच जारी है। उसने बताया कि फोन के स्रोत का पता लगाने और फोन करने वाले की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सीबीआई ने आरकॉम ऋण 'धोखाधड़ी' मामले में अनिल अंबानी से सात घंटे पूछताछ की

**नयी दिल्ली :** सीबीआई ने भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) और अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज 2,929 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले के संबंध में शुक्रवार को उद्योगपति से सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगातार दूसरे दिन, अनिल अंबानी सुबह करीब 10 बजे एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे और शाम करीब 5.15 बजे कार्यालय से रवाना हुए। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बैंक द्वारा कंपनी को जारी की गई ऋण निधि में धन के कथित हेरफेर, गबन और अन्य अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ की और कई दस्तावेजों के बारे में भी जानकारी मांगी।

## सिक्किम में दो बार आया भूकंप, कोई हताहत नहीं

**गंगटोक :** सिक्किम के गंगटोक में शुक्रवार तड़के 3.6 और 2.7 तीव्रता के दो भूकंप आए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, सुबह चार बजकर 26 मिनट पर 3.6 तीव्रता का भूकंप गंगटोक से लगभग 10.7 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में पांच किलोमीटर की गहराई पर आया। इसके बाद 2.7 तीव्रता का एक और भूकंप शहर से 11.2 किलोमीटर पश्चिम में 10 किलोमीटर की गहराई पर दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के किसी भी हिस्से से किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है।

## जुबिन की मौत के मामले में अभियोजन पक्ष ने अपनी दलीलें पूरी कींफ

**गुवाहाटी :** एक स्थानीय अदालत में अभियोजन पक्ष ने जुबिन गर्ग की मौत के मामले में आरोप तय करने की कार्यवाही के दौरान अपनी दलीलें शुक्रवार को पूरी कर लीं। दिवंगत गायक की पत्नी ने यह जानकारी दी। जुबिन गर्ग की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग ने पत्रकारों से कहा, ''आरोप निर्धारण की सुनवाई के दूसरे दिन अभियोजन पक्ष ने अपनी दलीलें पूरी कर लीं। आरोपियों में से एक, अमृत प्रभा महंत के बचाव पक्ष के वकील ने अपनी आधी दलीलें पेश कीं।'' उन्होंने कहा कि अमृत प्रभा के वकील अगली सुनवाई की तारीख पर अपनी दलीलें पूरी करेंगे, उसी दिन अन्य बचाव पक्ष के वकील भी अपनी दलीलें पेश करेंगे।

# असम में मुख्यमंत्री, अध्यक्ष और विपक्ष के नेता समेत 116 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया

**गुवाहाटी :** असम विधानसभा चुनावों के लिए शुक्रवार तक मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा समेत कुल 116 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 126 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए शुक्रवार को 109 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये, जबकि सात उम्मीदवारों ने पिछले दिन (बृहस्पतिवार को) नामांकन पत्र दाखिल किये थे। मुख्यमंत्री के अलावा नामांकन दाखिल करने वाले अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में तामुलपुर से अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी, नजीरा से विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया,



शिवसागर से असम जातीय परिषद के अध्यक्ष लुरिनज्योति गोगोई शामिल हैं। वहीं, कैबिनेट मंत्रियों में गोलाघाट से अजंता नियोग, भवानीपुर-सरभोग से रंजीत कुमार दास, डिब्रूगढ़ से प्रशांत फुकन और ढेकियाजुली से अशोक सिंघल ने भी अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष और मंत्री भावेश कलिता ने भी रंगिया से नामांकन दाखिल किया है। यूनाइटेड पीपल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के अध्यक्ष प्रमोद बोरो ने तामुलपुर से और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के मौजूदा विधायक मनोरंजन तालुकदार ने भवानीपुर-सरभोग से अपना नामांकन दाखिल किया। इसी के साथ, राज्यसभा के पूर्व सदस्य एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रिपुन बोरा उत्तरी असम की बरचल्ला विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 23 मार्च है जबकि उनकी जांच अगले दिन होगी और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 मार्च है। चुनाव नौ अप्रैल को होगा और मतों की गिनती चार मई को की जाएगी।

# उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी मंत्रिमंडल का विस्तार, पांच नए मंत्री शामिल

**देहरादून :** उत्तराखंड में अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल का बहुप्रतीक्षित विस्तार किया, जिसमें उन्होंने भाजपा की उत्तराखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष मदन कौशिक समेत पांच नए मंत्रियों को शामिल किया। यहां लोकभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अलावा उनके कैबिनेट सहयोगी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कौशिक के अलावा राज्य मंत्रिमंडल में स्थान पाने वाले विधायकों में खजान दास, भरत सिंह चौधरी, प्रदीप बत्रा तथा राम सिंह कैड़ा शामिल हैं। चौधरी ने संस्कृत में शपथ ली। नए मंत्रियों के शामिल होने के बाद राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों की संख्या बढ़कर 12 हो गयी है जो संवैधानिक प्रावधान के अनुसार अधिकतम है। खजान दास देहरादून के राजपुर रोड से विधायक हैं जबकि चौधरी रुद्रप्रयाग, कौशिक हरिद्वार, बत्रा रुड़की तथा कैड़ा भीमताल से विधायक हैं। चौधरी, बत्रा और कैड़ा को पहली बार मंत्री पद संभालने का मौका मिला है जबकि दास और कौशिक पहले भी यह जिम्मेदारी निभा चुके हैं। मंत्रिमंडल विस्तार



में गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्रों के बीच संतुलन के साथ ही मैदानी और पर्वतीय क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया है, जिसे अगले वर्ष की शुरुआत में प्रस्तावित राज्य विधानसभा चुनाव से पहले अहम माना जा रहा है। धामी मंत्रिमंडल में लंबे समय से पांच पद रिक्त थे जिन्हें भरे जाने की प्रतीक्षा की जा रही थी। भाजपा जब 2022 में लगातार दूसरी बार सत्ता में आयी तो मुख्यमंत्री धामी सहित कुल नौ मंत्रियों ने शपथ ली थी। अप्रैल 2023 में सामाजिक कल्याण और परिवहन मंत्री चंदन रामदास के निधन के बाद मंत्रिमंडल में आठ सदस्य रह गए थे जबकि पिछले साल एक विवाद के चलते संसदीय कार्य और वित्त विभाग का जिम्मा संभाल रहे प्रेम चंद अग्रवाल के इस्तीफे के बाद यह संख्या घटकर सात हो गयी थी।

## विदेशी धन, लॉटरी और शराब पर निर्भर नहीं रह सकता केरल: थरूर

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा है कि केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार, राज्य को विदेश से आने वाले पैसे, लॉटरी और शराब पर निर्भर बनाए हुए है, और यह मॉडल अब काम नहीं करेगा। उन्होंने संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) का समर्थन करते हुए यह बात कही, जो पिछले एक दशक से सत्ता से बाहर है। थरूर ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा कि आगामी चुनाव के लिए कांग्रेस-नीत यूडीएफ का एजेंडा सिर्फ एलडीएफ के 10 साल के शासन के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कहीं ज्यादा सकारात्मक है। उन्होंने एलडीएफ सरकार पर कुप्रबंधन का आरोप



लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार सितंबर तक पैसे खत्म कर देती है और फिर उधार लेकर भुगतान करना पड़ता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या कांग्रेस का मुख्य मुद्दा पिनराई विजयन सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर होगा, तो थरूर ने कहा, नहीं, हमारा एजेंडा इससे कहीं ज्यादा सकारात्मक है। यह 'केरल 2.0' का मुद्दा है।

# स्वार्थ और वर्चस्व की चाह दुनिया में संघर्षों की जड़ है : भागवत

**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में संघर्षों की जड़ स्वार्थ एवं वर्चस्व की चाह है तथा स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म के पालन से ही प्राप्त की जा सकती है। भागवत ने नागपुर में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया 2,000 वर्षों से संघर्षों के समाधान के लिए विभिन्न विचारों के साथ प्रयोग करती रही है लेकिन उसे खास सफलता नहीं मिली। उनकी ये टिप्पणियां पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की पृष्ठभूमि में आईं, जहां 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ संयुक्त सैन्य हमले शुरू करने



के बाद एक पूर्ण युद्ध छिड़ गया। उन्होंने कहा कि धार्मिक असहिष्णुता, जबरन धर्म परिवर्तन और श्रेष्ठता एवं हीनता के विचार अब भी मौजूद हैं। आरएसएस प्रमुख ने शहर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के विदर्भ प्रांत कार्यालय की आधारशिला रखने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का प्राचीन ज्ञान सिखाता है कि ''सभी जुड़े हुए हैं और एक हैं।'' उन्होंने संघर्ष से सौहार्द और सहयोग की ओर बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान भी धीरे-धीरे इसी समझ की ओर बढ़ रहा है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि दुनिया में संघर्षों की जड़ स्वार्थ एवं वर्चस्व की चाह है और स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म के पालन से ही हासिल की जा सकती है। भागवत ने आचरण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि धर्म केवल शास्त्रों तक सीमित नहीं रह सकता बल्कि यह लोगों के व्यवहार में भी दिखना चाहिए।

## इंडिया जस्टिस रिपोर्ट ने जारी की उपभोक्ता शिकायत निवारण पर भारत का पहला राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडिया जस्टिस रिपोर्ट (आईजेआर) द्वारा जारी 'कंज्यूमर जस्टिस रिपोर्ट 2026' में उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रणाली की स्थिति पर देश का पहला व्यापक अध्ययन सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार उपभोक्ता आयोगों में लंबित मामलों और रिक्त पदों की बड़ी संख्या उपभोक्ताओं को समय पर न्याय मिलने में प्रमुख बाधा बन रही है। वर्ष 2025 में राज्य उपभोक्ता आयोगों में अध्यक्ष और सदस्यों के आधे से अधिक पद खाली पाए गए, जबकि लगभग 35 प्रतिशत मामले तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं। रिपोर्ट में राज्यों की रैंकिंग भी जारी की गई है। बड़े और मध्यम राज्यों में आंध्र प्रदेश पहले, मध्य प्रदेश दूसरे और राजस्थान तीसरे स्थान पर रहे, जबकि छोटे राज्यों में मेघालय पहले और सिक्किम दूसरे स्थान पर रहा। अध्ययन में यह भी सामने आया कि उपभोक्ताओं की सबसे अधिक शिकायतें बीमा, आवास और बैंकिंग क्षेत्रों से संबंधित हैं। सकारात्मक पहल-ओं में राष्ट्रीय स्तर पर केस निपटान दर 2020 के 50 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 108 प्रतिशत तक पहुंचना शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार देश के 775 जिलों के मुकाबले केवल 685 जिला उपभोक्ता आयोग कार्यरत हैं।

## भोजशाला परिसर में जैन मंदिर होने का दावा, अदालत ने याचिका पर आपत्तियां पेश करने को कहा

**इंदौर :** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने धार जिले के विवादित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में मध्यकालीन जैन मंदिर तथा गुरुकुल होने का दावा करने वाली जनहित याचिका पर शुक्रवार को सरकार और अन्य प्रतिवादियों को अपनी आपत्तियां पेश करने का निर्देश दिया। याचिका में जैन समुदाय को विवादित परिसर में उपासना का अधिकार प्रदान करने की गुहार की गई है। दिल्ली के सामाजिक कार्यकर्ता सलेकचंद जैन ने यह याचिका ऐसे वक्त दायर की है, जब संभवतः 11वीं सदी के इस परिसर के धार्मिक स्वरूप के विवाद को लेकर अलग-अलग मुकदमे उच्च न्यायालय में पहले ही विच-ाराधीन हैं। हिंदू पक्ष भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट के आधार पर दावा कर रहा है कि यह स्मारक मूलतः एक प्राचीन मंदिर है, जबकि मुस्लिम पक्ष इसे मस्जिद करार दे रहा है।

## टैक्सी में दिव्यांगजनों की व्हीलचेयर या सहायक उपकरण को समायोजित किया जाना चाहिए: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने दिव्यांगजनों की सहायता के तरीके तलाशने की आवश्यकता पर जोर देते हुए शुक्रवार को सुझाव दिया कि टैक्सी सेवाओं को उनकी व्हीलचेयर और अन्य सहायक उपकरण को समायोजित करने की व्यवस्था करनी चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने ये टिप्पणियां कीं, जो दिव्यांगजनों के लिए घर से गंतव्य तक कनेक्टिविटी से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने कहा, ''अब, महानगरों में हर जगह टैक्सी उपलब्ध हैं। टैक्सी चालकों से यह अपेक्षा की जानी चाहिए कि वे दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर या सहायक उपकरणों को भी समायोजित करें।''



न्यायालय ने दिव्यांगजनों के लिए विशेष टैक्सी का सुझाव दिया। पीठ ने कहा, ''ऐप में, मॉडिफाइड टैक्सी का प्रावधान किया जा सकता है। हमें उनकी मदद करने के तरीके तलाशने होंगे।'' याचिकाकर्ता के वकील ने दिव्यांगजनों को टैक्सी में सवार होने में पेश आने वाली कठिनाइयों का जिक्र किया। वकील ने कहा, ''अधिकांश टैक्सी सीएनजी से चलती हैं, जिससे उनमें कम जगह रह जाती है और पीछे व्हीलचेयर ले जाना संभव नहीं होता।'' उन्होंने यूरोपीय बाज़ारों में उपलब्ध मॉडल की तरह एक समान डिज़ाइन लागू करने का प्रस्ताव रखा। पीठ ने केंद्र के वकील से पूछा, ''मान लीजिए एक व्यक्ति का घर राजमार्ग या मुख्य सड़क से एक किलोमीटर की दूरी पर है। वह स्वचालित व्हीलचेयर पर आता है। अगर वह उसे टैक्सी में नहीं रख पाता, तो उसे कहां छोड़ेगा?'' इसके जवाब में, केंद्र के वकील ने कहा कि इन मुद्दों की संबंधित विभाग द्वारा समीक्षा की जा रही है।

## एनसीईआरटी की पुस्तक में न्यायपालिका संबंधी अध्याय की समीक्षा के लिए विशेषज्ञ समिति गठित : केंद्र

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को अवगत कराया कि उसने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की आठवीं कक्षा की पुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' संबंधी अध्याय की समीक्षा के लिए एक समिति का गठन किया है, जिसमें शीर्ष अदालत के दो पूर्व न्यायाधीश एवं एक पूर्व अटॉर्नी जनरल शामिल होंगे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ को बताया कि समिति में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अटॉर्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल, पूर्व न्यायाधीश इंदु मल्होत्रा एवं वर्तमान राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के निदेशक न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अनिरुद्ध बोस के साथ-साथ एक कुलपति भी शामिल हैं। मेहता ने कहा, ''हमने इस अध्याय को तैयार करने के लिए समिति गठित की है। श्री के.के. वेणुगोपाल समिति के सदस्य होंगे। न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा भी इसका हिस्सा होंगी। हमने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी से न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस को भी इसमें शामिल होने का अनुरोध किया है।'' उच्चतम न्यायालय उस याचिका की सुनवाई कर रहा था, जो एनसीईआरटी के पूर्व सदस्य पंकज पुष्कर ने दायर की थी। यह याचिका आठवीं कक्षा की एक पाठ्यपुस्तक में वर्णित एक आदेश के खास अंश के खिलाफ थी।

## कांग्रेस और रायजोर दल ने गठबंधन को अंतिम रूप दिया; राज्य पार्टी को 11 सीटें मिलीं

**गुवाहाटी :** असम विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस और रायजोर दल ने कई दिनों की बातचीत और अनिश्चितता के बाद सीट-बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया और फैसला किया कि राष्ट्रीय पार्टी दूसरी पार्टी के लिए 11 निर्वाचन क्षेत्र छोड़ेगी, और दो सीटों पर सौहार्दपूर्ण मुकाबला होगा। बृहस्पतिवार देर रात जोरहाट में हुए घटनाक्रम में, राज्य कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई और रायजोर दल प्रमुख अखिल गोगोई के नेतृत्व में दोनों पार्टियों के नेताओं ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## रेलवे बोर्ड ने लोको पायलट के लिए किलोमीटर के आधार पर भत्ता में 25 प्रतिशत की वृद्धि की

**नयी दिल्ली :** रेलवे बोर्ड ने दो लाख से अधिक ट्रेन परिचालन कर्मियों की काफी समय से लंबित मांग को पूरा करते हुए, शुक्रवार को 'लोको रनिंग स्टाफ' के लिए किलोमीटर के आधार पर भत्ता में 25 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की। यह पूर्वव्यापी प्रभाव से एक जनवरी 2024 से लागू होगी। यह घोषणा विभिन्न रेलवे कर्मचारी संघों द्वारा दो वर्षों से अधिक समय तक लगातार दिये गए अभ्यावेदनों और विरोध प्रदर्शनों के बाद की गई। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि एक जनवरी 2024 से महंगाई भत्ता (डीए) में 50 प्रतिशत की वृद्धि के बाद, बोर्ड ने उसी तिथि से 'लोको रनिंग स्टाफ' की विभिन्न श्रेणियों के लिए किलोमीटर के आधार पर दिया जाने वाला भत्ता बढ़ाने का निर्णय लिया है।

## वैष्णो देवी तीर्थयात्रा: खराब मौसम के बावजूद 31,000 श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे

**जम्मू :** नवरात्र के पहले दिन बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में 31,000 से अधिक श्रद्धालु खराब मौसम की परवाह किए बिना पहुंचे और देवी मां के दर्शन किए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, नवरात्र के पहले दिन (बृहस्पतिवार) रात 10 बजे तक लगभग 31,690 तीर्थयात्रियों ने मंदिर में दर्शन किए और पूजा की। नवरात्र 19 मार्च से शुरू हुए हैं और 27 को समाप्त होंगे, अधिकारियों को प्रतिदिन 30,000 से अधिक श्रद्धालुओं के मंदिर आने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को यात्रा के लिए 15,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया जबकि सुबह से ही सैकड़ों लोग दर्शन के लिए मंदिर की ओर उमड़ पड़े। बृहस्पतिवार को भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु 'जय माता दी' का जयकारा लगाते हुए त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर तक घुमावदार मार्ग पर चलकर दर्शन करने और देवी का आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना के जवानों को शामिल करते हुए व्यापक, बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की है, साथ ही एक एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र के माध्यम से सातों दिन व चौबीसों घंटे सीसीटीवी के जरिये निगरानी भी की जा रही है।

# 'धुरंधर 2: द रिवेंज' ने तोड़े रिकॉर्ड, पहले दिन कमाए 145 करोड़ रुपये

**मुंबई :** आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म ''धुरंधर 2'' ने भारतीय सिनेमा के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए और अपनी रिलीज़ के पहले ही दिन लगभग 145 करोड़ रुपये की कमाई की। ट्रेड ट्रैकिंग वेबसाइट 'सैकनिल्क' के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने बुधवार को आयोजित पेड प्रीव्यू (रिलीज की आधिकारिक तारीख से पहले रिलीज किया जाना) से 43 करोड़ रुपये की कमाई की, जो किसी भी भारतीय फिल्म के लिए अब तक की सबसे बड़ी राशि है। फिल्म ने बृहस्पतिवार को पहले दिन 102.55 करोड़ रुपये कमाए, जिससे भारत में इसकी कुल कमाई लगभग



145 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। फिल्म ने हाल की सर्वाधिक कमाई वाली हिंदी फिल्में जैसे शाहरुख खान की 'जवान' (75 करोड़) और 'पठान' (57 करोड़), साथ ही हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री 2' (54 करोड़) की शुरुआती दिन की कमाई के आंकड़े को पार कर लिया है। अनुमान है कि 'धुरंधर 2: द रिवेंज' की विश्वव्यापी कमाई 200 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर चुकी है। यह फिल्म अपनी पूर्व की फिल्म 'धुरंधर' का सीक्वल है जिसे शानदार सफलता मिली थी। इस फिल्म ने रिकॉर्ड अग्रिम बुकिंग के साथ सिनेमाघरों में दस्तक दी। बुधवार को इसके पेड प्रीव्यू सहित 15 लाख से अधिक टिकटें बिकीं। उम्मीद है कि यह फिल्म अपने पहले भाग 'धुरंधर' के आंकड़े को पीछे छोड़ देगी जिसने दिसंबर 2025 में रिलीज़ के बाद दुनिया भर में 1,300 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

## अदालत का सरकार को पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन की 15 दिनों के अंदर सर्जरी कराने का निर्देश

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को 2020 के दंगों से संबंधित एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी, लेकिन अधिकारियों को निर्देश दिया कि उनकी सर्जरी 15 दिनों के भीतर करायी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह पूर्व आप पार्षद की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। हुसैन ने चिकित्सा कारणों से एक महीने की अंतरिम जमानत मांगी थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा, ''इन तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, इस आवेदन का निपटारा निम्नलिखित शर्तों पर किया जाता है कि जरूरत को ध्यान में रखकर आवेदक की सर्जरी आज से 15 दिनों के भीतर की जाए...।''

# जम्मू विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र पाठ्यक्रम में जिन्ना पर अध्याय को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन

**जम्मू :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शुक्रवार को जम्मू विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत राजनीति शास्त्र के संशोधित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में शामिल किए गए पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति मुहम्मद अली जिन्ना पर आधारित एक अध्याय को हटाने की मांग की। हालांकि विश्वविद्यालय ने कहा कि जिन्ना पर यह अध्याय भारत के कई विश्वविद्यालयों के अकादमिक पाठ्यक्रम का हिस्सा है और यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशानिर्देशों के अनुरूप है। एबीवीपी जम्मू-कश्मीर के सचिव



सन्नक श्रीवत्स के नेतृत्व में कार्यकर्ता विश्वविद्यालय परिसर में एकत्र हुए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने माइनॉरिटीज एंड द नेशन पेपर से मॉर्डन इंडियन पॉलिटिकल थॉट अध्याय को तुरंत हटाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने जिन्ना के पोस्टर भी फाड़ दिए और चेतावनी दी कि अगर अध्याय नहीं हटाया गया तो विरोध प्रदर्शन तेज होगा। एबीवीपी के एक नेता ने पत्रकारों से कहा, हमारी सरकार को इसका संज्ञान लेना चाहिए कि जम्मू विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग ने 2026-2028 का पाठ्यक्रम जारी किया है। इसमें 'मॉर्डन इंडियन पॉलिटिकल थॉट' के अंतर्गत कुछ व्यक्तियों को अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधि बताया गया है, जिनमें सर सैयद अहमद खान और मुहम्मद अली जिन्ना शामिल हैं। ये वही व्यक्ति हैं जिन्होंने देश के विभाजन में भूमिका निभाई और द्वि-राष्ट्र सिद्धांत का प्रचार किया। इनके बारे में पढ़ाना चिंता का विषय है।

# लोगों को न्यायिक फैसलों की आलोचना करने का अधिकार है : शीर्ष अदालत

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा आठ की पुरानी सामाजिक विज्ञान की पुस्तक के बारे में उसके फैसलों में की गई एक टिप्पणी हटाने की मांग की गई थी। न्यायालय ने कहा कि लोगों को उसके निर्णयों की आलोचना करने का अधिकार है। इस बीच, केंद्र ने न्यायालय को अवगत कराया कि उसने आठवीं कक्षा की पुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' संबंधी अध्याय की समीक्षा के लिए एक समिति का गठन किया है, जिसमें शीर्ष अदालत के दो पूर्व न्यायाधीश एवं एक पूर्व अटॉर्नी जनरल शामिल होंगे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ को बताया कि समिति में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अटॉर्नी जनरल के.के. वेणुग-ोपाल, पूर्व न्यायाधीश इंदु मल्होत्रा एवं वर्तमान राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के निदेशक न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अनिरुद्ध बोस के साथ-साथ एक कुलपति भी शामिल हैं। मेहता ने कहा, ''हमने इस अध्याय को तैयार करने के लिए समिति गठित की है। श्री के.के. वेणुगोपाल समिति के सदस्य होंगे। न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा भी इसका हिस्सा होंगी। हमने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी से न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस को भी इसमें शामिल होने का अनुरोध किया है।'' उच्चतम न्यायालय उस याचिका की सुनवाई कर रहा था, जो एनसीईआरटी के पूर्व सदस्य पंकज पुष्कर ने दायर की थी। यह याचिका आठवीं कक्षा की एक पाठ्यपुस्तक में वर्णित एक आदेश के खास अंश के खिलाफ थी। उस आदेश में लिखा था, ''हाल के निर्णय झुग्गी-झोपड़ी के निवासियों को शहर में अतिक्रमणकारी के रूप में देखने की प्रवृत्ति रखते हैं।'' न्यायालय ने कहा कि न्यायपालिका को स्वस्थ आलोचना के प्रति अति-संवेदनशील नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही इसने याचिका की सुनवाई से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''यह किसी निर्णय के बारे में एक दृष्टिकोण है। यह एक स्वस्थ आलोचना है। न्यायपालिका को इसके प्रति इतना अति-संवेदनशील क्यों होना चाहिए। पुस्तक के इस भाग में न्यायपालिका की संरचना क्या है, वे कैसे काम करते हैं, उन्होंने क्या किया है, यह बताया गया है और कुछ अच्छी बातें भी उजागर की गई हैं।''

## हमारी गेंदबाजी को काफी निखार रहे हैं भरत सर : ऋषभ पंत



**लखनऊ:** आईपीएल के पिछले सत्र में गेंदबाजी लखनऊ सुपर किंग्स की कमजोर कड़ी थी लेकिन कप्तान ऋषभ पंत का कहना है कि सहयोगी स्टाफ में भरत अरूण के आने से इस विभाग में टीम को मजबूत करने में काफी मदद मिल रही है। पंत ने जियोस्टार से बातचीत में लखनऊ टीम के चेन्नई में लगाये गए शिविर और भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच अरूण के जुड़ने से टीम के युवा तेज गेंदबाजों को मिल रही मदद के बारे में बताया। पंत ने कहा ,'तेज गेंदबाजों के साथ शिविर बेहतरीन रहा। भरत अरूण सर के आने से काफी मदद मिल रही है। हमने इस पर काफी बात की है कि मैं गेंदबाजों से क्या चाहता हूं और वह इसमें क्या मदद कर सकते हैं।' उन्होंने कहा ,'वह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कोचों में से एक हैं और उनके साथ काम करने के अनुभव के कारण मुझे पूरा भरोसा है। वह अपने साथ अपार अनुभव लाये हैं। गेंदबाजों को उन पर भरोसा है और वे उनसे बात करते हैं। आपको एक गेंदबाजी कोच से यही चाहिये होता है।' पंत ने कहा ,'पिछले सत्र का प्रदर्शन देखें तो हमें गेंदबाजी में सुधार की जरूरत थी। इसमें अरूण सर हमारी मदद कर सकते हैं और मुझे खुशी है कि वह टीम के साथ हैं।' ड्रेसिंग रूम में सबसे मजाकिया इंसान पंत ने कहा कि इससे तनाव के पलों में माहौल हल्का करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा ,'मुझे लगता है कि हंसी मजाक सबको पसंद है क्योंकि माहौल वैसे ही इतना तनावपूर्ण है। हर कोई एक दूसरे के साथ का आनंद लेना चाहता है। बहुत सारा तनाव लेकर मजा नहीं आता और आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाते।'

## हमारी प्राथमिकता सही संयोजन तैयार करना: नायर



**कोलकाता:** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के नए मुख्य कोच अभिषेक नायर ने शुक्रवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले तीन बार की चैंपियन टीम के लिए सही संयोजन तैयार करना सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। केकेआर के लिए पिछला सत्र निराशाजनक रहा था जिसके बाद टीम में कई बदलाव किए गए। उसने कैमरन ग्रीन, फिन एलन, टिम सीफर्ट और रचिन रविंद्र जैसे बड़े नामों को टीम में शामिल किया है, लेकिन अभी तक अपने बल्लेबाजी क्रम को अंतिम रूप नहीं दिया है। नायर ने पत्रकारों से कहा, 'मुझे यह अनुमान लगाने में बहुत दिक्कत होती है कि क्या गलत हो सकता है, लेकिन मैं आपको बस इतना बता सकता हूं कि मुझे नहीं पता कि टूर्नामेंट कैसा रहेगा, लेकिन मुझे लगता है कि शुरुआत में यह सुनिश्चित करना होगा कि 29 मार्च तक हमारे पास पूरी तरह से फिट अंतिम एकादश रहे।' केकेआर 29 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुंबई में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। पिछले सत्र में केवल पांच जीत दर्ज करके आठवें स्थान पर रहने वाली केकेआर को रहमानुल्लाह गुरबाज और क्विंटन डीकॉक की अनुपस्थिति में नई सलामी जोड़ी के साथ मैदान में उतरना होगा। न्यूजीलैंड की विस्फोटक जोड़ी एलन और सीफर्ट प्रमुख दावेदार हैं। सुनील नारायण भी ओपनिंग करते हैं। ऐसे में केकेआर के लिए चार विदेशी खिलाड़ियों का चयन करना आसान नहीं होगा क्योंकि ग्रीन, रविंद्र और मथीशा पथिराना को बाहर रखना आसान नहीं होगा। नायर ने कहा, 'मुझे लगता है कि अभी यही प्राथमिकता है। यह सुनिश्चित करना कि हम सही संयोजन तैयार करें। मुझे लगता है कि एक टीम के रूप में यह हमारी पहली चुनौती होगी और बाकी चीजें हम समय के साथ देखेंगे।' सहायक कोच शेन वॉटसन ने भी कहा कि केकेआर की टीम में कई अच्छे बल्लेबाज हैं और इसलिए अंतिम एकादश का चयन करना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'इस केकेआर टीम की खूबसूरती यह है कि इस सत्र में हमारे पास विश्व स्तरीय बल्लेबाजों के रूप में कई बेहतरीन विकल्प मौजूद हैं। हमारे पास जिस स्तर के खिलाड़ी हैं, उससे हम एक तरह से धन के भंडार बन गए हैं। पहले मैच से ही उचित संयोजन तैयार करना टीम प्रबंधन के लिए चुनौती होगा।' वॉटसन ने कहा,' कैम ग्रीन जिस तरह के ऑलराउंडर हैं, उन्हें जहां भी मौका मिलेगा, मुझे पता है कि वह उसका पूरा फायदा उठाना चाहेंगे।'

### हर्षित राणा आईपीएल 2026 के पूरे टूर्नामेंट से बाहर

**कोलकाता:** तेज गेंदबाज हर्षित राणा टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैच के दौरान लगी चोट के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं जो कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए बड़ा झटका है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के टी20 विश्व कप अभ्यास मैच के दौरान इस तेज गेंदबाज के दाहिने घुटने के लिगामेंट में खिंचाव आ गया था। इसके बाद फरवरी में उनकी सर्जरी हुई और उन्हें लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन के लिए जाना पड़ा। केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने कहा, 'यह बड़ा झटका है क्योंकि हर्षित राणा पिछले कुछ सत्र से टीम के अभिन्न अंग रहे हैं। इनमें वह सत्र भी शामिल है जिसमें टीम चैंपियन बनी थी। पिछले एक साल में उन्होंने एक क्रिकेटर के रूप में काफी तरक्की की है।' उन्होंने कहा, 'हमें हर्षित राणा की कमी खलेगी। उनकी जगह भरना आसान नहीं है।' नवदीप सैनी, आकाश मधवाल, सिमरजीत सिंह, संदीप वारियर और केएम आसिफ कुछ ऐसे तेज गेंदबाज हैं जिन्हें इस सप्ताह ईडन गार्डन्स में अभ्यास करते हुए देखा गया।

## मेरी नजर ट्रॉफी पर है, आपसी संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान दे रहे हैं: अय्यर



**मोहाली:** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने शुक्रवार को कहा कि उनकी 'नज़र ट्रॉफी पर है' और उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले मैदान के बाहर आपसी संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। अय्यर ने मोहाली में फ्रेंचाइजी की जर्सी के अनावरण समारोह में कहा, 'यह वह समय है जब हम दो महीने तक एक परिवार की तरह रहते हैं। जितना अधिक समय हम साथ बिताते हैं, उतना ही हम एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जान पाते हैं। यही वह समय है जब हम अपने बीच सौहार्दपूर्ण संबंध मजबूत करते हैं।' उन्होंने कहा, 'हम अपना अधिकतर समय गेम रूम में फीफा और अन्य गेम खेलते हुए बिताते हैं। मैचों के लिए रणनीति आमतौर पर मैच से एक या दो दिन पहले बनती है, लेकिन मैदान के बाहर यह मजबूत रिश्ता हमें आखिर में बेहतर परिणाम हासिल करने में मदद करता है।' पंजाब किंग्स अपने अभियान की शुरुआत 31 मार्च को घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ करेगा। अय्यर को उनके प्रशंसकों ने 'सरपंच साहब' का उपनाम दिया है और वह जानते हैं कि उनसे काफी उम्मीदें की जा रही हैं। उन्होंने कहा, 'हमसे काफी उम्मीद की जा रही है जो अच्छा भी है। मुझे चुनौती पसंद है। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि जब भी हम मैदान में उतरें, हमें जीतना होगा। मेरी नज़र ट्रॉफी पर है।' अय्यर को हाल के दिनों में चोटों से भी जूझना पड़ा लेकिन अब वह पूरी तरह से फिट हैं।

## भारतीय महिला टीम दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका में एक टेस्ट और तीन वनडे मैच खेलेगी

**जोहानिसबग:** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारतीय महिला टीम इस साल के आखिर में दक्षिण अफ्रीका के दौरे में एक टेस्ट और तीन वनडे मैच की श्रृंखला खेलेगी। सीएसए ने कहा कि टेस्ट मैच 20 से 23 दिसंबर तक गकेबरहा में खेला जाएगा। वनडे मैच नौ से 15 दिसंबर तक पोटचेफस्ट्रूम, ब्लोमफोंटेन और केपटाउन में खेले जाएंगे। सीएसए ने बयान में कहा, 'दक्षिण अफ्रीका की टीम नौ से 15 दिसंबर तक आईसीसी महिला चैम्पियनशिप (आईडब्ल्यूसी) की तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में भारत का सामना करेगी। श्रृंखला का पहला मैच पोटचेफस्ट्रूम के जेबी मार्क्स ओवल में खेला जाएगा, जबकि दूसरा और तीसरा मैच ब्लोमफोंटेन के मंगाउंग ओवल और न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड में होगा।'' बयान के अनुसार, ''भारतीय टीम के इस दौरे में 20 से 23 दिसंबर तक गकेबरहा के सेंट जॉर्ज पार्क में खेला जाने वाला एक टेस्ट मैच भी शामिल होगा। दोनों देशों के बीच यह चौथा टेस्ट मैच होगा।'' सीएसए ने इसके साथ ही बताया कि ऑस्ट्रेलिया 18 मार्च से 11 अप्रैल, 2027 तक दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा, जिसमें तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच, इतने ही वनडे मैच और एक टेस्ट मैच खेला जाएगा। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 18 से 23 मार्च तक किम्बरली, बेनोनी और कुगोम्पो सिटी में जबकि वनडे मैच 27 मार्च, 31 मार्च और तीन अप्रैल को गकेबरहा, पार्ल और डरबन में खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया इस दौरे के आखिर में आठ से 11 अप्रैल तक जेबी मार्क्स ओवल में एकमात्र टेस्ट मैच भी खेलेगा।

## आईपीएल के जरिये वनडे विश्व कप संभावितों को तलाशेंगे चयनकर्ता



**नयी दिल्ली:** वनडे विश्व कप में अभी एक साल का समय है लेकिन भारत के 20 संभावित खिलाड़ियों का अनुमान लगाया जा चुका है और पांचों राष्ट्रीय चयनकर्ता 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में इन खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने शुक्रवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति में एस एस दास, आर पी सिंह, अजय रात्रा और प्रज्ञान ओझा हैं। विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 अक्टूबर नवंबर में होगा। चयन समिति के सदस्य अपने अपने बेस में मैचों के दौरान मौजूद रहेंगे जबकि बाकी मैच टीवी पर देखेंगे। आईपीएल के पहले मैच में गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। सीनियर अधिकारियों ने इन अटकलों को भी खारिज किया कि टी20 विश्व कप जीतने के बाद अगरकर ने अपना कार्यकाल 50 ओवरों के विश्व कप तक बढाने की मांग की है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा ,'चयन समिति बीसीसीआई की एक उप समिति है और चयनकर्ताओं का अनुबंध इस साल सितंबर तक है। अजित का करार सितंबर में खत्म हो रहा है जिसके बाद बीसीसीआई सचिव और अजित तय करेंगे कि वह अगले साल वनडे विश्व कप तक रहेंगे या नहीं। एक सीनियर चयनकर्ता चार साल तक पद पर रह सकता है और उसे करार बढाने का अनुरोध करने की जरूरत नहीं है।'' अगरकर जुलाई 2023 में चयन समिति के अध्यक्ष बने थे और उन्होंने विराट कोहली तथा रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद टेस्ट और टी20 में बदलाव का दौर देखा है। अगरकर मुंबई में रहते हैं जबकि दास कोलकाता के रहने वाले हैं। आर पी और रात्रा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहते हैं जबकि ओझा अपने हिस्से के आईपीएल मैच बेंगलुरू और हैदराबाद में देखेंगे। अधिकारी ने कहा ,'बीसीसीआई चाहता है कि हर चयनकर्ता कम से कम हर सप्ताह एक मैच देखे जिससे पांच मैच प्रति सप्ताह हो जायेंगे। इसके अलावा टीवी पर मैच देख सकते हैं।'

### रिधिमा ने सत्र का तीसरा खिताब जीता

**नोएडा:** रिधिमा दिलावरी ने खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी करते हुए शुक्रवार को यहां लगातार तीसरी बार 71 का स्कोर बनाया और महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के छठे चरण का खिताब अपने नाम किया। रिधिमा ने अंतिम दौर की शुरुआत जैस्मीन शेखर से तीन शॉट पीछे रहकर की थीं। पहले दो होल के बाद वह पांच शॉट पीछे हो गईं। इसके बाद रिधिमा ने शानदार वापसी करते हुए बाकी के 16 होल में दो बर्डी लगाईं और कोई बोगी नहीं की। दूसरी तरफ जैस्मीन ने चार ओवर 75 का स्कोर बनाया। रिधिमा ने दूसरा और चौथा चरण भी जीता था। अब छठा चरण जीतकर उन्होंने हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपनी बढ़त बनाए रखी है। वर्तमान सीरीज का पहला चरण जीतने वाली जैस्मीन लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान पर रहीं।

### श्रीलंका ने चमीरा, निसंका और कामिंदु मेंडिस को आईपीएल में भाग लेने के लिए एनओसी जारी की

**कोलंबो:** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार को दुशमंथा चमीरा, पथुम निसंका और कामिंदु मेंडिस को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग लेने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी कर दी क्योंकि यह तीनों खिलाड़ी फिटनेस परीक्षण में सफल रहे थे। तेज गेंदबाज चमीरा और सलामी बल्लेबाज निसंका दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं, जबकि ऑलराउंडर कामिंदु मेंडिस को सनराइजर्स हैदराबाद ने अपनी टीम में बनाए रखा है। हालांकि नुवान तुषारा (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), वानिंदु हसरंगा (लखनऊ सुपर जाइंट्स), ईशान मलिंगा (सनराइजर्स हैदराबाद) और मथीशा पथिराना (कोलकाता नाइट राइडर्स) को अपनी एनओसी के लिए इंतजार करना होगा। इन सभी खिलाड़ियों को फिटनेस परीक्षण में सफल रहने के बाद ही एनओसी जारी की जाएगी।

### कजाखस्तान हॉकी टीम भारत में कर रही है हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग

**नयी दिल्ली:** कजाखस्तान की सीनियर पुरूष हॉकी टीम एशियाई खेलों के क्वालीफायर के लिये भारतीय खेल प्राधिकरण के सोनीपत स्थित उत्तर क्षेत्र केंद्र पर 10 से 21 मार्च तक हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग कर रही है । भारत के प्रमुख हॉकी अभ्यास केंद्रों में से एक पर वल रहे इस शिविर में आधुनिक अनुकूलन सुविधायें, विश्व स्तरीय कृत्रिम टर्फ और बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल है जिससे कजाखस्तान को अच्छा अभ्यास मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय टीमों की मेजबानी और मदद के जरिये भारत को खेलों में श्रेष्ठता का वैश्विक केंद्र बनाने के खेल मंत्रालय के विजन के तहत यह पहल की गई है। कजाखस्तान के कोच ओल्गा उर्मानोवा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी बयान में कहा ,'हम भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तर क्षेत्र केंद्र सोनीपत में आकर बहुत खुश हैं। यहां हमारा बहुत अच्छा ख्याल रखा जा रहा है। भारत में शीर्ष स्तर की हॉकी खेली जाती है और यही वजह है कि हम यहां सीखने, ढलने और विकास के लिये आये हैं।'



## भारत की जैव अर्थव्यवस्था का मूल्य 2025 तक 18 प्रतिशत बढ़कर 195 अरब डॉलर

**नयी दिल्ली:** भारत की जैव अर्थव्यवस्था का मूल्यांकन 2025 में 195 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह जैव प्रौद्योगिकी से संचालित कई उद्योगों में मजबूत वृद्धि को दर्शाता है। भारत की जैव अर्थव्यवस्था का मूल्यांकन 2024 में 166 अरब डॉलर था। जैव-आर्थिक क्षेत्र अब केवल जैव-औषधि या जैव-उद्योग तक सीमित नहीं रहा। यह अब एक व्यापक औद्योगिक व्यवस्था में फैला है, जिसमें जैव-ईंधन, एंजाइम समाधान, डिजिटल जीवविज्ञान मंच, अनुबंध अनुसंधान, जैविक उत्पादन और कृषि जैविक सामग्री मिलकर राष्ट्रीय आर्थिक उत्पादन में योगदान करते हैं। 'इंडिया बायोइकोनॉमी रिपोर्ट 2026' नामक यह रिपोर्ट जैव-प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बाइरैक) द्वारा प्रकाशित की गई, जो एक सार्वजनिक क्षेत्र की संस्था है और उभरते जैव-प्रौद्योगिकी उद्यमों को मजबूत बनाने और सशक्त बनाने का कार्य करती है। जैव-आर्थिक मूल्य में वृद्धि के पीछे चार मुख्य कारण माने जा रहे हैं। पहला, पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिलाने से पेट्रोल आयात में कमी आई। दूसरा, जीएलपी-1 (ग्लूकागॉन-लाइक पेप्टाइड-1) श्रेणी की दवाओं का अधिक उपयोग हुआ। तीसरा, नए वैश्विक क्षमता केंद्र खुले, जिनमें तीन लाख से अधिक भारतीय पेशेवर काम कर रहे हैं। चौथा, विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में एंजाइम और सूक्ष्मजीवों के उपयोग से जैविक समाधान का इस्तेमाल बढ़ा। इन चार प्रमुख कारणों ने भारत की जैव-आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, इन चार नए रुझानों और उत्पाद क्षेत्रों के साथ पारंपरिक जैव-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के योगदान ने 2025 में भारत की जैव-आर्थिक स्थिति में 29.6 अरब डॉलर की वृद्धि की। यह 18 प्रतिशत की वृद्धि पिछले कई वर्षों में सबसे अधिक रही। बाइरैक ने जैव-औषधि, चिकित्सा प्रौद्योगिकी, कृषि जैव-प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य-प्रौद्योगिकी, औद्योगिक जैव-प्रौद्योगिकी और स्वच्छ-प्रौद्योगिकी में नवाचार को बढ़ावा देने में महत्व-पूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अंतर्गत अनुदान, निवेश सहायता, मार्गदर्शन और साझेदारी कार्यक्रम शामिल हैं। जैव-प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव राजेश एस. गोखले ने कहा कि केवल 14 वर्षों में, बाइरैक ने भारतीय जैव-प्रौद्योगिकी को एक छोटे और बिखरे हुए क्षेत्र से एक जीवंत नवाचार-संचालित परिवेश में बदलने में मदद की है।

## जोमैटो ने 'फूड डिलीवरी' मंच शुल्क बढ़ाकर 14.90 रुपये प्रति ऑर्डर किया




**नयी दिल्ली:** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाना पहुंचाने वाले मंच जोमैटो ने उपयोगकर्ताओं से लिए जाने वाले मंच शुल्क में 2.40 रुपये की बढ़ोतरी कर इसे 14.90 रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है। जोमैटो के ऐप पर शुक्रवार को बढ़ा हुआ शुल्क दिख रहा था। जोमैटो का मंच शुल्क अब जीएसटी से पहले 14.90 रुपये है, जो पहले 12.50 रुपये था। उसकी प्रतिद्वंद्वी स्विगी अपने उपयोगकर्ताओं से जीएसटी सहित 14.99 रुपये मंच शुल्क ले रही है।

## लोगों का जीवन आसान बनायें आयकर अधिकारी, कर चोरी रोकने को प्रौद्योगिकी का उपयोग करें: सीतारमण



**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को आयकर अधिकारियों से करदाताओं का जीवन आसान बनाने और जानबूझकर कर चोरी करने वालों को पकड़ने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने को कहा। उन्होंने 'प्रारंभ 2026: आयकर अधिनियम, 2025 पर राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान' को संबोधित करते हुए भरोसा जताया कि एक अप्रैल से प्रभावी होने वाला आयकर अधिनियम, 2025 निश्चित रूप से भारत को एक कर-अनुकूल देश बनाएगा। सीतारमण ने कहा, 'कर भुगतान को इतना आसान बनाएं कि ईमानदारी स्वाभाविक विकल्प बन जाए। लेकिन जो जानबूझकर चोरी कर रहे हैं, जो जानबूझकर बचने की कोशिश कर रहे हैं, तकनीक उन्हें पकड़ लेगी। यदि आप ईमानदार हैं, तो व्यवस्था आपका जीवन आसान बना देगी, लेकिन यदि आप चोरी करते हैं, तो व्यवस्था आपको ढूंढ लेगी। यह संदेश करदाताओं तक जाना चाहिए।' संसद ने 12 अगस्त, 2025 को छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को बदलने के लिए एक नया आयकर विधेयक पारित किया था। इसमें किसी नयी कर दर का प्रावधान नहीं है, और सिर्फ कानून की भाषा को आसान बनाया गया है। सीतारमण ने कर अधिकारियों से नए कर कानूनों के बारे में स्थानीय भाषाओं में लोगों को शिक्षित करने के लिए पूरे भारत में जागरूकता अभियान चलाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि मुकदमेबाजी को तेजी से कम करने की कोशिश की जानी चाहिए।

## फ्लिपकार्ट ने कर्मचारियों को 105 प्रतिशत बोनस देने का किया एलान




**नयी दिल्ली:** ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी फ्लिपकार्ट ने कारोबार में आई मजबूती को देखते हुए अपने कर्मचारियों को वर्ष 2025 के लिए 105 प्रतिशत बोनस देने की घोषणा की है। 'पीटीआई-भाषा' के पास मौजूद कंपनी के एक आंतरिक ईमेल के अनुसार, वरिष्ठ निदेशक और उससे नीचे के पदों पर कार्यरत पात्र कर्मचारियों को बोनस की यह राशि मार्च में ही दे दी जाएगी। हालांकि, उपाध्यक्ष और वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्तर के अधिकारियों को यह भुगतान उनकी प्रदर्शन समीक्षा प्रक्रिया पूरी होने के बाद किया जाएगा। कंपनी की मानव संसाधन प्रमुख सीमा नायर ने ईमेल में कहा, बोनस देने का हमारा यह साल-ाना पैमाना दिखाता है कि हमने कारोबार और मुनाफे की दिशा में कितनी तरक्की की है। हमने विकास की रफ्तार को बनाए रखते हुए मुनाफे की ओर बढ़ने में बड़ी सफलता पाई है। नायर ने यह भी कहा कि वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली इस कंपनी ने अपने मुख्य कारोबारी क्षेत्रों को मजबूत करने और विकास के नए रास्तों को बढ़ाने में सफलता पाई है।

### आरबीआई ने वीआरआर नीलामी के माध्यम से बैंकों में 25,101 करोड़ रुपये की नकदी डाली

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को तीन दिवसीय परिवर्तनीय रेपो दर (वीआरआर) नीलामी के माध्यम से बैंकों में 25,101 करोड़ रुपये की अल्पकालिक नकदी डाली है। परिवर्तनीय रेपो दर नीलामी आरबीआई की बैंकों में अल्पकालिक नकदी डालने के लिए उपयोग की जाने वाली एक मौद्रिक नीति पहल है। निश्चित रेपो दर के उलट, वीआरआर में ब्याज दर नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित की जाती है, जिससे बैंकों को धनराशि के लिए बोली लगाने की अनुमति मिलती है। आरबीआई ने बयान में कहा कि उसने 5.26 प्रतिशत की कट-ऑफ और भारित औसत दरों पर धनराशि डाली। अग्रिम कर भुगतान के कारण बैंकों में अतिरिक्त नकदी में तेज गिरावट आने के बावजूद डाली गई नकदी 75,000 करोड़ रुपये की घोषित राशि से काफी कम रही।

## शेयर बाजार में तेजी लौटी; सेंसेक्स 325 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत



**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 326 अंक लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 112 अंक चढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, सूचना प्रौद्योगिकी और धातु कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। बाजार में एक समय अच्छी बढ़त देखने को मिली लेकिन ईंधन कीमतों में उछाल के कारण महंगाई बढ़ने की आशंका के बीच दोनों मानक सूचकांकों ने बढ़त का बड़ा हिस्सा गंवा दिया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 325.72 अंक यानी 0.44 प्रतिशत चढ़कर 74,532.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,079.15 अंक यानी 1.45 प्रतिशत उछलकर 75,286.39 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 112.35 अंक यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 23,114.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 343 अंक यानी 1.49 प्रतिशत चढ़कर 23,345.15 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाइटन, एनटीपीसी और सन फार्मा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचडीएफसी बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं।

### सोना 1,914 रुपये बढ़कर 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बीच वैश्विक रूख में मजबूती के कारण वायदा कारोबार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,914 रुपये बढ़कर 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 1,914 रुपये यानी 1.32 प्रतिशत बढ़कर 1,46,868 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों के बाद बाजार के बेहतर होते माहौल से सोने की कीमतों में सुधार को समर्थन मिला। ऑगमोंट की शोध प्रमुख, रेनीशा चैनानी ने कहा कि सोने की कीमतों में सुधार को भू-राजनीतिक चिंताओं के कम होने से समर्थन मिला। अमेरिका और इजराइल के हाल के बयानों से संकेत मिला कि पश्चिम एशिया के महत्वपूर्ण ऊर्जा बुनियादी ढांचों में और व्यवधान का जोखिम कम हो गया है।

## सीबीडीटी ने सरल आयकर कानून के लिए नियमों को अधिसूचित किया, एक अप्रैल से होंगे प्रभावी




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शुक्रवार को आयकर अधिनियम, 2025 के लिए नियमों को अधिसूचित कर दिया। इसमें वेतनभोगियों के लिए मकान किराया भत्ते पर बढ़े हुए कर लाभ का प्रावधान है, लेकिन मकान मालिक-किरायेदार के संबंधों का खुलासा करना अनिवार्य कर दिया गया है। आयकर नियम, 2026 उस सरल प्रत्यक्ष कर कानून को लागू करेंगे, जिसे पिछले साल संसद ने मंजूरी दी थी। यह एक अप्रैल से प्रभावी होगा। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा गया, ''इन नियमों को आयकर नियम, 2026 कहा जा सकता है। ये एक अप्रैल, 2026 से लागू होंगे।'' संसद ने 12 अगस्त, 2025 को छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को बदलने के लिए एक नया आयकर विधेयक पारित किया था। यह कोई नई कर दर लागू नहीं करता है, बल्कि केवल भाषा को सरल बनाता है। जटिल आयकर कानूनों को समझने के लिए ऐसा करना आवश्यक था। इस अधिनियम ने अनावश्यक प्रावधानों और पुरानी भाषा को हटा दिया है और आयकर अधिनियम, 1961 की 819 धाराओं को घटाकर 536 और अध्यायों की संख्या 47 से घटाकर 23 कर दी है। नए आयकर विधेयक में शब्दों की संख्या 5.12 लाख से घटाकर 2.6 लाख कर दी गई है और स्पष्टता बढ़ाने के लिए 1961 के कानून के बोझिल पाठ के स्थान पर पहली बार 39 नई तालिकाएं और 40 नए सूत्र पेश किए गए हैं। नए नियमों में पूंजीगत लाभ, शेयर बाजार के लेनदेन और अनिवासी कराधान के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं, जबकि अन्य खुलासा प्रणाली को सरल बनाया गया है। अधिसूचना में 150 से अधिक आधिकारिक फॉर्म पेश किए गए हैं। आयकर नियम वेतनभोगी करदाताओं पर लागू होने वाले मकान किराया भत्ता (एचआरए) छूट के लिए प्रस्तावित ढांचे को बरकरार रखते हैं। नए नियमों के तहत आठ शहर - मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, अहमदाबाद और बेंगलुरु - वेतन के 50 प्रतिशत की उच्च छूट सीमा के लिए पात्र होंगे, जबकि अन्य सभी स्थान 40 प्रतिशत पर बने रहेंगे। इस समय मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई में वेतनभोगी कर्मचारी अपने वेतन के 50 प्रतिशत तक एचआरए छूट का दावा कर सकते है, जबकि अन्य स्थानों पर रहने वाले 40 प्रतिशत की निचली सीमा के लिए पात्र हैं। नए नियमों के तहत आयकर कटौती का दावा करने के लिए किरायेदार-मकान मालिक के संबंधों के बारे में जानकारी देना जरूरी है और इसमें विदेशी आय पर टैक्स क्रेडिट दावों के लिए लेखा परीक्षकों और कंपनियों की जिम्मेदारी बढ़ाई गई है। इसमें पैन के दोहरीकरण और प्रतिकूल ऑडिट टिप्पणी से पैदा होने वाली कर देनदारी की जांच के लिए लेखा परीक्षकों को अधिक जिम्मेदारी दी गयी है। अधिसूचना पर टिप्पणी करते हुए एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि ये नियम विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रक्रियात्मक स्पष्टता लाते हैं, जिसमें उचित बाजार मूल्य का निर्धारण और सीमा पार संरचनाओं में आय की गणना शामिल है। डेलॉयट इंडिया के भागीदार सुरेश कुमार एस ने कहा, ''विभिन्न कर्मचारी अनुलाभों और छूटों के लिए फिर से व्यवस्थित सीमाओं को देखते हुए नए नियम नियोक्ताओं और कर्मचारियों के लिए बहुत मददगार होने चाहिए। हालांकि ये मुख्य रूप से पुरानी आयकर व्यवस्था वालों के लिए लागू हैं, लेकिन नई व्यवस्था के तहत आने वाले कर्मचारियों को भी लाभ होना चाहिए।''

वर्ष 11, पूर्णांक 3537 अंक 003 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in